e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 10, अंक 315
मंगलवार
21.11.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**

जो व्यक्ति वक्त पर वक्त की कीमत समझ जाता है, वह समाज में लोगों द्वारा सम्मान पाता है !

ताजा खबरों के लिए देखें

## क्विक न्यूज

### तालाब में डूबने से दो की मौत

**गोड्डा :** गोड्डा में छठ पूजा के दौरान तालाब में डूबने से दो लोगों की मौत हो गयी। इसमें एक 10 साल का बच्चा और एक व्यक्ति शामिल है। गोड्डा के मोतिया ओपी क्षेत्र अंतर्गत बिरनिया गांव में तालाब में डूबने से एक व्यक्ति की मौत हुई है। दूसरी घटना बलबड्डा थाना क्षेत्र की है, जहां एक बच्चे की तालाब में डूबने से मौत हो गई।जानकारी के मुताबिक रविवार शाम हीरालाल तांती (30) अर्घ्यदान के पहले दिन स्नान के दौरान तालाब में डूब गया, जिसे लगातार ढूंढने का प्रयास किया जा रहा था।एनडीआरएफ की टीम को देवघर से बुलाया गया। उनके आने तक सोमवार को ग्रामीणों की मदद से शव ढूंढ लिया गया। ये घटना मोतिया ओपी के बिरनिया पंचायत के ततवा टोली की है।दूसरी घटना बलबड्डा थाना क्षेत्र के मधुरा में अशोक यादव का 10 वर्षीय पुत्र पवन यादव अपनी नानी के घर आया था। वह स्नान के दौरान डूब गया।

### तेलंगाना में निर्माणाधीन स्टेडियम का हिस्सा गिरा, तीन लोगों की मौत

**रंगारेड्डी:** तेलंगाना के रंगा रेड्डी जिले के मोइनाबाद गांव में एक बड़ा हादसा हुआ है। यह बन रहे एक स्टेडियम का एक हिस्सा गिर गया। इस हादसे में तीन लोगों के मारे जाने की सूचना है। इसके साथ ही यहां 10 से ज्यादा लोग घायल भी हुए हैं। गहय्लों को अस्पताल भेजा गया है, जहां कई लोगों की हालत गंभीर बताई जा रहा रही है। फिलहाल मौके पर बचाव अभियान चल रहा है।

### उदयाचलगामी भगवान भास्कर को अर्ध्य देने के साथ लोक आस्था का महापर्व छठ संपन्न



**रांची :** उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही लोक आस्था का महापर्व छठ व्रत झारखंड में श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ संपन्न हो गया.महापर्व छठ के चार दिवसीय अनुष्ठान के चौथे दिन सोमवार को सुबह छठ व्रतियों ने पूरी आस्था के साथ उदीयमान सूर्य भगवान को अर्ध्य देकर परिवार के साथ-साथ सभी के लिए सुख और समृद्धि की कामना की.उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के लिए राजधानी रांची में आधी रात के बाद से ही जलाशयों के आसपास मेला जैसा नजारा देखने को मिला.भगवान भास्कर को अर्घ्य देने के लिए दौरा में प्रसाद सजा कर छठ व्रतियों के साथ-साथ हर कदम जलाशयों-तालाबों की ओर बढ़ते दिखे. रांची के अरगोड़ा तालाब, विवेकानंद सरोवर, बटन तालाब, शालीमार तालाब, हटिया डैम, हटनिया तालाब, कांके डैम, स्वर्णरेखा नदी तट के साथ साथ अन्य जलाशयों में छठ पूजा को लेकर जिला प्रशासन और रांची नगर निगम की ओर से विशेष सुरक्षा व्यवस्था और लाइटिंग के बीच छठव्रतियों ने भगवान भास्कर को अर्ध्य दिया और ब्रहांड के कल्याण की कामना भगवान सूर्य से की. इस बार भी बड़ी संख्या में लोगों ने अपने अपने कॉलोनी,आवासीय परिसर के बाहर बनें कृत्रिम तालाब और अपार्टमेंट की छतों पर भी अस्थायी जलाशय निर्माण कर भगवान सूर्य की उपासना की.

**रांची का तापमान**

| | |
|---|---|
| अधिकतम | $27^0$ |
| न्युनतम | $23^0$ |

सुरंग में फंसे 41मजदूरों तक पहुंचा 6 इंच चौड़ा पाइप, अब इसके जरिए भेजा जाएगा खाना

# सुरक्षित हैं टनल में फंसे श्रमिक : सीएम धामी

* पीएम ने सीएम पुष्कर सिंह धामी को फोन कर श्रमिकों के बारे में ली जानकारी



एजेंसी

**देहरादून :** उत्तरकाशी की सुरंग में फंसे मजदूरों को अब संतुलित आहार मिल सकेगा. प्रशासन को इस मामले में बड़ी सफलता हाथ लगी है. प्रशासन ने सुरंग के भीतर तक 6 इंच चौड़ा पाइप भेज दिया है. लंबी मशक्कत के बाद 60 मीटर दूर मजदूर तक मलबा पार कर पाइप पहुंचा है.

एनएचआईडीसीएल के निदेशक अंशू मनीष खलखो ने बताया कि हमने अपनी पहली सफलता हासिल कर ली है. वहां 6 इंच का पाइप लगाया गया है और इसके जरिए हम फंसे हुए मजदूरों की आवाज सुन सकते हैं. उन्होंने बताया कि अब हम उन्हें उस पाइप के जरिए ही प्रॉपर खाना और चिकित्सा आपूर्ति प्रदान करेंगे. इधर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से फोन कर उत्तरकाशी के सिल्क्यारा के पास टनल में फंसे श्रमिकों को सुरक्षित निकालने के लिए जारी राहत और बचाव कार्यों के बारे में जानकारी ली। प्रधानमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा आवश्यक बचाव उपकरण व संसाधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। केंद्र और राज्य की एजेंसियों के परस्पर समन्वय से श्रमिकों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया जाएगा। फंसे श्रमिकों का मनोबल बनाए रखने की जरूरत है। मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य और केंद्रीय एजेंसियां परस्पर समन्वय और तत्परता के साथ राहत और बचाव कार्य में जुटी हैं। टनल में फंसे श्रमिक सुरक्षित हैं और ऑक्सीजन,पौष्टिक भोजन और पानी उपलब्ध करवाया जा रहा है। राहत और बचाव कार्यों के लिए एक्सपर्ट्स की राय लेकर एजेंसियां काम कर रही हैं।

### झारखंड के 15 मजदूर फंसे हैं सुरंग में

#### पीएम लगातार ले रहे हैं जानकारी

घटनास्थल पर राहत और बचाव कार्य लगातार जारी है। मेडिकल की टीम भी वहाँ पर तैनात कर दी गई है। सुरंग के अंदर फंसे सभी मजदूर सुरक्षित हैं और उन्हें जल्द बाहर निकलने की पूरी कोशिश की जा रही है। अब तक प्रधानमंत्री तीन बार मुख्यमंत्री से स्थिति की जानकारी ले चुके हैं। वे लगातार सीएम के संपर्क में हैं।पीएमओ की टीम मौके पर निरीक्षण कर चुकी है और लगातार स्थिति पर नज़र बनाये हुए है और समन्वय कर कार्य कर रही है।

#### 41 मजदूरों को बचाने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन युद्धस्तर पर जारी

उत्तरकाशी सिलक्यारा टनल में फंसे 41 मजदूरों को बचाने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन युद्धस्तर पर जारी है। इस ऑपरेशन के तहत पांच प्लान पर कार्य करने के लिए केंद्र व राज्य सरकार के उच्चाधिकारी सिलक्यारा में ही डेरा डाले हुए हैं। इन तमाम उच्चाधिकारियों ने विशेषज्ञों के साथ सुरंग के भीतर से लेकर इसके ऊपर की पहाड़ी तक दिनभर अनेक बार निरीक्षण कर ड्रिलिंग मशीनों के लिए प्लेटफार्म तैयार करने की कार्रवाई का जायजा लिया। साथ ही संबंधित अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। सुरंग के अंदर ड्रिलिंग मशीन को भी भूस्खलन से बचाने के लिए कंक्रीट ब्लॉक से ढका गया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इन कंक्रीट ब्लॉक को बीआरओ ने विशेष रूप से भेजा है।

# राजस्थान में बन रही भाजपा की सरकार : पीएम मोदी

**पीएम मोदी ने कहा कि राजस्थान की कांग्रेस सरकार के लिए भ्रष्टाचार से ऊपर और कुछ नहीं है, यहां की कांग्रेस सरकार के लिए परिवारवाद ही सबकुछ है. दुर्भाग्य से यहां पिछले 5 साल जो कांग्रेस सरकार रही है, उसने लोगों को विकास में और पीछे धकेल दिया.**



एजेंसी

**जयपुर :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राजस्थान के पाली में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कांग्रेस सरकार पर जमकर हमला बोला. पीएम मोदी ने कहा कि राजस्थान की कांग्रेस सरकार के लिए भ्रष्टाचार से ऊपर और कुछ नहीं है, यहां की कांग्रेस सरकार के लिए परिवारवाद ही सबकुछ है. दुर्भाग्य से यहां पिछले 5 साल जो कांग्रेस सरकार रही है, उसने लोगों को विकास में और पीछे धकेल दिया. इसके साथ ही पीएम मोदी ने दावा किया कि राजस्थान में भाजपा की सरकार बन रही है. पीएम मोदी ने कहा कि पाली कभी पाला बदलता ही नहीं है. हिंदुस्तान में कहीं भी जाकर देखिए, खासकर गुजरात में तो कोई जिला ऐसा नहीं मिलेगा, जहां पाली वाला भाजपा का झंडा लेकर न खड़ा हो. आज बड़े विश्वास से मैं 2 बात कह रहा हूं,पाली का भाजपा कार्यकर्ता और सोजत की मेंहदी का रंग,ये कभी भी उतरते नहीं हैं. दूसरी-पिछले कुछ दिनों से मैं राजस्थान में जहां-जहां गया हूं, वहां एक स्वर में एक ही आवाज सुनाई दे रही है- जन जन की है यही पुकार, आ रही है भाजपा सरकार.

अशोक गहलोत सरकार पर हमला करते हुए पीएम मोदी ने कहा,राजस्थान में ऐसी सरकार जरूरी है,जो प्रदेश के विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दे.दुर्भाग्य से यहां पिछले 5 साल जो कांग्रेस सरकार रही है,उसने लोगों को विकास में और पीछे धकेल दिया है. यहां की कांग्रेस सरकार के लिए भ्रष्टाचार से बड़ा कुछ भी नहीं है. यहां की कांग्रेस सरकार के लिए परिवारवाद ही सबकुछ है.यहां की कांग्रेस सरकार तुष्टिकरण के अलावा कुछ नहीं सोचती।

### देश के लिए बीजेपी ने कुछ नहीं किया : कांग्रेस



**जयपुर :** कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोमवार को बीजेपी पर हमला करते हुए कहा कि इनके लोगों ने देश के लिए कुछ नहीं किया है.सिर्फ बड़ी-बड़ी बाते करते हैं.मल्लिकार्जुन खरगे ने राजस्थान के हनुमानगढ़ में चुनावी रैली करते हुए कहा,देश को आजाद कराने वाली कांग्रेस है. बीजेपी और आरएसएस ने खून की बूंद का कतरा तक नहीं बहाया है. कितने बीजेपी के लोग जेल गए हैं. कितने बीजेपी के लोग देश के लिए लड़े हैं. कांग्रेस पंजाब, हरियाणा, मध्य प्रदेश और पश्चिम बंगाल सहित सभी जगहों पर लड़ी है. पंडित जवाहरलाल नेहरू और बाबासाहेब आंबेडकर ने मिलकर देश का संविधान बनाया.

# मुख्यमंत्री 28 को लोहरदगा में, तैयारीयों में जुटा प्रशासन

प्रभात मंत्र संवाददाता



**लोहरदगा :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 28 नवंबर को लोहरदगा जायेंगे। कार्यक्रम को लेकर प्रशासनिक तैयारी तेज हो चुकी है। मुख्यमंत्री यहां पर राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रम में भाग लेंगे। कार्यक्रम को लेकर प्रशासन की ओर से सुरक्षा और व्यवस्था को मजबूत किया जा रहा है। उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण और एसपी हारिस बिन जमां पूरी व्यवस्था की समीक्षा कर रहे हैं। झारखंड मुक्ति मोर्चा के स्तर से भी कार्यक्रम को लेकर तैयारी की जा रही है। झारखंड सरकार द्वारा लोहरदगा जिले में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम 24 नवंबर से लेकर 26 दिसंबर तक पंचायतवार आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का निर्देश झारखंड सरकार के मुख्य सचिव के स्तर से दिया गया है, जिसके बाद जिला प्रशासन ने अलग-अलग तिथियां में अलग-अलग पंचायत में इस कार्यक्रम के आयोजन को लेकर पूरी रूपरेखा तय की है। सबसे पहले 24 नवंबर को उत्क्रमित बुनियादी उच्च विद्यालय मैदान सेन्हा के अलावे अन्य दो पंचायत में यह कार्यक्रम प्रारंभ होगा। इसके बाद अंतिम रूप से 26 दिसंबर को उत्क्रमित मध्य विद्यालय सेन्हा के अलावा अन्य दो पंचायत में यह कार्यक्रम आयोजित करते हुए पूरे अभियान का समापन किया जाएगा।मुख्यमंत्री 28 नवंबर को लोहरदगा जाएंगे। इस बात की पुष्टि झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला अध्यक्ष मोजम्मिल अहमद ने की है। झामुमो जिला अध्यक्ष ने कहा है कि मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। कार्यक्रम को लेकर स्थल निरीक्षण किया जा रहा है। प्रशासनिक तौर पर भी तैयारी की जा रही है। डीसी, एसपी द्वारा अलग-अलग स्थलों का निरीक्षण भी किया गया है।

# लातेहार : आदिवासी लड़की का संदिग्ध अवस्था में शव बरामद

* आक्रोशित ग्रामीणों ने किया थाने का घेराव

प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार :** जिले के चंदवा थाना क्षेत्र अंतर्गत रेलवे ओवरब्रिज के पास सोमवार को एक आदिवासी लड़की का संदिग्ध अवस्था में शव बरामद हुआ है। मृतक लड़की की पहचान हो गयी है। वह चंदवा प्रखंड की रहने वाली है।

हालांकि कुछ लोगों के द्वारा लड़की की दुष्कर्म के बाद हत्या किए जाने की भी सम्भावना जताई जा रही है। हालांकि पुलिस अभी इस संबंध में बिना जांच किए कुछ भी बताने से इनकार कर रही है। जानकारी के अनुसार सोमवार को कुछ लोगों ने रेलवे ओवर ब्रिज के पास एक लड़की का शव पड़ा हुआ देखा। स्थानीय लोगों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी।

घटना की जानकारी मिलने के बाद थाना प्रभारी शुभम कुमार के नेतृत्व में पुलिस की टीम घटना स्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में ले लिया।



लड़की के परिजनों को घटना की जानकारी दी गई। मृतक के परिजनों ने बताया कि उनकी बेटी छठ महापर्व में चंदवा के नदी घाट पर गई थी।

वहीं घटना की जानकारी मिलने के बाद भारी संख्या में लोग चंदवा थाना पहुंच गए और घटना के विरोध में आक्रोश जताने लगे। ग्रामीणों के द्वारा पुलिस से मांग की जा रही थी कि मामले की जांच करते हुए दोषियों को अविलंब गिरफ्तार करें। थाना प्रभारी शुभम कुमार ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि पुलिस पूरे मामले की आरंभ कर दी है। जल्द ही पूरे घटनाक्रम का खुलासा करते हुए दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाई जाएगी। इधर स्थानीय लोगों ने विरोध जताते हुए पुलिस से मामले का खुलासा करते हुए अपराधियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की है। स्थानीय लोगों की मांग है कि घटना में जो भी शामिल अपराधी हैं उनकी तत्काल गिरफ्तारी हो और उन्हें कड़ी से कड़ी सजा मिले। आक्रोशित ग्रामीणों ने थाना का घेराव भी किया।

# झारखंड पवेलियन में खूब पसंद की जा रही है ट्राइबल पेंटिंग की ज्वेलरी

एजेंसी

**नई दिल्ली :** दिल्ली का प्रगति मैदान मेला अब सामान्य लोगों के लिए खोल दिया गया है। मेले में खासी भीड़ देखने को मिल रही है। मेले के फोकस स्टेट में एक झारखंड पवेलियन में खूब भीड़ आ रही है। लोग झारखंड प्रदेश की जानकारी के साथ साथ उत्पादों की भी खरीदारी कर रहे हैं।

झारखंड पवेलियन में ही परितिप्ति हैंडमेड ज्वेलरी की स्टॉल पर खासी भीड़ देखने को मिल रही है। परितिप्ती की स्टॉल पर फैब्रिक पर ट्राइबल पेंटिंग की ज्वेलरी की बिक्री की जा रही है। परितिप्ती की फैब्रिक ज्वेलरी जितनी पसंद की जा रही उससे ज्यादा लोग स्टॉल संचालक और परितिप्ति की काजल नंदी की कहानी में दिलचस्पी लेते दिख रहे हैं।

झारखंड के जमशेदपुर की काजल बताती है कि उनको शुरू से ही प्रेरक कहानियां पढ़ने का शौक था। कैसे लोग छोटी उम्र में बड़ी कामयाबी तक पहुंच रहे हैं। 20वर्षीय काजल का कुछ अपना करने और स्वावलंबी बनने के सपना में उनके पिता की आर्थिक स्थिति बाधा बन रही थी। ऐसे में उनके सहपाठी अनिल ने उनको आर्थिक सहायता दी और पैसों की सहायता से काजल ने 2019 से फैब्रिक पर ट्राइबल पेंटिंग कर




ज्वेलरी बनाने का सफर शुरू किया। वर्तमान में उनके साथ 20 से अधिक महिलाएं काम कर रही है। भविष्य में उनकी योजना और महिलाओं को साथ जोड़ते हुए अपने बिजनेस को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाने की है।ऑनलाइन सेलिंग से शुरू किए गए इस बिजनेस को वो पहली बार विश्व व्यापार मेले में लाई हैं। उनका सामान देश के अलावा अमेरिका, लंदन, मलेशिया, सिंगापुर तक भेजा जा चुका है। काजल का मानना है कि एक दिन वो दुनिया के अधिक से अधिक देश में अपनी बनाई ज्वेलरी पहुचाएंगी। झारखंड पवेलियन में काजल नेकलेस, चोकर सेट, पेंडेंट, बेंगल, फिंगर रिंग, वेस्ट बेल्ट, इयररिंग आदि को बिक्री कर रही हैं।

जिनकी कीमत 65 रुपए से शुरू हो कर 500 रुपए तक है। लगभग चालीस लाख रुपए सालाना का कारोबार करने वाली काजल अपने साथ दूसरों को भी रोजगार प्रदान करा रही हैं और समाज में खुद एक प्रेरणा बन रही हैं।

# छठ पूजा का अर्घ्य देकर लौट रहे एक ही परिवार पर फायरिंग, 3 की मौत, 3 घायल

एजेंसी

**लखीसराय (बिहार) :** बिहार के लखीसराय कबैया थाना क्षेत्र के पंजाबी मुहल्ला में अपराधियों ने सोमवार को बड़ी वारदात को अंजाम दिया.कबैया थाना क्षेत्र के पंजाबी मोहल्ला में अंधाधुंध फायरिंग की गई, जिसमें एक ही परिवार के छह लोगों को गोली लगी, जिसमें से 3 की मौत हो गई. घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया. सभी को आनन-फानन में इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है.घायल दो महिला एवं 3 पुरुष शामिल हैं,जिसमें दो की हालत चिंताजनक है. सूचना मिलते ही कबैया थाना पुलिस सदर अस्पताल पहुंच कर तफ्तीश में जुट गई.बताया जा रहा है कि घायलों में मृतकों की पत्नी, बहन और पिता शामिल हैं.

असर्फी हॉस्पीटल
आपका अपना सुपर स्पेशिएलिटी हॉस्पिटल
हृदय रोग विशेषज्ञों की टीम


दिन : सोमवार से शनिवार
समय: सुबह 10 बजे से 2 बजे तक
7808368888
www.asarfihospital.com

# छठ घाट पर भव्य व दिव्य गंगा आरती का किया गया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** नव युवक क्लब चचेरिया के तत्वाधान में सूर्यमंदिर के निकट बांकी नदी पर बने छठ घाट पर भव्य व दिव्य गंगा आरती का आयोजन किया गया. गंगा आरती का शुभारंभ पूर्व विधायक अनन्त प्रताप देव उर्फ छोटे राजा एवं झामुमो युवा नेता दीपक प्रताप देव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया. वाराणसी से आये विद्वान आचार्यों के द्वारा वैदिक मंत्रोचार के बीच गंगा आरती किया गया। गंगा आरती में बड़ी संख्या में महिला व पुरुष श्रद्धालु शामिल हुये। गंगा आरती के अवसर पर पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव ने कहा कि गंगा आरती के दौरान उमड़ी भीड़ को देख कर वाराणसी और हरिद्वार में रहने का एहसास हो रहा है। उन्होंने कहा कि यहां कई दशकों से छठ महापर्व होते आ रहा है। जहां झारखंड के अलावे कई अन्य राज्यों से लोग छठ करने आते है। उन्होंने कहा कि विगत तीन वर्षो से लगातार नवयुवक क्लब की ओर से भव्य गंगा आरती का आयोजन किया जा रहा है, जो सराहनीय है। आने वाले दिनों में यह कोशिश करेंगे कि इस आयोजन को और भव्यता दिया जाये। गंगा आरती में विहिप के राजेश प्रताप देव, चेंबर ऑफ कॉमर्स के शंभूनाथ सौदागर, उपाध्यक्ष हृदयानंद कमलापुरी, राम प्रसाद कमलापुरी, अनुमंडल विधायक प्रतिनिधि ओम प्रकाश गुप्ता, झामुमो नेता मुक्तेश्वर पांडेय, सूर्यदेव मेहता, रवि प्रकाश, तस्लीम खान, अनूप निराला, मंदीप कमलापुरी, गोपाल जायसवाल, रजनीकांत मधुर उर्फ भोलू, अशोक जायसवाल, कामेश्वर प्रसाद, कमलेश कुमार, अजय प्रसाद, नवयुवक क्लब के अध्यक्ष मनोज कुमार भाई जी, राहुल कुमार कमलापुरी, राजू कुमार मेहता, मनीष कुमार कमलापुरी, मिक्की जायसवाल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्त उपस्थित थे।

## प्रखंड प्रमुख ने छठ घाट पर पूजा सामग्री का किया वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** लोक आस्था का महापर्व छठ व्रत को लेकर प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी के द्वारा बिलासपुर पंचायत के सभी छठ घाटों पर जाकर पूजा सामग्री का वितरण किया गया। इस अवसर पर प्रमुख उर्मिला देवी ने कहा कि प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा के अवसर पर बिलासपुर, गंगटी सहित अन्य छठ घाटों पर जाकर छठव्रतियों के बीच पूजा सामग्री का वितरण किया गया। उन्होंने कहा कि छठ लोक आस्था एवं सूर्योपासना का महापर्व है। मौके पर पूर्व प्रमुख रविंद्र पासवान सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## जय भामाशाह क्लब के तत्वावधान में सूर्य मंदिर के निकट भव्य भंडारा का किया गया आयोजन



**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जय भामाशाह क्लब के तत्वावधान में रविवार की शाम सूर्य मंदिर के निकट भव्य भंडारा का आयोजन किया गया। भंडारा का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व विधायक सह झामुमो नेता अनन्त प्रताप देव व क्लब के अध्यक्ष रजनीकांत मधुर उर्फ भोलू ने श्री बंशीधर मंदिर व सूर्य मंदिर मे भोग लगा कर, भंडारा का पूजन कर तथा श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण कर किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक अनन्त प्रताप देव ने कहा कि जय भामाशाह क्लब के द्वारा भव्य भंडारा का आयोजन किया गया है, जो काफी सराहनीय है। उन्होंने कहा कि भंडारा कराना पुण्य का काम है। भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। मौके पर संरक्षक भारत भूषण प्रसाद, कामेश्वर प्रसाद, बिरेन्द्र अग्रहरि, अशोक जायसवाल, बबलू जायसवाल, संजीत कुमार छोटू, पप्पू अनमोल, ओम प्रकाश, विकाश कुमार शालू, आनंद जायसवाल, चंदन गुप्ता, अध्यक्ष रजनी कांत मधुर (भोलू), सचिव नित्यानंद कुमार, उपाध्यक्ष बबलू केशरी, सूरज कुमार, कोषाध्यक्ष अनिल मेहता, ऋतुराज जायसवाल, दिनेश जायसवाल, दिनेश गुप्ता, आशीष गुप्ता, विनोद कांयकार, अनूप निराला, कमलेश मेहता, मिंटू कुमार, अमित कुमार, बिकु कुमार अमित अग्रहरि, उज्ज्वल रंजन सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## टीम सूर्या के बैनर तले 41 गांव में हुआ पूजा सामग्री व फलाहार का वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा को लेकर हर साल की तरह इस वर्ष भी टीम सूर्या के बैनर तले हुसैनाबाद हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र के 41 गांव में फलाहार का वितरण किया गया। जिन गांव में वितरण किया गया उसमे हुसैनाबाद के जयप्रकाश चौक जपला, गईता पोखरा, नहर मोड़ जपला, दंगवार, देवरी, महुदंड, अमही, इमलिया टिकर, डंडीला, पथरा, पोलडीह, पिपरा के सरैया कुंडपर, टंडवा जगदीशपुर, तेंदुई पंचायत भवन, हसनपुर, मधुबाना, दमवा, बरदाग, जीतपुर, पिपरा बाजार, अंधारीबाग, डिहरिया, दलपतपुर, मसूरिया, चपरबार, लईचूडीह, गेरुआधाम, धवतर, बभंडी, सोनबे, मोहम्मदगंज के मोहम्मदगंज बाजार, कादल, हैदरनगर के शिवालापर, कोइरी मोहल्ला हैदरनगर, दीवान बीघा, कुकही, सड़ेया, कबरा, परता, बभंडी, बरवाडीह बाजार, बरेवा के अलावा डाल्टनगंज व हरिहरगंज में भी ईख का वितरण किया है। विभिन्न गांव के छठ घाटों पर कार्यकर्ताओं ने ईख व फलाहार का वितरण किया व छठ महापर्व में घाट पर हर संभव मदद की। सूर्या सिंह ने कहा कि यह सिलसिला विगत 16 वर्षो से चल रहा है, आगे भी यह जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि उनका और विधायक कमलेश कुमार सिंह का यह प्रयास रहता है की किसी के पर्व त्योहारों में कोई कमी नहीं रहे। उनसे जितना बनता है। सहयोग करने का प्रयास करते हैं। उन्होंने इस कार्यकाल में दो दर्जन से अधिक छठ घाटों का निर्माण कराने के साथ साथ हैदरनगर के मुख्य छठ घाट पर नाला निर्माण व डीप बोरिंग की व्यवस्था कराई है। आगे भी जरूरत के मुताबिक कार्य किए जायेंगे।

## त्रिवेणी सरोवर घाट पर उदीयमान सूर्य को अर्घ देने के साथ समाप्त हुआ महापर्व छठ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** लोक आस्था के महापर्व छठ सोमवार को व्रतियों ने 36 घंटे का निर्जला उपवास समाप्त हुआ वहीं हुसैनाबाद प्रखंड के लंगर कोट गांव स्थित त्रिवेणी सरोवर छठ घाट पर सुबह से ही घंटों खड़े पानी में कतार बंध सुप एवं समस्त पूजा समाग्री व्रतधारियों ने उगते सूर्य को अर्घ्य देने के लिए इंतजार किया और समय से उगते सूर्य भगवान को अर्घ्य देकर मनोकामना पूर्ति होने का आशीर्वाद प्राप्त किया इसके बाद फल और प्रसाद से भरा दउरा सुप लेकर अपना अपना घर प्रस्थान किया मौके पर त्रिवेणी सुर्य मन्दिर पुजारी रामप्रवेश चौधरी को भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य संह त्रिपुरा प्रभारी अशोक सिंह उपप्रमुख इंदू देवी शिक्षक मनोज कुमार चौधरी सहित छठ पूजा समिति ने अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया छठ पूजा उपस्थित आचार्य रामाकांत तीवारी भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य संह त्रिपुरा प्रभारी अशोक सिंह उपप्रमुख इंदू देवी शिक्षक मनोज कुमार चौधरी समाजसेवी पवन कुमार पटेल सुदेश्वर प्रसाद गुप्ता सहेनद्र कुमार ठाकुर शिवपूजन चौधरी विगन सिंह सुरेन्द्र कुमार चौधरी अंतू कुमार पटेल सुरज कुमार पासवान अशोक कुमार ठाकुर पंकज कुमार ठाकुर शैलेश कुमार चौधरी कमलेश कुमार चौधरी जीतेन्द्र कुमार पासवान दिनेश्वर चौधरी नन्दलाल चौधरी अरूण कुमार सिंह अरविंद कुमार शर्मा अंगद कुमार अजय कुमार शर्मा महेंद्र चौधरी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## पिपरा में दर्जनों समाजसेवियों ने किया पूजा सामग्री व फल का वितरण



**पिपरा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पिपरा प्रखंड क्षेत्र में लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा के उपलक्ष पर प्रखंड क्षेत्र के दर्जनों समाजसेवियों ने घर घर जाकर छठ व्रत करने वालों के बीच पूजा सामग्री एवं फल का वितरण किया। बरदाग ग्राम मे टीम कार्तिक कुमार यादव एवं उनके सहयोगी मुकेश यादव राजू कुमार यादव पवन चंद्रवंशी धीरज चंद्रवंशी जितेंद्र दीपक यादव इंदल यादव अरविंद यादव रणधीर कुमार अशोक कुमार नितीश कुमार के द्वारा छठ घाट का साफ सफाई करने के साथ-साथ पूजा सामग्री का वितरण किया गया। कार्तिक यादव ने कहा कि मैं अपने सहयोगियों के साथ अपने ग्राम वासियों के लिए दिन-रात आगे भी खड़ा रहूंगा। वही पिपरा प्रखंड प्रमुख विक्रांत सिंह यादव ने प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांव में जाकर पूजा सामग्री का वितरण किया। प्रखंड प्रमुख का सहयोग बबलू सिंह हरि यादव सहित अन्य लोग कर रहे थे । साथ ही ग्राम अंधारीबाग के युवा नेता रंजीत कुमार गुप्ता के तरफ से भी हर साल की भांति इस साल भी फल फूल का वितरण किया गया उनके सहयोग में ऋषभ रंजन गुप्ता एवं उनके दर्जनों साथी लगे हुए थे। वहीं प्रखंड क्षेत्र के ग्राम मधुबाना में टीम सूर्य के बैनर तले प्रिंस कुमार सिंह सुनील कुमार सिंह विवेक कुमार सहित अन्य लोगों के नेतृत्व में पूजा सामग्री का वितरण किया गया। तेंदुइ के मुखिया प्रतिनिधि सह वरिष्ठ समाजसेवी अरविंद सिंह के नेतृत्व में भी फल फूल एवं पूजा सामग्री का घर-घर जाकर वितरण किया गया श्री सिंह ने कहा कि भगवान भास्कर पुरे पंचायत वासियों को खुशहाल रखें एवं मुझे इतनी शक्ति दे की मैं अगले साल अपने पंचायत के लोगों के सहयोग में और बढ़-चढ़कर भाग लूं। उनके सहयोग में विमलेश कुमार सिंह जयप्रकाश सिंह भीम सिंह सहित अन्य लोग लगे हुए थे प्रखंड क्षेत्र में हर्ष उल्लास के साथ-साथ शांतिपूर्वक संपन्न हुआ।

## जिप उपाध्यक्ष टूटू सिंह ने किया छठ व्रतियों के बीच फलाहार का वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** हुसैनाबाद शहर के जेपी चौक के समीप जिला परिषद उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टूटू सिंह ने छठ व्रतियों के बीच फल व पूजा सामग्री वितरण किया। साथ ही उन्होंने फलाहार से भरे दर्जनों वाहन को ग्रामीण क्षेत्र में छठ व्रतियों के बीच वितरण के लिए रवाना किया। स्टॉल लगाकर पूजन सामग्री का वितरण उन्होंने सहयोगियों के साथ करते हुए कहा कि छठ महापर्व में जिसे जितना भी सहयोग बने उतना करना चाहिए। उन्होंने क्षेत्रवासियों के लिए मंगलकामना करते हुए कहा कि गरीब इलाकों में भी जो अत्यंत गरीब हैं व छठ महापर्व करने में सक्षम नहीं है, वैसे व्रतियों को भी छठ पूजा सामग्री उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भगवान भाष्कर के असीम कृपा से क्षेत्र में सुख समृद्धि की कामना करता हु। मौके पर समाजसेवी एजाज हुसैन उर्फ छेदी खान, जाकिर अली उर्फ राज अली, संजय पाठक, धर्मेंद्र सिंह, निर्मल यादव, राजेश सिंह, मुन्ना सिंह, राजेश्वर सिंह, प्रमोद सिंह, अनुज सिंह, प्रदीप सिंह समेत कई अन्य लोग मौजूद थे।

## मुखिया ने किया छठ व्रतियों के बीच प्रसाद का वितरण




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नौड़ीहा बाजार (पलामू) :** नौड़ीहा बाजार प्रखंड के विशुनपुर पंचायत के मुखिया जितेंद्र कुमार भारती ने छठ व्रतियों के बीच फल व पूजा समाग्री वितरण किया। मौके पर उन्होंने कहा कि लोक आस्था और सूर्य उपासना के महा पर्व मे जिसे जितना सहयोग बने उसे सहयोग अवश्य करें और पुण्य के भागी जरूर बनना चाहिए। साथी ही साथ विशुनपुर पंचायत के पूर्व मुखिया प्रत्याशी चंद्र भुषण कुमार सिंह उर्फ़ छोटन सिंह ने भी अपने पंचायत क्षेत्र भ्रमण कर सूर्य भगवान की उपासना और छठ व्रतियों के बीच घर-घर जा कर पूजा समाग्री और फल वितरण किया। वही पर भाजपा युवा मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष रौशन सिंह ने भी छठ व्रतियों के बीच फल व पूजा समाग्री का वितरण करते हुए उन्होने ने कहा कि भगवान् भास्कर के असीम अनुकम्पा की कृपा से अपने प्रखंडवासियों की सुख समृद्धि की कामना करता हुँ। मौके पर पंचायत समिति शत्रुधन साव, संतोष ठाकुर, रामशीष कुमार सिंह, राकेश कुमार सिंह, अनीश कुमार, छोटेलाल कुमार रजक, चन्दन कुमार, उमेश राम के आलावा चिंटू सिंह, झुना सिंह, उज्जवल कुमार सिंह, विजय राम, समेत काफी संख्या मे मौजूद थे।

## मोटरसाइकिल और कार में सीधी टक्कर, एक गंभीर




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**छतरपुर :** छतरपुर उदयगढ़ मोड़ के पास सड़क दुर्घटना में मोटरसाइकिल सवार गंभीर रूप से घायल हो गया छतरपुर नवनिर्मित फोर लाइन पर लगातार हो रही है सड़क दुर्घटना से लोगों की जाने जा रही है सोमवार की शाम छतरपुर की ओर से जा रहा स्प्लेंडर जेएच 03 ए ई 5590 मोटरसाइकिल और हरिहरगंज की तरफ से छठ पूजा कर आ रहे स्विफ्ट कार में सीधी टक्कर हो टक्कर इतनी जबरदस्ती की मोटरसाइकिल सवार कर के शीशे से जा टकराया जिसमें मोटरसाइकिल सवार गंभीर रूप से घायल हो गया मोटरसाइकिल सवार गुरदी ग्राम का बताया जा रहा है लोगों ने उसे अनुमंडलीय अस्पताल छतरपुर भेजो जहां डॉक्टर ने गंभीर बताते हुए मेदनीनगर रेफर कर दिया।

## अमानत नदी तट पर आयोजित गंगा आरती में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**पंडवा (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** छठ महापर्व के अवसर पर लायंस क्लब आफ डालटनगंज द्वारा अमानत नदी के तट पर गंगा आरती का आयोजन किया गया। इसका उदघाटन पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी, एसडीओ अनुराग तिवारी, एसडीपीओ सुरजीत कुमार, क्लब के अध्यक्ष आलोक माथुर ने संयुक्त रूप से किया. पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने कहा कि छठ महापर्व लोक आस्था का महापर्व है. लायंस क्लब ने छठ व्रतियों के लिए जो सुविधा उपलब्ध कराई है वह बहुत ही सराहनीय है. एसडीओ अनुराग तिवारी ने कहा कि पवित्रता व आस्था का महापर्व छठ पूजा से मिले ऊर्जा को हम सभी को सकारात्मक कार्यों में लगाते हुए समाज व देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाना चाहिए. एसडीपीओ सुरजीत कुमार ने कहा कि पवित्रता, स्वच्छता व आस्था का महापर्व छठ पूजा के अवसर पर हमें हमेशा सहयोग करने की भावना को विकसित करनी चाहिए. अध्यक्ष आलोक माथुर ने बताया कि लायंस क्लब पिछले 30 वर्षों से अमानत नदी के तट पर छठ व्रतियों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के लिए हर संभव प्रयास करते आ रही. उन्होंने बताया कि पिछले 10 वर्षों से वाराणसी के पंडितों द्वारा गंगा आरती किया जा रहा है. गंगा आरती में छठ व्रतियों के अलावा काफी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी. इस मौके पर संजय कुमार, रितेश कुमार, समीर खन्ना, रूपेश कुमार, प्रभात अग्रवाल, ब्रजेश तिवारी, राहुल चतुर्वेदी सहित कई लोग मौजूद थे।

## लोक आस्था का महापर्व छठ उदयीमान सूर्य को अर्घ के साथ हुआ संपन्न



**इम्तेयाज@प्रभात मंत्र**

**केतार (गढ़वा) :** लोक आस्था और उपासना का महापर्व छठ सोमवार को उदीयमान सूर्य को अर्धय देने के पश्चात संपन्न हुआ। यह चार दिवसीय छठ महापर्व 17 नवंबर शुक्रवार को नहाय खाए से शुरू होकर सोमवार 20 नवंबर को उदयीमान सूर्य को अर्धय दान के बाद संपन्न किया गया। ज्ञात हो कि हर साल की भांति इस वर्ष भी गढ़वा जिले के केतार प्रखंड में स्थित सूर्यनारायण वन मुकुंदपुर के परिसर में श्रद्धालुओं का भीड़ लगभग लाखो के करीब आकलन किया गया। पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी आए हुए श्रद्धालुओं को मंदिर विकास समिति की ओर से सुरक्षा के दृष्टिकोण से जगह-जगह सीसीटीवी कैमरा लगाई गई थी वही मंदिर परिसर में कड़ी प्रशासनिक सुरक्षा, जलकुंड, झरना, स्वास्थ्य कैंप, बेहतर लाइटिंग, वाहन पार्किंग, के साथ-साथ शुद्ध पेयजल की समुचित व्यवस्था की गई थी।

**सबसे खास बात उक्त मंदिर की उत्पति :** यह है कि हर वर्ष लाखों श्रद्धालु का सच्चे मन से मांगी गई मुरादे पूरी होती है। हर वर्ष पुत्र की अभिलाषा लिए आय माताएं को पुत्र की प्राप्ति होती है। वही हर साल की भांति इस साल भी भगवान भास्कर सूर्यनारायण वन परिसर में एक महिला की पुत्र रत्न की प्राप्ति हुई है। मान्यताए यह भी है की छठ महापर्व के दिन इस स्थल पर जन्म लेने वाला संतान भाग्यशाली हुआ करते हैं। **कार्यक्रम को सफल बनाने में :** प्रतिनियुक्ति दंडाधिकारी के साथ-साथ प्रभारी प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचल पदाधिकारी नंदजी राम, थाना प्रभारी कमलेश कुमार महतो, पु0अ0नि0 दिनेस कुमार मरांडी,स0अ0नि0 उस्मान शेख, दिनेश चन्द्र मांझी,अरुण कुमार यादव, श्री बंशीधर प्रभारी अनुमंडल चिकित्सा पदाधिकारी गोखुल प्रसाद कमलापुरी, मंदिर विकास समिति के अध्यक्ष योगेंद्र कुमार सिंह, सचिव रविकांत चंद्रवंशी, संरक्षक अजय वर्मा, सहित पुलिस बल के जवानों एवं नियुक्त बुलेटियर्स का अहम योगदान रहा।

## उदयीमान भगवान सूर्य को अर्घ प्रदान करने के साथ लोक आस्था का महापर्व छठ हर्षोल्लास के साथ शांतिपूर्ण सम्पन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** अनुमंडल मुख्यालय सहित आस पास के क्षेत्रों में उदयीमान भगवान सूर्य को अर्घ्य प्रदान करने के साथ लोक आस्था का महापर्व छठ हर्षोल्लास के साथ शांतिपूर्ण सम्पन्न हो गया.समाचार लिखे जाने तक कहीं से किसी अप्रिय घटना की जानकारी नही है.अनुमंडल मुख्यालय में बांकी नदी के तट पर अवस्थित अति प्राचीन सूर्यमंदिर परिसर स्थित छठ घाट पर बड़ी संख्या छठ व्रतधारियों ने उदयीमान भगवान सूर्य को अर्घ्य प्रदान किया.विभिन्न स्वयं सेवी संगठनों ने व्रतधारियों की सुबिधा के लिये साफ सफाई से लेकर बैठने तक कि व्यवस्था किया था.प्रभात क्लब व नवयुवक क्लब ने व्रतधारियों के स्नान के लिये कृत्रिम झरना लगाया था। प्रभात क्लब द्वारा छठ घाट व परिसर की साफ सफाई के साथ साथ रोशनी व ध्वनि की व्यवस्था किया गया था। क्लब ने सूर्यमंदिर परिसर में ही नियंत्रण कक्ष बनाया था। नवयुवक क्लब द्वारा बालिका उच्च विद्यालय के सामने गली से छठ घाट तक साफ सफाई, रोशनी व ध्वनि के साथ साथ व्रतधारियों को बैठने की व्यवस्था किया गया था। क्लब ने अपना नियंत्रण कक्ष पंचमुखी शिव मंदिर के निकट बनाया था। जय भामाशाह क्लब द्वारा बस स्टैंड से सब्जी बाजार होते छठ घाट तक सूर्य मंदिर के उत्तर में पूरा साफ सफाई, प्रकाश, ध्वनि के साथ साथ व्रतधारियों को बैठने की व्यवस्था भी किया था। क्लब द्वारा अपने नियंत्रण कक्ष के समीप भव्य भंडारा का आयोजन किया गया था। जय भारत क्लब ने एन एच 75 से नगर पंचायत कार्यालय तक साफ सफाई के साथ साथ प्रकाश व ध्वनि की व्यवस्था किया था.नगर पंचायत कार्यालय के निकट ही क्लब के नियंत्रण कक्ष था वहीं स्वास्थ्य विभाग द्वारा भी शिविर लगाया गया था। फ्रेन्ड्स रॉक ग्रुप ने व्रतधारियों को बैठने के लिये व्यापक इंतजाम किया था.सभी क्लबो के सदस्य पूरे रात छठ परिक्षेत्र में भ्रमण करते दिखे वहीं पुलिस बल जगह जगह मुस्तैद दिखे। राजनीतिक दलों के नेताओ व कार्यकर्ताओं को भी छठ परिक्षेत्र का भ्रमण करते देखा गया।

**संक्षिप्त खबरें**

### रांची के पांच स्थानों पर लगाया गया कॉन्वेक्स मिरर

**रांची :** रांची में ट्रैफिक पुलिस और रोड सेफ्टी की ओर से पांच स्थानों पर कॉन्वेक्स मिरर इंस्टॉल किया गया है। कॉन्वेक्स मिरर एसएसपी आवास, एटीआई मोड़, लेक व्यू हॉस्पिटल कटिंग बरियातु, मेन रोड ओवरब्रिज के नीचे और कडरू ब्रिज के नीचे इंस्टॉल किया गया है। ट्रैफिक एसपी कुमार गौरव ने सोमवार को बताया कि शहर में तीखी मोड़ पर दुर्घटना को कम किया जा सके। इसलिए संयुक्त रूप से ट्रैफिक पुलिस ,नगर निगम और रोड सेफ्टी की ओर से मिरर इंस्टॉल किया गया है, जिससे दुर्घटना में कमी हो। लोग सुरक्षित होकर अपने वाहन चलाये।

### ग्रामीण कांग्रेस कमेटी की हुई बैठक

**रांची** : रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी की बैठक राहें प्रखंड कार्यालय में सोमवार को हुई। बैठक की अध्यक्षता राजकिशोर मुंडा ने किया। इस दौरान मुख्य रूप से झारखंड प्रदेश कमिटी के सदस्य सह जिला महासचिव अजय साहू ने कहा कि यह बैठक जिला अध्यक्ष के निर्देश पर रखा गया है। इसमें प्रदेश कांग्रेस से 10 सूत्री निर्देशों का पालन करने को कहा गया है। सभी समन्वय समिति, प्रखंड कमिटी और पंचायत कमेटी से जो भी नवनियुक्त नाम की सूची है, उसे जल्द से जल्द जिला अध्यक्ष को सौपने का कार्य करें। बैठक में मुख्य रूप से त्रिलोचन महतो, बुद्धदेव महतो, राजकिशोर सिंह, तारकेश्वर महतो,सहित अन्य नेता मौजूद थे।



# रांची शहर में आस्था का महापर्व छठ धूमधाम से मनाया गया

**कई समाजिक संगठनों ने शिविर लगाकर पूजा सामग्री भी वितरण किया।**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** आस्था का महापर्व छठ रांची शहर में धूमधाम के साथ मनाया गया। रांची और उसके आसपास के तालाबों को लेकर स्थानीय संगठनों एवं रांची नगर निगम और जिला प्रशासन के सहयोग से छठ पूर्वी साफ सफाई कर दिया गया था ताकि छठ व्रतियों को किसी तरह की परेशानी ना हो। वहीं करीब 72 छठ घाटों की साफ सफाई, एवं विद्युत व्यवस्था की गई थी। कुछ घाटों में एनडीआरएफ टीम की भी व्यवस्था की गई थी। कई समाजिक संगठनों ने शिविर लगाकर पूजा सामग्री भी वितरण किया। खासकर धुर्वा डैम तालाब, बड़ा तालाब, हटनीया तालाब , कांके डैम, स्वर्णरेखा नदी, बटन तालाब,बानस तालाब, चडरी तालाब ,बहुत बाजार तालाब, चुटिया तालाब, बरियातू थाई क्षेत्र के तालाब सहित इसके आसपास के अन्य तालाब नदी में छठ महापर्व के दौरान सूर्य को अर्ध दिया गया साथी सुरक्षा के भी पुख्ते इंतजाम किए गए थे एसएसपी रांची द्वारा भी अपने आवास से परिसर में छठ पूजा की गई थी इसके अलावा पुलिस प्रशासन सभी तालाब नदी एवं चौक चुनाव पर भी सुरक्षा के प्रति इंतजाम किया गया था।

# विश्व बाल दिवस पर नीली रोशनी में जगमगाया राजभवन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** विश्व बाल दिवस के अवसर पर बाल अधिकारों के प्रति एकजुटता प्रदर्शित करने के लिए सोमवार को राजभवन को नीले प्रकाश से प्रकाशित किया गया। विश्व बाल दिवस, संयुक्त राष्ट्र बाल अधिकार समझौता को अंगीकार किए जाने के वर्षगांठ के अवसर पर हर वर्ष 20 नवंबर को मनाया जाता है। इसका उद्देश्य दुनिया भर के बच्चों के अधिकारों के प्रति एकजुटता प्रदर्शित करना है। विश्व बाल दिवस यूनिसेफ का बच्चों के लिए, बच्चों के द्वारा थीम पर आधारित एक वैश्विक दिवस है, जो प्रतिवर्ष बाल अधिकार समझौता, जो कि दुनिया की अब तक की सबसे अनुमोदित मानवाधिकार संधि है, को स्वीकार किए जाने के प्रतीक के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर पूरे भारत में प्रतिष्ठित सार्वजनिक इमारतों और स्मारक स्थलों को नीले प्रकाश से रोशन किया जाता है, जो कि बच्चों के अधिकारों के प्रति समर्थन और एकजुटता को प्रदर्शित करता है। इस अवसर पर राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि मुझे दुनिया भर के उन सभी बच्चों के साथ अपनी आवाज जोड़ने पर गर्व है, जो अपनी समस्याओं, जो कि उनकी शिक्षा, सुरक्षा, सशक्तीकरण और मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी है, के समाधान की मांग रहे हैं। नीले प्रकाश से प्रकाशित राजभवन बच्चों के समर्थन का प्रतीक है, जो सभी लोगों से झारखंड के बच्चों के लिए एक सुरक्षित और कल्याणकारी वातावरण सुनिश्चित करने और सामूहिक प्रयास के माध्यम से बच्चों के हित में काम करने का आग्रह करती है। विश्व बाल दिवस बच्चों के हित में एजेंडा निर्धारित करने और बाल अधिकारों के लिए आवाज बुलंद करने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। यूनिसेफ झारखंड की प्रमुख डॉ. कनीनिका मित्र ने कहा कि हर बच्चे के अधिकार को सुनिश्चित करना हम सभी का कर्तव्य है, क्योंकि सभी लड़कों एवं लड़कियों के लिए सुरक्षित और बेहतर भविष्य के प्रति हमारी सामूहिक जिम्मेदारी को व्यक्त करता है। राजभवन को नीले प्रकाश से प्रकाशित करना केवल प्रतीकात्मक नहीं है, बल्कि यह सभी से बच्चों के हित में काम करने का आह्वान करता है, ताकि एकजुट होकर बच्चों को अपने अधिकारों का अहसास कराया जा सके और उनके लिए बेहतर समाज का निर्माण किया जा सके।

## छठी मईया सभी के कष्टो को दूर करती हैं : राजेश सिन्हा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** छठ महापर्व पर सूर्य नगर छठ पूजा समिति कमड़े रांची द्वारा सूर्य नगर में छठ घाट बनाकर भव्य समारोह का आयोजन किया। छठ महापर्व को लेकर सूर्य नगर में रह रहे लोगों में भारी उत्साह देखने को मिला। घाट पर बिहार के औरंगाबाद के देव मंदिर का प्रारूप तैयार किया गया। सूर्य नगर छठ पूजा समिति के अध्यक्ष राजेश सिन्हा ने कहा की छठ मईया का पर्व है। उगते और डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य दिया जाता है। माताएं अपने बच्चों की उम्र को बढ़ाने के लिए, चर्म रोग और कई तरह के रोग से छुटकारा पाने के लिए छठ करती हैं। छठी मईया सब कष्ठ को दूर करती हैं। सूर्य नगर छठ घाट पर लगभग एक हजार से ज्यादा श्रद्धालु छठ पूजा करने के लिए पहुंचे। राजेश सिन्हा ने कहा कि सभी धर्मो के लोगों को मिलजुल कर सभी त्योहार मनाने चाहिए।उन्होंने यह भी कहा कि सूर्य नगर में लगातार 15 वर्षो से छठ मां की पूजा हो रही है और मैं सूर्य नगर की इस छोटी नदी के विकास के लिए पूरी तरह से वचनबद्ध हूं। कमडे अध्यक्ष राजेश सिन्हा, एव कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आजसू हटिया प्रभारी भरत कांशी का योगदान अहम रहा। मौके पर समाजसेवी संतोष सोनी,ललित रंगीला,अखिलेश शर्मा, रामकृत शर्मा,रामजी शर्मा, पवन कुमार, रितेश कुमार, सौरभ कुमार, एवं छठ पूजा समिति, कमड़े, के सभी सदस्यों का योगदान रहा।

## डकैती की योजना बनाते तीन युवक गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** जमशेदपुर पुलिस ने डकैती की योजना बना रहे छह आरोपियों को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में रांची के तीन युवक समेत छह शामिल है। जमशेदपुर एसएसपी किशोर कौशल ने बताया कि सभी सीएच एरिया निवासी एक व्यापारी सह बिल्डर के घर डकैती की योजना बनाने के लिए जुबली पार्क के पास जुटे थे। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बिष्टुपुर थाना क्षेत्र के जुबली पार्क के पास से सभी को गिरफ्तार कर लिया।

एसएसपी ने बताया कि पकडाने के बाद तलाशी लेने के दौरान जमशेदपुर एमजीएम थाना भिलाई पहाड़ी निवासी रमेश महतो , प्रभास मुखर्जी , बिरसानगर थाना के लुगलीड़ीह के बबलु लोहार और नामकुम थाना क्षेत्र के तुंजू इमली पेड़ के पास रहने वाले मनीष ,अमृत लाल और तुपुदाना ओपी के महेश मुंडा शामिल हैं। मनीष सिंह के पास से देसी पिस्टल, महेश और अमृत लाल के पास से एक-एक जिंदा गोली बरामद की गई। पूछताछ में यह जानकारी मिली की सभी पुलिस की भेष में व्यापारी के घर में प्रवेश करते और घर वालों को बंधक बनाकर करोड़ो की संपत्ति लेकर फरार हो जाते। पुलिस इन लोगों से पूछताछ कर रही है कि इन लोगों के साथ और कौन कौन लोग हैं। इन सबके अपराधिक रिकॉर्ड भी खंगाल रही है। पुलिस ने बोलेरो भी जब्त किया है।

## हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश ने बाल संप्रेक्षण गृह का किया निरीक्षण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश संजय कुमार मिश्रा ने सोमवार को रांची के बूटी मोड़ के डुमरदगा स्थित बाल संप्रेक्षण गृह का निरीक्षण किया।

इस दौरान मुख्य न्यायाधीश ने बाल संप्रेक्षण गृह में रह रहे सभी बच्चो से मुलाकात की और लगभग एक घंटे बाल संप्रेक्षण गृह में रह रहे बच्चो से बातचीत कर उनकी बातों को सुना। मुख्य न्यायधीश का स्वागत संप्रेक्षण गृह के बच्चों ने तिलक लगा कर और गुलदस्ता भेंट कर किया।

बच्चों के क्लास रूम को भी देखे, वहां बच्चों ने अपने द्वारा बनाई गई पेंटिंग दिखाई और एक बच्चे ने मुख्य न्यायाधीश का पेंटिग बनाई थी, जिसे मुख्य न्यायधीश को भेट किया।

फिर बच्चों ने स्थानीय भाषा में स्वलिखित गीत सुनाया और देशभक्ति गीत सुनाया। मुख्य न्यायधीश ने बाल संप्रेक्षण गृह में सभी वार्ड ,रसोई घर और लाइब्रेरी का भी निरीक्षण किया और प्रधान न्यायिक दंडाधिकारी और स्टेशन हाउस मास्टर से जानकारी ली। साथ ही बच्चों को मिलने वाले दैनिक आहार की पूरी जानकारी ली। इस दौरान महानिबंधक झारखंड उच्च न्यायालय, प्रधान न्यायायुक्त, पुलिस अधीक्षक रांची , प्रधान न्यायिक दंडाधिकारी और जूविनाइल जस्टिस बोर्ड सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# नौशाद आलम से ईडी कल करेगी पूछताछ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** रांची के पूर्व ग्रामीण एसपी और वर्तमान के साहिबगंज एसपी नौशाद आलम को पूछताछ के लिए रांची के ईडी कार्यालय में 22 नवंबर को उपस्थित होने का निर्देश दिया गया है। प्रवर्तन निदेशालय को आईपीएस नौशाद आलम के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति अर्जित के मामले में कई पुख्ता सबूत हाथ लगे हैं। रांची के ग्रामीण एसपी रहते हुए एसपी नौशाद आलम ने कई थाना प्रभारी के साथ मिलकर जमीन मामले में करोड़ों की संपत्ति अर्जित की है। आईपीएस नौशाद आलम के खिलाफ कई लोगों ने लिखित शिकायत ईडी के पास की है। हजारीबाग में भी नौशाद आलम के करोड़ों का अपना मकान बनवा रहे हैं। इसके अलावा विजय हांसदा मामले में भी रांची पुलिस लाइन के सार्जेंट मेजर समेत कई लोगों को ईडी पूछताछ कर सकती हैं। ईडी सूत्रों के अनुसार आईपीएस नौशाद आलम ने आय से अधिक संपत्ति अर्जित की है इसलिए उनके परिवार वालों को भी पूछताछ के लिए परिवर्तन निदेशालय बुलाया जा सकता है। बताया जा रहा है लोअर बाजार थाना क्षेत्र के कांटा टोली के आस पास में एसपी नौशाद आलम के रिश्तेदार का बहुत बड़ा इमारत बन रही है, इसमें भी नौशाद आलम का हिस्सा बताया जा रहा है। हालांकि ईडी का अगला कदम क्या होगा ये आने वाला समय बताएगा। लेकिन यह भी दबी जुबान कहा जा रहा है कि आगामी चुनाव में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का विधानसभा क्षेत्र में एसपी द्वारा सहयोग न हो इसके लिए भी ईडी का दबाव है और ईडी गिरफ्तार भी कर सकती है।

## टाटा-राउरकेला मेमू पैसेंजर स्पेशल ट्रेन का परिचालन 22 से सप्ताह में छह दिन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** अब सप्ताह में छह दिन टाटा-राउरकेला पैसेंजर स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जायेगा। 22 नवंबर से ट्रेन का परिचालन छह दिन होगा। इस संबध में सोमवार को दक्षिण पूर्व रेलवे ने इसकी मंजूरी दी है। वहीं, चक्रधरपुर रेल मंडल की ओर से इसकी सूचना जारी कर दी गयी है। लंबे समय से स्थानीय जनप्रतिनिधियों और लोगो की मांग रही है कि टाटा-राउरकेला मेमू पैसेंजर स्पेशल ट्रेन का परिचालन सप्ताह में छह दिन हो। अब उनकी मांग पूरी होने जा रही है। -ट्रेन नंबर 08145 टाटा-राउरकेला मेमू पैसेंजर स्पेशल ट्रेन शनिवार को छोड़ कर सप्ताह में छह दिन चलेगी।ट्रेन नंबर 08145 टाटा-राउरकेला मेमू पैसेंजर स्पेशल ट्रेन टाटानगर स्टेशन से दोपहर 3:35 बजे खुलेगी, चक्रधरपुर स्टेशन शाम पांच बजे, सोनुवा स्टेशन शाम 5:23 बजे, गोइलकेरा स्टेशन शाम 5:38 बजे और राउरकेला स्टेशन शाम 7: 35 बजे पहुंचेगी।

-ट्रेन नंबर 08146 राउरकेला-टाटा मेमू पैसेंजर स्पेशल ट्रेन रविवार को छोड़ कर सप्ताह में छह दिन चलेगी। ट्रेन नंबर 08146 राउरकेला टाटा मेमू पैसेंजर स्पेशल राउरकेला स्टेशन से सुबह 5: 10 बजे रवाना होगी और गोइलकेरा स्टेशन सुबह 6:39 बजे, सोनुवा स्टेशन सुबह 6: 56 बजे, चक्रधरपुर स्टेशन सुबह 7: 35 बजे और टाटानगर स्टेशन सुबह 9: 20 बजे पहुंचेगी।

इन स्टेशनों पर होगा ठहराव

टाटानगर, आदित्यपुर, गम्हरिया, बिरबास, सिनी, महालीमुरूप, राजखरसवां, बड़ाबंबों, चक्रधरपुर, लोटापहाड़, सोनुवा, टुनिया, गोइलकेरा, डेरवा, पौसेता, घागरा, मनोहरपुर, जराईकेला, भालूलता, बिसरा, राउरकेला।

# धूमधाम से मनाया गया छठ पूजा




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** स्टूडेंट फेडरेशन बड़ा तालाब छठ पूजा समिति के द्वारा छठ महापर्व 2023 के उपलक्ष्य में भव्य एवं आकर्षक रूप से पुष्प एवं विद्युत सज्जा कराई गई ।स्टूडेंट फेडरेशन बड़ा तालाब छठ पूजा समिति के प्रांगण में मुख्यरूप से पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय सांसद राँची संजय सेठ , विधायक राँची सी पी सिंह , विधायक हटिया नवीन जयसवाल , राज्य सभा सांसद डॉ महुआ मांझी , सामाजिक कार्यकर्ता विनय सरावगी , अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष शमशेर आलम , जेएमएम नेता जितेंद्र गुप्ता, पवन शर्मा का स्वागत चुनरी ओढ़ाकर , माला पहनाकर एव पुष्पगुच्छ देकर किया गया । स्टूडेंट फेडरेशन बड़ा तालाब छठ पूजा समिति के संग्रक्षक राजीव रंजन मिश्रा ने सभी छठ व्रतधारियों के प्रति भी आभार व्यक्त किया । मिश्रा ने स्टूडेंट फेडरेशन बड़ा तालाब छठ पूजा समिति के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया ।

छठ महापर्व को सफल बनाने के लिए स्टूडेंट फेडरेशन बड़ा तालाब छठ पूजा समिति के कार्यकारी अध्यक्ष रमेश केडिया , महामंत्री बंटी सिंह , गोपाल पारीक , राहुल सिन्हा चंकी , दीपू गाड़ी , मो रॉकी , पीयूष आनंद , ज्योति शंकर साहू , मनीष सिन्हा , नंद किशोर चांगल , गोपाल चांगल सहित दर्जनों पदाधिकारी एवं सदस्यों ने छठ महापर्व को सफल बनाने में अपनी अहम भूमिका निभाई।

## छठ व्रतियों के बीच फलदार पौधों का किया वितरण

**रांची** : आस्था के पावन महापर्व छठ के अवसर पर रांची नगर निगम ने सोमवार को छठ व्रतियों के बीच फलदार पौधों का वितरण किया। यह वितरण निगम और रिलेशनस के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। नगर आयुक्त अमित कुमार के आह्वान पर मोराबादी स्थित कुसुम बिहार रोड नंबर चार में छठ घाट में छठ व्रतियों और उनके परिजनों के बीच फलदार पौधों का वितरण किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में रिलेशनस के निदेशक आशुतोष द्विवेदी और बॉलीवुड अभिनेत्री अंतरा दुबे भी उपस्थित थीं।

# एनआरसी के मुद्दे पर झामुमो को हमेशा सांप क्यों सूंघ जाता है? : प्रतुल शाहदेव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने सोमवार को झामुमो के प्रेस कॉन्फ्रेंस पर पलटवार करते हुए कहा कि एनआरसी के मुद्दे पर झामुमो को हमेशा सांप सूंघ जाता है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह पार्टी बांग्लादेशी मुसलमान और रोहिंग्या मुसलमान का समर्थन करने वाली पार्टी है। तभी यह नहीं चाहती कि अल्पसंख्यक कल्याण की योजनाओं का पूरा हिस्सा झारखंड के मुसलमान को मिले। वो तो ऐसा चाहती है कि स्थानीय मुसलमान के हिस्से को भी मुस्लिम घुसपैठिये लूट कर ले जाए। प्रतुल शाहदेव ने कहा कि संथाल परगना में लगातार मुस्लिम घुसपैठिए आदिवासी बेटियों को लव जिहाद के जाल में फंसा कर स्थानीय निकाय और जमीनों पर कब्जा कर रहे हैं। फिर भी झामुमो उनकी वकालत कर अपना आदिवासी विरोधी चेहरा दिख रहा है। उन्होंने कहा कि बाबूलाल मरांडी की लोकप्रियता से झामुमो के नेताओं के चेहरे के रंग उड़ गए हैं। पहले विपक्ष के नेता के पद पर आसीन नहीं होने दिया और अब मर्यादाहीन बयान बाजी करके अपनी खींज निकाल रहे हैं। प्रतुल ने कहा कि प्रदेश में बाबूलाल मरांडी की स्वच्छ और विकास पुरुष की छवि से जनता प्रभावित रहती है।ऐसी छवि झामुमो के किसी नेता की दूर-दूर तक नहीं है।बल्कि उन्होंने तो चार साल तक लूट का रिकॉर्ड कायम किया है। उन्होंने कहा कि ऐसा लगता है कि मुख्यमंत्री को सोते जागते, खाते पीते सिर्फ बाबूलाल का डर सताता है। क्योंकि बाबूलाल मरांडी ने अनेक बार पब्लिक फोरम से कहा है कि उनकी सरकार जब भी आएगी तो इन 4 वर्षो में भ्रष्टाचार करने वाले नेताओं को जेल भेजा जाएगा। प्रतुल ने कहा कि 2024 में लाल कोठी में बड़े पैमाने पर सत्ताधारी दलों के नेताओं के लिए रहने की व्यवस्था करने की आवश्यकता होगी।

# मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने जिलों के उपायुक्तों के साथ की वर्चुअल बैठक



**विशेष संक्षिप्त मतदाता पुनरीक्षण को लेकर दिए आवश्यक निर्देश**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** सोमवार को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री के. रवि कुमार ने जिलों के उपायुक्तों सह जिला निर्वाचन पदाधिकारियों के साथ विशेष संक्षिप्त मतदाता पुनरीक्षण कार्य की प्रगति को लेकर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक की। बैठक में उन्होंने सभी जिलों के जिला निर्वाचन पदाधिकारियों से मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम से संबंधित अब तक हुई प्रगति की समीक्षा करते हुए बचे हुए कार्यो को ससमय निष्पादित करने के लिए जरूरी निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि स्थाई रूप से शिफ्ट हो चुके मतदाताओं, मृत मतदाताओं, डुप्लीकेट एंट्री वाले मतदाताओं आदि का नाम विहित प्रक्रिया अपनाकर हटाने का शेष काम जल्द ही कर लें, साथ ही इस कार्य में पूरी सावधानी और जिम्मेदारी भी बरतें। दिव्यांग मतदाताओं को चिन्हित करने, स्थानीय स्तर पर कैंप लगाने, समुचित प्रचार प्रसार करने जैसे विषयों से संबंधित भी उन्होंने कई निर्देश दिए। उन्होंने सुझाव दिया कि इस अभियान के दौरान स्कूली बच्चों को भी निर्वाचन साक्षरता क्लब के तहत निर्धारित प्रोजेक्ट वर्क करवाये जाएं। इस बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारीयों के अलावा जिला शिक्षा पदाधिकारी भी मौजूद थे। इसलिए सीईओ ने सभी को स्पष्ट रूप से निर्देश दिया कि जिन स्कूलों में मतदान केंद्र बनाए जाते हैं वहां महिला व पुरुष शौचालय, रैम्प, प्रकाश, पंखा, मोबाइल चार्जिंग आदि की व्यवस्था अनिवार्य तौर से समय रहते कर ली जाए।

इस बैठक में सभी जिलों के जिला निर्वाचन पदाधिकारीयों के अलावा ओएसडी श्रीमती गीता चौबे, अवर सचिव श्री देवदास दत्ता, उप निर्वाचन पदाधिकारी मुख्यालय श्री संजय कुमार, श्री उमाशंकर सिंह व अन्य तकनीकी विशेषज्ञ मौजूद थे।

# झामुमो ने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी पर साधा निशाना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि देश में एक बहुत ही संवेदनशील घटना हुई थी। पिछले दिनों दिवाली के दिन उत्तरकाशी जिले के सिल्क्यारा में हुए टनल हादसे में 41 मजदूरों की जान फंसी हुई है। झारखंड के भी 15 मजदूर फंसे हैं। लेकिन इस तरह की घटना लगातार भाजपा के शासन काल में होती रही है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि उत्तराखंड में एक रेल परियोजना में पानी घुस 100 से ज्यादा मजदूर फंस गये थे। सिक्किम में तो 24 जवान आज तक लापता है। उन्होंने कहा कि भाजपा जिस तरह से अपने लोगों को फायदा पहुंचाने के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर के नाम पर काम कर रही है। इस वजह से इस तरह की घटना बढ़ रही है। भट्टाचार्य सोमवार को पार्टी कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे।उन्होंने कहा कि बाबूलाल मरांडी का मानसिक संतुलन बिगड़ गया है।

## उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही आस्था का महापर्व संपन्न

**खलारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** खलारी प्रखंड क्षेत्र में उदीयमान सूर्य को अर्ध्य देने के साथ ही चार दिनों से चल रहे सूर्य उपासना का महापर्व सोमवार को संपन्न हो गया. इससे पहले रविवार शाम छठव्रतियों ने क्षेत्र के विभिन्न नदी तालाबों तथा नदियों के किनारे अस्ताचलगामी सूर्य को अर्ध्य दिया. इस अवसर पर सभी छठ घाटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ एकत्र हुई. अर्घ्य देने के बाद व्रतियों ने घाट पर पूजन हवन किया.जल और दूध से भगवान भाष्कर को अर्घ्य दिया गया. कई छठ व्रतियां नदी, तालाबों व अन्य जलाशयों के घाट तक दंडवत करते हुए पहुंची. क्षेत्र के खलारी एसीसी छठ घाट, जेहलीटांड़ सोनाडुबी नदी घाट, मानकी-चूरी सपही नदी घाट, धमधमियां व केडीएच का दामोदर नदी घाट, मोहननगर तालाब, करकट्टा, धमधमियां, खलारी बाजारटांड़ स्थित घाट में छठ व्रतियों द्वारा भगवान सूर्य को अर्घ्य दिया गया.लंबाधौड़ा सहित कई घरों में अर्घ्य देने के लिए अस्थाई तालाब बनाया गया था. छठ घाटो पर पूजा समितियों द्वारा साफ-सफाई, आकर्षक विद्युत सज्जा की गई थी.एसीसी छठ घाट में गंगा जल छिड़कर शुद्ध किया गया साथही ही पानी मे गंगा जल भी डाला गया. खलारी छठघाट पर 'जय माता दी ग्रुप' के कार्यकर्ताओं ने छठ घाट पर अर्घ्य देने के लिए दूध, फल आदि का वितरण किया.कई छठ घाट पर भगवान भाष्कर की प्रतिमा स्थापित की गई थी. पर्व के दौरान पूरा क्षेत्र छठी मइया के गीतों से गूंजता रहा.खलारी थाना पुलिस छठ घाटों पर तैनात थी.

## बीरबांकी मुरहु सड़क पर एक्सीडेंट, मां की मौत बेटा गंभीर रूप से घायल

**अड़की (प्रभात मंत्र संवाददाता):** खुंटी जिला अंतर्गत अड़की थाना क्षेत्र में रविवार को हुए संड़क हादसे मे मां की मृत्यु हो गई और बेटा गंभीर रुप से घायल हो गया है जिसका अस्पताल में इलाज चल रहा है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक बोंहडा पंचायत अंतर्गत रोकाब गांव के 69 वर्षीय महिला गांगी पुर्ती और महिला का 35 वर्षीय पुत्र सुरजू पुर्ती दोनो स्कुटी से रिश्तेदार के घर मुचिया गांव गए हुए थे,शाम को घर वापसी के दौरान बीरबांकी - मुरहु सड़क पर कटुई गांव के समीप अचानक स्कूटी के आगे बकरी आ गई जिससे चालक ने दोपहिया वाहन से अपना संतुलन खो दिया और मां बेटे दोनों वाहन सहित गिर गए।इस दुर्घटना के घटित होने के बाद तुरंत ग्रामीणों के सहयोग से दोनों को बिरबांकी सीआरपीएफ कैंप से एम्बुलेंस बुलाकर कल्याण अस्पताल अड़की भेजा गया। बताया जा रहा है की गंभीर रूप से चोटिल मां गांगी पुर्ती ने अस्पताल पहुचने के पहले रास्ते में ही दम तोड़ दिया जिसे चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।वहीं पुत्र को भी गंभीर हालत में देखकर प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए खुंटी स्थित सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।इधर स्थानीय अड़की पुलिस ने सोमवार को मृतका का पोस्टमाटर्म कर परिजनो को सौंपा दिया।

## मेला देखने जा रहे युवक का सड़क दुर्घटना में मौत

**कर्रा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** शनिवार को जरियागढ थाना क्षेत्र के डोडमा गोविन्दपुर रोड स्थित सोटया ग्राम के पास पेड़ से टकरा कर मोटर साइकिल सवार युवक की मौत हो गयी.प्राप्त जानकारी के अनुसार अशोक उरांव उम्र 31 वर्ष पिता स्व बुधवा उरांव ग्राम कंडरकेल डुमरटोली लापुंग एवं सुकरा उरांव उम्र 20 वर्ष पिता मंगरा उरांव ग्राम डुमरगडी कर्रा का सडक् दुर्घटना मे घायल हो गये थें. जिसे जरियागढ पुलिस एवं ग्रामीणो के सहयोग से कर्रा सीएचसी ले जाया गया.जहाँ डॉक्टर ने जाँच कर अशोक उरांव को मृत घोषित किया एवं सुकरा उरांव को रांची रिम्स भेजा. दोनों युवक अपने घर से डोडमा मेला देखने जाने की बात कह घर से निकले थे. दोनों युवक मोटर साइकिल से तेज गति से डोडमा जतरा देखने जा रहे थे. हेलमेट नहीं पहने के कारण अशोक उरांव के सर मे गहरा जख्म होने से उसका मौत घटना स्थल पर ही हो गया.सुकरा उरांव गम्भीर रूप से घायल हो गया।

## खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने नामकुम स्वर्णरेखा घठ घाट में किया पूजा पंडाल का उद्घाटन

**नामकुम(प्रभात मंत्र संवाददाता):** स्टेन रोज क्लब छठ पूजा स्वर्णरेखा नदी नामकुम का भव्य पूजा पंडाल का उद्घाटन खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने फीता काट कर किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित नामकुम थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सुनील कुमार तिवारी उपस्थित थे। विधायक राजेश कच्छप ने कहा कि भगवान भास्कर का सभी पर आशिर्वाद बना रहे। सभी भक्त जनों का आशीर्वाद बना रहे। मौके पर उपस्थित समिति के अध्यक्ष दीपक राणा, सचिव सुनील यादव, संरक्षक रमेश पाण्डेय, ताराचंद पाण्डेय, मुन्ना रजक, रविन्द्र प्रसाद, समीर मण्डल, अनील ठाकुर, विकास रजक, मुकेश रजक, विकास जयसवाल, पंचू तिर्की, दिनेश चन्द्र प्रमाणिक एवं अन्य समिति के सदस्य उपस्थित थे।

## पिपरवार कोयलांचल मे संपन्न हुआ लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आस पास के ग्रामीण इलाको मे लोक आस्था एवं सूर्य उपासना का महापर्व छठ पूजा उदयगामी सूर्य को अर्ध्य देने के साथ ही संपन्न हो गया।रविवार की शाम को अस्ताचलगामी भगवान भास्कर एवं सोमवार की सुबह उदयगामी सूर्य को अर्घ्य देने के लिए विभिन्न छठ घाटों पर श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा।रविवार को अपराह्न तीन बजे से ही छठी मईया के पारंपरिक एवं धार्मिक गीत-संगीत से पुरा वातावरण छठ मय हो गया। तीन बजे के बाद भक्तों की भीड़ घाटों की ओर चल पड़ी और हर



सड़क लाल-पीले वस्त्रधारी व्रतियों एवं श्रद्धालुओं से अट गया।रंग-बिरंगी पोशाक में बच्चे भी छठ के माहौल को और सुंदर बना रहे थे।भगवान सुर्य के अस्ताचल होने एवं उदयीमान होने के इंतजार मे कई घंटे तक व्रतियों और श्रद्धालुओं ने विभिन्न सरोवरों और नदियों के जल मे खड़े होकर भगवान सूर्य की आराधना की।पूरे वातावरण मे केवल छठी मैया के गीतों की गुँज सुनाई पड़ रही थी।रविवार को जैसे ही भगवान सूर्य अस्ताचलगामी हुए व्रतियों ने हाथों में सूप लेकर भगवान सूर्य को दूध और जल का अर्घ्य प्रदान कर अपने और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की।दुसरे दिन सोमवार को दुसरे अर्घ्य के दिन वही जन सैलाब प्रातः चार बजे से ही उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देने के लिए पुनः छठ घाटों की ओर चल पड़ा।व्रती नदी एवं सरोवरों के जल मे खड़े होकर भगवान सुर्य के अरुणोदय होने का इंतजार करने लगे।सुर्योदय का समय होते ही भगवान भाष्कर की लालिमा की झलक मिलते ही हाथो मे सूप लिए हुए व्रतियों को अर्घ्य देने का सिलसिला शुरु हो गया।श्रद्धालुओं द्वारा व्रतियों के पैर छूने,व्रती महिलाओं के वस्त्र धोने एवं महिलाओं को एक दुसरे को सिंदुर लगाते हुए देखा गया।

## वन संस्कृति, बाल अखड़ा व वन संरक्षण को लेकर झुलनडीहा में ग्रामसभा का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के बेती पंचायत के झूलनडीहा गांव मे रविवार को जैव विविधता बनाए रखने,वनो के सरंक्षण, बाल अखाड़ा गठन करने, एवं वन क्षेत्र में निवासियो की सम्भता संस्कृति बचाए रखने को लेकर ग्राम सभा का आयोजन किया गया।इसकी अध्यक्षता रामधनी उरांव एवं संचालन झूबा उरांव ने किया।ग्राम सभा में मुख्य वक्ता के रूप में रामकुमार उरांव बालेश्वर उरांव,जोधन महतो एवं अनिल कुमार महतो उपस्थित थे।सभा की में काफी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए।इस दौरान आदिवासी परंपरा पर



आधारित सांस्कृतिक नृत्य संगीत कार्यक्रम की प्रस्तुति की गई।मौके पर सोहन महतो,आरती उरांव,जयंती देवी, पुष्पा उरांव,सुशील टोप्पो, आनन्द उरांव,महावीर उरांव,ईश्वर उरांव, बासे उरांव, बदरी उरांव, बिनोद उरांव, राजकुमार उरांव, मुनिया देवी, रीना देवी,कंचन कुजूर, अंकिता कुजूर, संगीता उरांव, गंगीया देवी सहित काफी संख्या में ग्रामीण महिला पुरूष मौजुद थे।

## पिपरवार के बिजैन गांव मे छ्ठ देवथान जतरा मेला कल, तैयारी पुरी

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के पुरानी बिजैन गांव में बुधवार 22 नवंबर को छठ देवथान जतरा मेला का आयोजन किया जाएगा।मेला को सफल बनाने के लिए स्थानीय ग्रामीणों की एक आवश्यक बैठक हुई,जिसमें मेला को सफल बनाने को लेकर इसकी तैयारी पर विचार विमर्श किया गया।बैठक को संबोधित करते हुए ग्रामीणों ने



कहा कि पिपरवार क्षेत्र के पुराने बिजैन गांव में पिछले कई वर्षो से छठ पूजा के बाद छठ देवथान जतरा मेला का आयोजन किया जाता आ रहा है और इस बार भी इस मेला का आयोजन धूमधाम के साथ किया जाएगा।मेला मे कई प्रकार के झुला,दुकान और प्रतिष्ठान लगाने सहित संस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन करने का निर्णय लिया गया।बैठक के दौरान सभी लोगों को मेला के सफल संचालन को लेकर अलग-अलग जिम्मेवारी सौंपी गई।वही मेला के सफल आयोजन को लेकर एक समिति का भी गठन किया गया।इस बैठक में रंथु गंझु,फकीरा गंझु,तुफान गंझु, कुलदीप राम,सुरेन्द्र राम,पच्चु गंझु सहित ग्राम बिजैन के कई विस्थापित ग्रामीण मौजूद थे।

## बचरा छठ घाट मे भगवान भाष्कर के दर्शन के लिए उमड़ी भीड़

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के बचरा छठ घाट में छठ पूजा समिति बचरा के द्वारा भगवान भास्कर की आकर्षक प्रतिमा स्थापित की गई थी।बचरा छ्ठ घाट मे पूजा पंडाल का निर्माण कराया गया था, जिसमे भगवान भास्कर की प्रतिमा स्थापित की गई थी। इस दौरान पूजा पंडाल में श्रद्धालु भक्तों की भारी भीड़ देखी गई।श्रद्धालु भक्त और छठ व्रती



पंडाल पहुंचकर भगवान भास्कर के दर्शन किए और विधिवत पूजा अर्चना की।इस दौरान श्रद्धालुओं ने कोयलांचल क्षेत्र की सुख शांति और खुशहाली की कामना की।बचरा छठ पूजा समिति के द्वारा प्रत्येक साल छठ घाट में भगवान भास्कर की प्रतिमा स्थापित की जाती है।सोमवार की सुबह उदयगामी सूर्य को अर्ध्य देने के बाद बचरा सपही नदी में भगवान भास्कर की प्रतिमा का विधिवत विसर्जन किया गया।

## लोक आस्था का महापर्व छठ उदीयमान भगवान भास्कर को अर्घ्य देने के साथ संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो :** लोक आस्था का महापर्व छठ सोमवार को प्रखंड मुख्यालय व आस-पास के जलासयो में उदीयमान भगवान भास्कर को अर्घ्य देने के साथ संपन्न हो गया। मुख्यालय स्थित ऐतिहासिक महादानी छठ तालाब के घाट पर व्रतियो के साथ विधायक शिल्पी नेहा तिर्की, पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर, डीडीसी डॉ. परमेश्वर भगत, पूर्व स्वास्थ्य निर्देशक प्रमुख डा. प्रवीण चंद्र ने भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया। मौके पर छठ पूजा की शुभकामनाएं देते हुए विधायक ने छठ की पर्व पर सभी के लिए सुख- समृद्धि की कामना करते हुए कहा कि लोक आस्था और विश्वास का यह महापर्व राज्य के लिए कल्याणकारी हो। गली-मुहल्लों में छठ मइया के गीत गुंजायमान रहे।



इधर प्रखंड के आस-पास के गांवो में भी छठ मैया का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इधर रविवार को छठ व्रतियों ने अस्ताचलगामी भगवान भास्कर को अर्घ्य दिया। घाट में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र द्वारा शिविर लगाया था। वहीं स्वंय सेवका द्वारा फल, दुध व चाय का वितरण किया गया। वहीं विधायक शिल्पी नेहा तिर्की द्वारा छठ व्रतियों को परेशानी ना हो इसके लिये छठ घाट की साफ सफाई, टेंट, लाइट, अस्थायी बाथरुम,साउंड सिस्टम, बैरेकेंट लगाया गया है। बेड़ो छ्ठ घाट में भगवान सूर्य को अर्घ्य देने के समय सांसद प्रतिनिधि धनंजय कुमार राय,हिंदू जागरण मंच के प्रदेश महामंत्री वाणी कुमार रॉय, विधायक प्रतिनिधि नवल किशोर सिंह, मुखिया सुशांति भगत व थाना प्रभारी मुकेश कुमार हेम्ब्रम मौजूद थे।

## अड़की प्रखंड क्षेत्र में चार दिवसीय छठ पर्व धूमधाम से मनाया गया

**अड़की (प्रभात मंत्र संवाददाता):** खुंटी जिला अंतर्गत अड़की प्रखंड क्षेत्र में नहाए खाए के साथ शुरू हुए चार दिवसीय आस्था का महापर्व छठ पूजा का सोमवार को चौथे दिन उगते हुए उदयीमान सूर्य देवता को अर्घ्य देने के साथ संपन्न हो गया। व्रतियों ने अर्घ देकर छठी मैया एवं सूर्य देव से व्रत के सकुशल समापन होने पर अंत में घर-परिवार के सुख समृद्धि और शांति के लिए प्रार्थना की।प्रखंड क्षेत्र के अड़की, गम्हरिया, सिंदरी, पूरनानगर , बालालौंग में नदी एवं तालाब में श्रद्धा एवं भक्ति भाव से घाटों में छठवर्ती उतरकर सूर्य की उपासना की। इस पर्व को लेकर बच्चों महिलाओं में बुजुर्गो तक में खासा उत्साह देखा गया। घाटों को सुंदर तरीके सजाया गया था। श्रद्धालु भोर से ही छठ घाटों की



ओर जाते हुए देखे गए। छठी मैया के गीत गाते हुए श्रद्धालु फल एवं पूजन सामग्री लेकर घाटों में पहुंचे। छठ घाट पारंपरिक छठ के गीतों से गूंजायमान रहा।छठ घाटों में इस दौरान आकर्षक विद्युत सज्जा और फुलों की सजावट देखी गई। उपासकों और श्रद्धालुओं ने पुरनानगर और गम्हरीया के करकरी नदी घाट,अड़की के नारदा नदी घाट, सिंदरी के रूपई नदी घाट और बालालौंग के कांची नदी नहर घाट में शष्ठी देवी की पुजा संपन्न करने के बाद उदीयमान सूर्य देव को अर्घ्य दिया।

## कर्रा में छठ महापर्व आस्था पूर्वक धुमधाम से मनाया गया

**कर्रा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के कर्रा, गोविन्दपुर, लोधमा, बिरदा, जलंगा पोड़ा, बिनगांव, सोटया व रोलागूटू गांव सहित आसपास के क्षेत्रों में पवित्र छठ महापर्व आस्था पूर्वक धूमधाम के साथ मनाया गया.छठवर्तियों ने रविवार को अस्ताचलगामी व सोमवार को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य दिया.अर्घ्य देने के लिए छठ घाटों और तालाबों पर आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा.छठ घाटों,तालाबों और नदी किनारे बने घाटों की साफ-सफाई कर रंग-बिरंगी रौशनी से सजाया गया था. कर्रा में पंडित शंकर पाठक और रजनिश पाठक के द्वारा मंत्र उच्चारण कर अर्ध दिलायी गयी.इस व्रत से मानसिक शांति मिलती है और जीवन में उन्नति होती है।



## खिजरी विधायक राजेश ने उत्तराखंड में सुरंग में फंसे मजदूरों के परिजनों से मिलने पहुंचे

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नामकुम :** खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने ओरमांझी प्रखंड के चुटूपालु के ग्राम खिराबेड़ा के मजदूर उत्तराखंड में निमार्णाधीन सिलक्यारा सुरंग में फंसे मजदूर राजेन्द्र बेदिया, अनिल बेदिया एवं सुखराम बेदिया के परिजनों से मिलें। विधायक राजेश कच्छप ने परिजनों को आश्वस्त किया कि सभी मजदूर शीघ्र ही सकुशल घर लौटेंगे। झारखण्ड सरकार सुरंग में फंसे सभी मजदूरों को सकुशल सुरक्षित बाहर निकालने में स्थानीय सरकार से लगातार सम्पर्क बनाये हुए हैं। विधायक राजेश कच्छप ने सुरंग में फंसे मजदूरों के परिजनों को आर्थिक सहायता भी किये तथा जो परिजन उत्तराखंड गये हैं उनसे भी टेलीफोन पर बात कर उन्हें आर्थिक सहयोग किये। विधायक ने कहा कि झारखण्ड



सरकार मजदूरों के परिजनों के साथ हमेशा खड़ा है और आगे भी खड़ा रहेंगे। आगे विधायक राजेश कच्छप ने कहा कि उत्तराखंड में बीजेपी सरकार और केंद्र की बीजेपी सरकार सभी सुरंग में फंसे मजदूरों को सकुशल बाहर निकालने का काम करें। मौके पर ओरमांझी प्रखण्ड कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष तुलसी खरवार, उप प्रमुख रिजवान अंसारी, सुरेश साहू, रमेश उरांव, सफीउल्हा अंसारी, हरिमोहन महतो, रवि साहू उपस्थित थे।

## लोक आस्था का महा पर्व छठ धूमधाम से संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नामकुम :** नामकुम प्रखंड के पूर्वी , टाटी पश्चमी, सिलवे, चतरा, महिलोंग, आरा, बड़ाम, नामकुम इत्यादि क्षेत्रों मे छठ पूजा बड़े हर्षोल्लाश के साथ मनाया गया । स्टेन रोज, शिव शक्ति मंगलम, तेतरी टोली, सदाबहार चौक, आदर्श नगर, जैप-2 साकेत नगर,टाटी छठ तालाब एवम नदी मे छठ व्रतधारियों ,श्रधालुओ की भीड़ उमड़ी थी। व्रतधारियों के लिए समिति द्वारा रोड एवम छठ घाट की साफ सफाई,विधुत साज सज्जा, लाइट, साउंड, फल, दूध, पूजन सामग्री,



चाय इत्यादि की वयवस्था की गई थी। इस पूरे कार्यक्रम को सफल बनाने मे राज्य सभा सांसद आदित्य प्रसाद साहू, विधायक राजेश कच्छप,जैप-2 कमांडेंट,डी एस पी,सुधीर महतो, रामदास मुर्मू, राजेश मिश्रा, सांसद प्रतिनिधि प्रमोद कुमार सिंह, मनोज कुमार सिंह, प्रमुख आशा कच्छप,उप प्रमुख विना देवी,मुखिया कृष्ण पाहन,नूतन पाहन, सुनीता देवी,संदीप तिर्कि,कृष्णा लोहरा,अनिता कच्छप, पंसस अरविंद लोहरा, रमेश कुमार,अनु तिवारी,मंडल अध्यक्ष राजेंद्र महतो, अशोक मुंडा, महामंत्री अमित मिश्रा, समाजसेवी शैलेश मिश्रा, सरयु प्रसाद, गाजू महतो, माधुरी देवी, गिरिधर मिश्र, दीपक राणा, विनोद सिंह, कर्नल बी के सिंह , अजय सिंह,दिनेश चंद्र प्रमाणिक, पंचु तिर्कि, मुकेश महतो,सोहन मुंडा पूर्व मुखिया इत्यादि ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही चार दिवसीय छठ महापर्व संपन्न, घाटों पर उमड़ा आस्था का सैलाब

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**इटकी :** चार दिवसीय लोक आस्था का महापर्व छठ सोमवार को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही संपन्न हो गया। सूर्य को अर्घ्य देने के समय मुख्य अतिथि के रूप में मांडर विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय युवा नेता सन्नी टोप्पो मौजूद थे. उन्होंने भी सूर्य को अर्घ्य दिया। व मांडर विधान सभा क्षेत्र सहित प्रदेश वासियों को लोक आस्था एवं भगवान सूर्य की उपासना के महापर्व छठ की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। और कहा कि यह पावन पर्व सभी के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि लेकर आये, यही सूर्य देव एवं छठी मइया से प्रार्थना है। इस दौरान छठ घाट पर आस्था का




जनसैलाब उमड़ पड़ा। इटकी के प्रमुख छठ घाट बनिया टोली स्थित केशरी नया तालाब में छठ पूजा करने वालों की भीड़ उमड़ी। घाट पर भी श्रद्धालुओं की भीड़ थी। भगवान भास्कर का अर्घ्य देने के बाद घाट पर उपस्थित श्रद्धालुओं ने व्रतियों से ठेकुआ का प्रसाद प्राप्त किया। इधर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस व प्रखंड प्रशासन मुस्तैद रहें।छठ पूजा को सफल बनाने में श्री शक्ति संघ छठ पूजा समिति के द्वारा रोड को दीप जलाकर सजावट किया गया था. व दूध और जलावन लकड़ी का भी वितरण किया गया. कार्यक्रम को सफल बनाने में कृष्णा राम तिवारी, राजकुमार तिर्की राम लगन केसरी, मनीष तिवारी, प्रियेस, आकाश केसरी, अक्षय तिवारी, विनय, अंकित केसरी, नवीन सहित सभी सदस्यों ने अहम भूमिका निभाई।

## उदीयमान सुर्य को अर्घ्य देने के साथ ही सम्पन्न हुआ 36 घंटे का निर्जला उपवास

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** कांच ही बांस के बहंगीया बंहगी लचकत जाए, साल भर के इंतजार के बाद चार दिनों तक चलने वाला लोक आस्था का महापर्व छठ शांतिपूर्ण एवं भक्तिमय के साथ सम्पन्न हुआ। आस्था एवं सुर्योपासना का महापर्व छठ का पहला दिन नहाय खाय के साथ शुरू हुआ दुसरे दिन महाप्रसाद खरना पारण, तिसरे दिन अस्ताचलगामी सुर्य को अर्घ्य चौथे दिन सोमवार की सुबह नदी,तलाब एवं पोखरों मे डुबकी लगाए पानी मे खड़े होकर एवं हाथ जोड़कर भगवान् भाष्कर के उगने का इंतजार करने लगे भगवान् भाष्कर के उगते ही छठव्रतीयों ने उदीयमान सुर्य को अर्घ्य दिया। उदीयमान सुर्य को अर्घ्य देने के साथ ही 36 घंटे का निर्जला व्रत सम्पन्न हुआ। छठ घाटों मे व्रती महिलाओं ने सुहागिन महिलाओं के साथ मिलकर एक दुसरे को सिंदूर लगाया, साथ ही व्रती महिलाओं के पैर छुकर आशिर्वाद लिए एवं घाटों पर श्रध्दालुओं के बीच प्रसाद का वितरण भी किया गया। चार दिनों तक पुरा क्षेत्र छठी माई के गानो से गुंजामय रहा।



## वृद्ध का शव कुआं से बरामद

**बेड़ो(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र के चरीमा गांव के टंगरा टोली स्थित पक्का कुआं से सोमवार को एक वृद्ध का शव पुलिस ने बरामद किया। शव की पहचान 62 वर्ष भादी उरांव पिता स्व अलकु उरांव गांव महादेव चेंगरी थाना भरनो जिला गुमला निवासी के रूप में कियी गई। इस संदर्भ में मृत्यक भादी उरांव के बेटा जीतराम उरांव द्वारा थाना में अस्वाभाविक मौत की मामला दर्ज करायी है। जीतराम उरांव ने बताया कि मेरे पिता भादो उरांव सुक्रवार को घर से बेड़ो के खिरदा गांव रिस्तेदार के घर मरखी में गये थे। उसके बाद वापस घर नहीं आये। आज प्रातः ग्रामीणो ने कुआं के पानी में एक शव देखा। जिसकी खबर पंचायत के मुखिया पूर्व मुखिया बुधराम बाड़ा को दी वो घटना स्थल पहुंचे। उन्होन बेड़ो पुलिस को खबर की थाना प्रभारी मुकेश कुमार हेम्ब्रम ने शव की पंचनामा कर परिक्षण के लिये रिम्स भेज दी। वहीं घटना को लेकर पुलिस छान बिन कर रही है।


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



## पुत्र ने पिता पर किया धारदार हथियार से हमला, इलाज के दौरान हुई मौत

**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पटमदा थाना क्षेत्र अंतर्गत गाड़ीग्राम गांव के आमकांड़ी टोला में शनिवार की दोपहर को एक युवक ने शराब के नशे में अपने पिता पर किसी धारदार हथियार से हमला कर घायल दिया जिससे इलाज के दौरान रविवार को एमजीएम अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पाकर सोमवार को एमजीएम अस्पताल पहुंचे थाना प्रभारी रणजीत कुमार सिंह ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु एमजीएम मेडिकल कॉलेज भेज दिया। जबकि मामले में मृतक मंगल माझी (60 वर्ष) के आरोपी पुत्र अशोक माझी की तलाश शुरू कर दी गई है। इस संबंध में पटमदा थाना प्रभारी रणजीत कुमार सिंह ने बताया कि आमकांड़ी निवासी एक बुजुर्ग व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत हुई है। उनके दूसरे पुत्र दीपक माझी ने लिखित शिकायत की है, पुलिस द्वारा आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

## भाजपा सोनारी ने उदीयमान सूर्य को अर्घ्य दे की क्षेत्र की खुशहाली की प्रार्थना

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सांसद प्रतिनिधि चित्तरंजन वर्मा एवं भाजपा सोनारी मंडल अध्यक्ष प्रशांत पोद्दार ने सोनारी बच्चा सिंह बस्ती बर्घ घाट में कमिटी के सदस्यों के साथ उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देकर भगवान भास्कर से क्षेत्र में सुख, शांति,समृद्धि एवं खुशहाली के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।नवोदय छठ पूजा समिति सोनारी एवं भाजपा मंडल संयुक्त रूप से प्रति वर्ष की तरह इस वर्ष भी सेवा शिविर लगाया गया था। साथ ही पार्किंग की व्यवस्था की गई थी। मौके पर महामंत्री नारायण प्रसाद, एडवोकेट त्रिभुवन यादव, वरिष्ठ नेता भोला प्रसाद, सतेन्द्र सिंह यादव, संजय रजक, बिराज डे, लाल जी प्रसाद,विनोद यादव, लालू यादव, रवि पोद्दार, राकेश धिवर, सचिन, राहुल, विक्की, राहुल प्रसाद, भोला जय स्वावलम्बी, आयुश, एवं अन्य शामिल थे।



## कल्याण गुरुकुल प्रशिक्षण केन्द्र में 14 को मिला नियुक्ति पत्र

**राजनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** राजनगर प्रखंड क्षेत्र के चालियामा स्थित कल्याण गुरुकुल में नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि के रुप में राजनगर थाना के एएसआई अनुप रंजन बख्ला उपस्थित थे. कार्यक्रम में बीओपीटी लोजिक्स में प्रशिक्षण प्राप्त 14 प्रशिक्षणार्थियों को चेन्नई के अल्क्राप्ट थारमो टेक्नोलोजिक्स प्राइवेट लिमिटेड में 2.13 लाख रुपए के पैकेज में काम करने के लिए एएसआई अनुप रंजन बख्ला, सुबेदार मेजर आर्मी रिटायर सह कल्याण गुरुकुल के प्रिंसिपल संजीव कुमार के हाथों नियुक्ति पत्र वितरण किया गया. इस अवसर पर ट्रेनर मनीष राम वर्मा,पंकज कुमार,नरेश कुमार आर्य(मोबिलिगिंग एक्सक्यूटिव सराईकेला),एमआई एस जितेंद्र कुमार सोनी, बिरसा कमल, नीलकमल गोप, स्वेता सुंडी, शालीग्राम, बुधराम तिग्गा, बिरेंद्र मुंडरी,फागु सोरेन, मुकेश कुमार आदि उपस्थित थे।



## मुस्लिम समाज, ह्यूमन वेलफेयर एवं शांति समिति ने छठ पर लगाया सहायता शिविर

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट एवं आजादनगर थाना शांति समिति के ओर से छठ पूजा के अवसर पर आजाद नगर थाना क्षेत्र के पंप हाउस छठ घाट में यशू भवन के पास सहायता के लिए एक हेल्प डेस्क लगाया है इस अवसर पर छठ घाट का निरीक्षण करने मुख्य रूप से मानगो नगर निगम के नगर उप आयुक्त सुरेश यादव उपस्थित थे।मौके पर मुख्य रूप से शयंक नगर आयुक्त अकीब जावेद,समीर बोदरा,ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट के प्रेसिडेंट मतिनुल हक अंसारी,आजादनगर थाना शांति समिति के सेक्रेटरी मुख्तार आलम खान,मोहम्मद मोइनुद्दीन अंसारी,सिद्दीक अली,ताहिर हुसैन,सेंट्रल पीस कमेटी के सदस्य गुरुचरण सिंह, अदील खान,झारखंड हज कमिटी के सदस्य शेख बदरुद्दीन,आजादनगर थाना के सब इंस्पेक्टर राहुल कुमार,मोहर्रम कमिटी के मेंबर हाजी अयूब अली,समाजसेवी मोहम्मद फिरोज आलम,नादिर खान,एहतेशामुर रहमान,दुर्गा पूजा कमिटी के मेंबर सुरेंद्र शर्मा खास तौर पर उपस्थित थे।




# सोनारी दुमुहानी छठ घाट में हजारों श्रद्धालुओं ने की छठ पूजा

### मंत्री बन्ना गुप्ता ने सूर्य को अर्घ्य दे झारखंड समेत देश में सुख, समृद्धि व खुशहाली की कामना की

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** लोक आस्था और सूर्योपासना का महापर्व छठ के अंतिम अनुष्ठान के दिन स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने दोमुहानी घाट में भगवान भास्कर के उगते हुए स्वरूप की पूजा अर्चना कर अर्ध्य दिया. इस दौरान उन्होंने कहा है के छठी मईया और भगवान भास्कर झारखंड समेत पूरे देश को सुख,समृद्धि और खुशहाली प्रदान करें यही मंगलकामना हैं। कहा मैंने अपना वायदा निभाया, सोनारी दुमुहानी छठ घाट में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने छठ पूजा किया। कहा कि पुनः यकीन दिलाता हूँ कि जो कमी बच गई है उसे अगले वर्ष पूरा करूंगा और छठ मईया के प्रताप और आशीर्वाद से और बेहतर व्यवस्था करने का प्रयास करूंगा। दोमुहानी घाट में मुख्य रूप से मनोज झा, प्रभात ठाकुर, बबुआ झा, संजय तिवारी, अमित प्रसाद, विनोद साहू,अमित गिरी,आनंद पांडे,सुकू चौहान, राजू सिन्हा, रेखा कलंदी, शिल्पी चक्रवर्ती, बेबी सिंह मुंडा,सूरज हरपाल,सविता, प्यारी देवी, प्रेम लाल,विनोद रजक, जितेंद्र सिंह, राजेश रजक, निधि मिश्रा, पंकज अग्रवाल,डंपी अग्रवाल, राकेश अग्रवाल उपस्थित थे।



## चार दिवसीय छठ पूजा उदीयमान भगवान भास्कर की आराधना व अर्घ्य के साथ संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गम्हरिया :** लोक आस्था व सूर्योपासना का महापर्व चार दिवसीय छठ पूजा सोमवार को उदीयमान भगवान भास्कर की आराधना व अर्घ्य देने के साथ संपन्न हो गया। कांड्रा, गम्हरिया व आसपास के क्षेत्रों में स्थित विभिन्न छठ घाटों पर छठव्रतियों ने परिवार संग भगवान भास्कर की उपासना कर सुख, समृद्धि व परिवार की खुशहाली की कामना किया। क्षेत्र के खरकई नदी, गांजिया घाट, मनीकुई स्वर्णरेखा घाट, शिव बांध, जमुना बाँध, सीतारामपुर डैम, दोमुहानी समेत सभी वैकल्पिक छठ घाटों पर लोगों ने सूर्य आराधना की। इसके अलावा टायो कॉलोनी, गायत्रीनगर समेत कई जगहों पर कृत्रिम छठ घाट निर्माण कर छठव्रतियों ने भगवान सूर्य को अर्घ्य दिया। इधर, सुरक्षा के मद्देनजर कई छठ घाटों पर जिला पुलिस प्रशासन द्वारा चाक-चौबंद व्यवस्था रखी गई थी। कई छठ घाटों पर सामाजिक और स्वयंसेवी संगठनों द्वारा छठव्रतियों व श्रद्धालुओं के लिए शिविर लगाकर निश्शुल्क पूजन सामग्री, चाय, दातुन आदि का वितरण किया गया।

## पोटका से आज निकेलगा संविधान यात्रा, 26 को जमशेदपुर में विशाल रैली

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** द टिस्को टेक्निकल प्रोविजनल एसोसिएशन लाइब्रेरी, आरंभ युवा मंच, जमशेदपुर, गाँधी शांति प्रतिष्ठान जमशेदपुर द्वारा 21 से 26 नवंबर, 2023 तक कोल्हान में संविधान यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इस दिन संवैधानिक मूल्यों और वैज्ञानिक सोच के प्रसार के लिए हमने एक विशेष अभियान करने का निर्णय लिया है। इस यात्रा के दौरान कोल्हान के विभिन्न स्कूल, कॉलेज और समुदायों में घूमकर विभिन्न कार्यक्रम होगा।संविधान यात्रा की शुरुआत 21 नवंबर को पूर्वी सिंहभूम के पोटका के बड़ा सिगदी गांव से होगी । 22 को पटमदा इंटर कॉलेज में यात्रा पहुंचेगी। संविधान यात्रा 23 को अरका जैन यूनिवर्सिटी (गम्हरिया) , 24 को एसआईटीइ कॉलेज (गम्हरिया) में उपस्थित रहेगी।

## मां तुझे सलाम ने छठव्रतियों को लगाया सेवा शिविर




प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** मां तुझे सलाम संस्था द्वारा छठ महापर्व में जमशेदपुर के खाशमहल स्थित जिला मत्स्य कार्यालय के तालाब में संस्था द्वारा सेवा शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं को चाय और पानी की व्यवस्था की गई थी। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के अध्यक्ष मोहम्मद अजहर खान, कानू हेंब्रम, रैना पूर्ति, कौशल झा, मोनू, विजय कुमार ठाकुर, नंदकिशोर ठाकुर ,फरीद मलिक, मनोज यादव ,आशीष भट्टाचार्यजी आदि लोगों ने छठवृतियों की सेवा कर उनका आशीर्वाद लिया।

## संत नामदेव जी का 753 वां प्रकाश पर्व श्रद्धा के साथ मनाया गया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** संत शिरोमणी नामदेव जी का 753 वां प्रकाश पर्व बड़े ही श्रद्धा के साथ ह्यूम पाइप गुरुद्वारा में मनाया गया। अखंड पाठ के भोग के बाद गुरुद्वारा मैदान में श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी को सुशोभित किया गया और बीबी जसबीर कौर, भाई जसपाल सिंह जी छाबड़ा, भाई गुरदीप सिंह जी निक्कू ने भगत नामदेव जी के शबद सभ गोविंद है सभ गोविंद है गोविंद बिन नहीं कोई, जै राजु देहि त कवन वडाई, मैं अंधुले की टेक तेरा नाम खूंदकारा, हरि हरि करत मिटे सभि भरमा, का गायन किया। हजूरी ग्रंथी बाबा हरजिंदर सिंह एवम सरदार सुखविंदर सिंह के साथ ही तख्त श्री हरिमंदिर जी पटना साहिब के महासचिव इंद्रजीत सिंह, सेंट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान भगवान सिंह, चेयरमैन शैलेंद्र सिंह ने विचार रखे। तकरीबन दो हजार श्रद्धालुओं ने गुरु दरबार में हाजिरी भरी और श्रद्धा के साथ लंगर ग्रहण किया।

## कुशवाहा कल्याण परिषद् ने लगाया सेवा शिविर



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** कुशवाहा कल्याण परिषद् की क्षेत्रीय कमिटी सोनारी के द्वारा छठ पर्व पर श्रद्धालुओं के लिए सेवा शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में केंद्रीय कमिटी के (अध्यक्ष) अनिरुद्ध प्रसाद कुशवाहा, श्रीनिवास कुशवाहा (महासचिव) और कार्यकारिणी सदस्य राजमणि कुशवाहा के साथ क्षेत्रीय कमिटी सोनारी रमेश कुमार कुशवाहा (अध्यक्ष सोनारी ) तथा गुलाब प्रसाद कुशवाहा (सचिव सोनारी ) और दिनेश कुमार कुशवाहा (मीडिया सेल ) उपस्थित थे।इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में अधिवक्ता सुधीर कुमार उर्फ (पप्पू ), सोनारी थाना के थाना प्रभारी ब्रिष्णु राउत व सब इंस्पेक्टर कुलदीप कुशवाहा उपस्थित थे। मौके पर कुशवाहा कल्याण परिषद् जमशेदपुर के कुछ खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

### झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति की सभा में उमड़ी भीड़, पूजा महतो ने कहा

## 2024 में बदलाव चाहते हो तो समझना होगा वोट का महत्व

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पटमदा :** बोड़ाम प्रखंड के माधवपुर पंचायत अंतर्गत दुबराजपुर हाट तोला में रविवार को स्थानीय, नियोजन, खनन, उद्योग, एवं विस्थापन नीति को लेकर झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति की जनजागरण सभा का आयोजन किया गया। इसमें समिति की पूजा महतो, बेबी महतो, माणिक चन्द्र बेसरा, अनिल बास्के मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित थे। कोयलांचल से आये पूजा महतो ने संबोधित करते हुए कहा कि हमारे देश के किसी भी राज्य में 60/40 की नियोजन नीति नहीं है, लेकिन झारखंड में ही ऐसी हकमार नीति सरकार ने बना दी है कि यहां के युवाओं को नौकरी सहित अन्य क्षेत्रों में उसका वाजिब हक भी नहीं मिलेगा और पूरी तरह से बाहरियों का कब्जा रहेगा। इसलिए इसका जबाब लोकतांत्रिक तरीके से 2024 के चुनाव में देना होगा। सभा में मुख्य रूप से कृष्णा रजक, हेमंत चिरुआर, लखन काडुआर, गितारानी महतो, ममता महतो, रेणुका महतो, बिश्वनाथ महतो, चंदन महतो, स्वपन कुम्भकार, गौतम महतो, शांतिराम महतो, काशीनाथ महतो, उमेश चंद्र महतो, किशोरी मोहन महतो, हेमचंद्र महतो, बाबलु मिश्रा, हिमांशु, महतो, बुद्धेश्वर महतो, राजीव महतो ,महादेव महतो, मृत्युंजय महतो समेत जेबीकेएसएस के अन्य सदस्यगण मौजूद थे।



## आदिवासी कुड़मी समाज का विराट बांदना-सोंहराइ गीत प्रतियोगिता संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

**तिरूलडीह :** आदिवासी कुड़मी समाज के तत्त्वावधान में रविवार को पंचायत पारगामा के भाकुड़गाड़ा स्थित सदाइ बुरु मैदान में विराट बांदना/सोंहराइ गीत प्रतियोगिता का आयोजन जिला प्रभारी प्रभात कुमार महतो की अध्यक्षता में हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पद्मश्री छुटनी महतो ने कहा कृषि सभ्यता संस्कृति की आदि पर्वों में से एक पर्व बांदना सोंहराइ पर्व है। जो प्रकृति और कृषि सहयोगी पर आधारित राढ़ भूमि की महापर्व है।विशिष्ट अतिथि महासचिव अधिवक्ता सुनील कुमार गुलिआर, समाजसेवी अशोक पुनअरिआर, शिक्षाविद् गुणधाम मुतरुआर, केंद्रीय सदस्य जीतेन महतो आदि ने भी अपना अपना वक्तव्य रखा । प्रतियोगिता के निर्णायक मंडली में शामिल शिक्षाविद् रमाकांत बांसरिआर, कलेश्वर काडुआर, प्रियरंजन बांसरिआर, सुनील कुमार जुरुआर, कवि रामविलास पुनअरिआर के द्वारा लिए गए निर्णय के सफल विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। इस कार्यक्रम के 128 प्रतिभागियों में महिला वर्ग से प्रथम स्थान सखान महतो, द्वितीय बिजली महतो एवं तृतीय नेहा रानी महतो को और पुरुष वर्ग से प्रथम स्थान राकेश महतो, द्वितीय नरेश महतो एवं तृतीय भुवनेश्वर कर्मकार को पुरस्कार प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में खगेन महतो (समाजसेवी),अनुप कुमार महतो, विजय महतो, बाबलु महतो, भोला महतो, बादल महतो, भद्रेश्वर महतो, विश्वनाथ महतो आदि के साथ काफी संख्या में दर्शक भी उपस्थित थे।



## विधायक ने मुख्यमंत्री को मांगपत्र सौंपकर किया कपाली के विभिन्न सड़क निर्माण करवाने का मांग

### मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया कि जल्द ही सभी मांगो पर अमल किया जाएगा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**चांडिल :** राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से ईचागढ़ के विधायक सविता महतो रांची स्थित आवास में मिलकर सोहराई पर्व का शुभकामना दिए साथ ही ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न सड़क निर्माण करवाने को लेकर एक मांग पत्र भी सौपा। इस दौरान विधायक सविता महतो ने चांडिल प्रखंड के कपाली नगरपरिषद क्षेत्र के हरिमंदिर से मस्जिद इब्रहिम तक पथ निर्माण करने, कपाली नगर परिषद क्षेत्र के पुराना टीओपी से अलबेला गार्डन नाला तक पथ का निर्माण, कपाली नगर परिषद क्षेत्र के पहला मोड़ इकबाल के घर से निगार होम तक पथ का निर्माण, कपाली नगरपरिषद क्षेत्र के पुराना टीओपी चौक से असरफी मस्जिद होते हुए साई कॉलोनी बच्चू टेंट हाउस तक, कदमडीह में निर्माणधीन रेलवे अंडर पास से सिकली, चांडिल रेलवे स्टेशन, उगडीह, बुरुडूंगरी होते हुए नेशनल हाईवे 32 पर पथ निर्माण का मांग किया। इस दौरान विधायक ने मुख्यमंत्री से कहा प्रस्तावित पथों के क्रियान्वयन से लगभग सात हजार की आबादी को इसका लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री ने विधायक आश्वासन दिया कि जल्द ही सभी मांगो पर अमल किया जाएगा।



## पटमदा में डूबते व उगते सूर्य को सैकड़ों श्रद्धालुओं ने दिया अर्घ्य

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पटमदा :** पटमदा के बेलटांड़ स्थित रहरगाड़िया तालाब में अन्य वर्षों की भांति इस वर्ष भी दर्जनों श्रद्धालुओं ने रविवार को अस्ताचलगामी एवं सोमवार को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य प्रदान किया। यहां लावा एवं बेलटांड़ टोले में रहने वाले बिहार व उत्तरप्रदेश के मूल निवासी करीब एक दर्जन परिवार की छठ व्रती महिलाएं पूजा कर रही हैं। छठ पूजा कमेटी की ओर से तालाब परिसर में साफ-सफाई व विद्युत सज्जा आदि की व्यवस्था की गई है जो आकर्षण का केंद्र बिंदु है। यहां सैकड़ों की संख्या में आसपास के गांव से श्रद्धालु पहुंचे थे। वहीं पटमदा बाजार स्थित छोटा तालाब एवं बांगुड़दा के साहेब बांध तालाब में कमलपुर थाना प्रभारी धीरंजन कुमार की माताजी ने छठ पूजा की और भगवान भास्कर को अर्घ्य प्रदान किया। बेलटांड़ में आयोजित पूजा कार्यक्रम में पटमदा थाना प्रभारी रणजीत कुमार सिंह, एएसआई प्रशांत कुमार, जिला परिषद सदस्य प्रदीप बेसरा, ग्राम प्रधान बृंदावन दास, पूजा कमेटी के सदस्य विजय कुमार पंडित, अंब्रेश कुमार, सुरेश कुमार रजक, सुनिल कुमार राम, धर्मेन्द्र कुमार, शिवकुमार साव, विवेक कुमार, चंदन सिंह, मनोज सिंह व राजेश आदि थे।



## राजनगर : उदयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ संपन्न हुआ महा पर्व छठ



प्रभात मंत्र संवाददाता

**राजनगर :** राजनगर के विभिन्न नदी घाटों में लोक आस्था का महापर्व छठ में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही। वहीं सोमवार की उदयमान सूर्य को अर्घ्य देने के बाद चार दिवसीय लोकआस्था का महापर्व खत्म हुआ। जहां चार दिनों तक लोगों में छटी मईया के गीत से चारो भक्तिमय स्वर से गूंजने लगा था। वहीं सोमवार भोर सुबह सूर्य उदय से पहले ही छठ व्रती सूर्य उदय होने की प्रतीक्षा में आधे पानी मे खड़े दिखे। सूर्य उदय होने के बाद सभी ने भगवान भास्कर को अर्ध्य दिया और छठी मईया से मनोकामना की और छठ व्रतियों का दो दिवसीय निर्जला उपवास खत्म हो गया। सभी ने प्रसाद ग्रहण किया।

### जगन्नाथपुर में इंदिरा गांधी के जयंती पर युवा कांग्रेस की विधानसभा स्तरीय बैठक संपन्न

## युवाओं के कंधों पर अहम जिम्मेदारी : गीता कोड़ा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जगन्नाथपुर :** प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती पर जगन्नाथपुर कांग्रेस कार्यालय में शनिवार को युवा कांग्रेस की जगन्नाथपुर ने उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। इस साथ ही विधानसभा स्तरीय बैठक में में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद सह कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष गीता कोड़ा और जगन्नाथपुर विधायक सोनाराम सिंकु उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन कार्यकारी विधानसभा अध्यक्ष विजय दास ने किया।सांसद गीता कोड़ा ने कहा कि युवा हर क्षेत्र में बहुत कुछ कर सकते हैं। इस क्षेत्र के जनता को कांग्रेस की विकास नीतियों की जानकारी देते हुए उन्हें जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित करने का काम करें।वही विधायक सोनाराम सिंकु ने कहा कि बीजेपी पार्टी में प्रखंड स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक सिर्फ चापलूसी ही होती है वहां आम आदमी के हित की और विकास कार्यों की कोई बात नहीं होती है। वही युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रीतम बांकिरा ने कहा कि आगामी 2024 के लोकसभा चुनाव में भी सांसद गीता कोड़ा को दोबारा विजयी बनाने का कार्य करें। वहीं महिलाओं को गीता कोड़ा और सोनाराम सिंकु के द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही सैकड़ों युवाओं ने कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। कार्यक्रम में युवा कांग्रेस जगन्नाथपुर विधानसभा प्रभारी राजू कायम, जिला उपाध्यक्ष सलीम कुरैशी, जगन्नाथपुर विधानसभा अध्यक्ष धीरज गागराई, कार्यकारी विधानसभा अध्यक्ष विजय दास, चाईबासा विधानसभा अध्यक्ष नरांगा देवगम, जगन्नाथपुर प्रखंड अध्यक्ष सुशील हेस्सा , विधानसभा महासचिव प्रवीण नाग, जगन्नाथपुर कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष ललित दोरायबुरू, पंचायत समिति सदस्य मंजू पूर्ती सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## टाटानगर गौशाला के गोपाष्टमी समारोह में गाय, तुला एवं सवामणी दान

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** जुगसलाई स्थित श्री टाटानगर गौशाला में दो दिवसीय गोपाष्टमी समारोह के प्रथम दिन जुगसलाई गौशाला में सामुहिक गोपूजन एवं आरती का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाज के तीन गणमान्य लोगों द्वारा तुला दान एवं पांच लोगों द्वारा सवामणी का दान किया गया। साथ ही 6 लोगों ने उत्तम दुधवती 11 गाय का दान किया। सोमवार की शाम को श्री टाटानगर गौशाला का 104वां वार्षिक अधिवेशन सह गोपाष्टमी समारोह का आयोजन बिष्टुपुर स्थित श्री राम मंदिर परिसर में हुआ। गोपाष्टमी समारोह कार्यक्रम का उदघाटन समाजसेवी राधेश्याम अग्रवाल ने किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी आर के चौधरी (बीजू बाबू) एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में राजकुमार अग्रवाल चंदूका एवं दिनेश सोंथालिया मौजूद थे। वार्षिक अधिवेशन समारोह संपन्न होने के संध्या 7 बजे से रंगारंग सांस्कृतिक बॉलीवुड और सूफी संगीत कार्यक्रम का शुभारंभ बानी नारायण अग्रवाल, अराध्या अग्रवाल एवं ओभी अग्रवाल ने संयुक्त रूप से देवा श्री गणेशाय... गणेश वंदना के साथ किया। बॉलीवुड और सूफी संगीत कार्यक्रम में मुंबई की रचित अग्रवाल टीम द्वारा अपनी प्रस्तुति से ऐसा समां बांधा कि आज की शाम सूफी गीतों के नाम रही। सैकड़ों की संख्या में उपस्थित लोग उनके गीतों पर जमकर झूमें। शाम के रंगारंग समारोह में चोखी ढानी का कार्यक्रम विशेष आकर्षण का केन्द्र बना रहा। चोखी ढानी की जिम्मेदारी राणी सती सत्संग समिति जमशेदपुर के अध्यक्ष अनिल रिंगसिया की देखरेख में समिति के सदस्यों ने बाखूबी निभायी।



## संपादकीय

# रोहिंग्या घुसपैठ के प्रति सतर्कता आवश्यक

**आंतरिक** सुरक्षा की दृष्टि से अवैध घुसपैठ एक गंभीर खतरा है। विशेषकर यह घुसपैठ यदि बांग्लादेशी, पाकिस्तानी और रोहिंग्या मुसलमानों के रूप में हो, तब खतरा अधिक बढ़ जाता है। देश के विभिन्न राज्यों में जो सांप्रदायिक हिंसा या दंगे हुए हैं, उनमें कई जगह बांग्लादेशी और रोहिंग्या मुसलमानों की संलिप्तता पायी गई है। म्यांमार जैसे शांत देश से भी रोहिंग्याओं को उनकी सांप्रदायिक एवं हिंसक प्रवृत्ति के कारण ही भगाया गया। बांग्लादेश भी उन्हें स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं है। हालांकि भारत की तथाकथित सेकुलर बिरादरी ने रोहिंग्याओं को बसाने के लिए खूब छापी पीटी थी। भारत में एक वर्ग है जो संप्रदाय के आधार पर अवैध घुसपैठियों के प्रति भी सहानुभूति का भाव रखता है जबकि इस्लामिक देश भी अपने यहाँ से अवैध घुसपैठ करके रह रहे दूसरे देशों के मुसलमानों को खदेड़ रहे हैं या उन्हें घुसने नहीं दे रहे। पाकिस्तान ने बड़ी संख्या में अफगानिस्तान के शरणार्थियों को जबरदस्ती वापस भेज दिया है। वहीं, फिलिस्तीन से जान बचाकर भाग रहे मुसलमानों को आसपास का एक भी इस्लामिक देश स्वीकार नहीं कर रहा है। सबने अपने दरवाजे बंद कर रखे हैं। जबकि भारत में स्थिति उलट है। यहाँ कुछ राजनीतिक दल भी वोटबैंक की राजनीति के चक्कर में अवैध घुसपैठ को न केवल नजरअंदाज करते हैं अपितु उनको बसाने में सहायता करते हैं। जब भाजपा सरकार ने एनआरसी लागू करके अवैध घुसपैठियों की पहचान करने का प्रयास किया तब भारत के प्रमुख विपक्षी दलों ने उसका विरोध किया। इससे साफ होता है कि मुसलमानों का वोट पाने के लिए देश के कुछ राजनीतिक दल राष्ट्रीय सुरक्षा से भी समझौता करने को तैयार रहते हैं। उल्लेखनीय है कि ऐसे ही राजनीतिक दलों की सरकारों की सरपरस्ती में जम्मू-कश्मीर, पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा, केरल और असम सहित अन्य राज्यों के कई क्षेत्रों में अवैध घुसपैठियों को बसा भी दिया गया। हालांकि अब केंद्र सरकार और भाजपा शासित सरकारें अवैध घुसपैठ को लेकर बहुत हद तक सकर्त हैं। असम में तो भाजपा सरकार ने अवैध घुसपैठ करके आए रोहिंग्या मुसलमानों को वापस भेजना शुरू कर दिया है। बीते दिनों असम की भाजपा सरकार ने अवैध घुसपैठ करके आए 450 रोहिंग्या मुस्लिमों को वापस भेजा है। इसके साथ ही अवैध घुसपैठ में उनका सहयोग करनेवाले नेटवर्क एवं दलालों की पहचान करके उनके विरुद्ध भी कार्रवाई शुरू की है। असम की पुलिस ने घुसपैठियों को बसानेवाले 47 दलालों को दबोचा है। चूँकि अवैध घुसपैठ का मामला देश की सुरक्षा से भी जुड़ा हुआ है। इसलिए मुख्यमंत्री हेमंत बिस्वा शर्मा ने मामले की जाँच राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसी से कराने का प्रस्ताव भी केंद्र सरकार को दिया, जिसे स्वीकार कर लिया गया है। राज्य और केंद्र सरकार के बीच में राष्ट्रीय महत्व के विषयों पर इसी प्रकार का समन्वय होना चाहिए। चूँकि असम में भी भाजपा की सरकार है इसलिए यह संभव हो सका। अन्यथा सबको यह बात पता है कि अन्य किसी राजनीतिक दल की सरकार होती, तब इस तरह की कार्रवाई की संभावना लगभग शून्य होती। कहना नहीं चाहिए लेकिन यह सच है कि सत्ता में आने या बने रहने के लिए वोटबैंक की राजनीति करनेवाली पार्टियां तो अवैध घुसपैठियों के वोटर कार्ड भी बनवा देतीं। वास्तव में देशहित और नागरिक सुरक्षा के मामलों को दलगत राजनीति से ऊपर रखना चाहिए। सुरक्षा जैसे विषयों पर राज्य और केंद्र सरकार के साथ अच्छा समन्वय रहना ही चाहिए।

देश के विभिन्न राज्यों में जो सांप्रदायिक हिंसा या दंगे हुए हैं, उनमें कई जगह बांग्लादेशी और रोहिंग्या मुसलमानों की संलिप्तता पायी गई है। म्यांमार जैसे शांत देश से भी रोहिंग्याओं को उनकी सांप्रदायिक एवं हिंसक प्रवृत्ति के कारण ही भगाया गया। बांग्लादेश भी उन्हें स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं है। हालांकि भारत की तथाकथित सेकुलर बिरादरी ने रोहिंग्याओं को बसाने के लिए खूब छापी पीटी थी। भारत में एक वर्ग है जो संप्रदाय के आधार पर अवैध घुसपैठियों के प्रति भी सहानुभूति का भाव रखता है जबकि इस्लामिक देश भी अपने यहाँ से अवैध घुसपैठ करके रह रहे दूसरे देशों के मुसलमानों को खदेड़ रहे हैं या उन्हें घुसने नहीं दे रहे। पाकिस्तान ने बड़ी संख्या में अफगानिस्तान के शरणार्थियों को जबरदस्ती वापस भेज दिया है। वहीं, फिलिस्तीन से जान बचाकर भाग रहे मुसलमानों को आसपास का एक भी इस्लामिक देश स्वीकार नहीं कर रहा है। सबने अपने दरवाजे बंद कर रखे हैं। जबकि भारत में स्थिति उलट है। यहाँ कुछ राजनीतिक दल भी वोटबैंक की राजनीति के चक्कर में अवैध घुसपैठ को न केवल नजरअंदाज करते हैं अपितु उनको बसाने में सहायता करते हैं। जब भाजपा सरकार ने एनआरसी लागू करके अवैध घुसपैठियों की पहचान करने का प्रयास किया तब भारत के प्रमुख विपक्षी दलों ने उसका विरोध किया।

## कुछ अलग

### चरित्र हनन का शक्तिशाली औजार भी बन रही है तकनीक, सतर्कता जरूरी

**पुष्पा** जैसी सफल फिल्म से प्रसिद्ध हुईं अभिनेत्री रश्मिका मंदाना इन दिनों एक वायरल वीडियो के कारण चर्चा में हैं। डीपफेक तकनीक के जरिये तैयार किए गए इस वीडियो में नजर आ रही एक महिला को रश्मिका मंदाना की तरह दिखाने की कोशिश की गई। अमिताभ बच्चन ने इस वीडियो का संदर्भ देते हुए एक्स पर लिखा कि इस मामले में कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए। केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा है कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उसके प्लेटफॉर्म पर गलत सूचना साझा न की जाए। कृत्रिम मेधा यानी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के आगमन से पत्रकारिता उद्योग में उम्मीदें बढ़ी थीं। उम्मीद यह भी जताई जा रही थी कि कृत्रिम मेधा से फेक न्यूज और गलत सूचना के प्रसार को रोकने का एक प्रभावी तरीका मिल जाएगा। पर व्यवहार में इसका उल्टा ही हो रहा है। एक तरफ प्रौद्योगिकी ने आर्थिक और सामाजिक विकास किया है, तो दूसरी ओर फेक न्यज में काफी वृद्धि हुई है। लोकतांत्रिक राजनीति के लिए अड़चन पैदा करने और चरित्र हनन करने में इंटरनेट एक शक्तिशाली औजार के रूप में उभरा है। डीपफेक में कृत्रिम मेधा एवं आधुनिक तकनीकों के इस्तेमाल के जरिये किसी वीडियो क्लिप या फोटो पर किसी और व्यक्ति का चेहरा लगाने का चलन तेजी से बढ़ा है। इसके जरिये कृत्रिम तरीके से ऐसे क्लिप या फोटो विकसित किए जा रहे हैं, जो देखने में वास्तविक लगते हैं। डीपफेक एक अलग तरह की समस्या है, जिसमें वीडियो सही होता है, पर तकनीक से चेहरा, वातावरण या असली ऑडियो बदल दिया जाता है और देखने वाले को इसका पता नहीं लगता कि वह डीपफेक वीडियो देख रहा है। डीपफेक बेहद पेचीदा तकनीक है। इसके लिए मशीन लर्निंग यानी कंप्यूटर में दक्षता होनी चाहिए। डीपफेक कंटेंट दो एल्गोरिदम का उपयोग करके तैयार किया जाता है, जो एक दूसरे के साथ प्रतिस्पर्धा करता है। एक को डिकोडर कहते हैं, तो दूसरे को एनकोडर। इसमें वह फेक डिजिटल कंटेंट बनाता है और डिकोडर से यह पता लगाने के लिए कहता है कि कंटेंट असली है या नकली। हर बार डिकोडर कंटेंट को असली या नकली के रूप में सही ढंग से पहचानता है, फिर वह उस जानकारी को एनकोडर को भेज देता है, ताकि अगले डीपफेक में गलतियां सुधार कर उसे और बेहतर किया जा सके। एक बार ऐसे वीडियो जब किसी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर आ जाते हैं, तो उनकी प्रसार गति बहुत तेज हो जाती है। इंटरनेट पर ऐसे करोड़ों डीपफेक वीडियो मौजूद हैं। इस तकनीक की शुरुआत अश्लील कंटेंट बनाने से हुई। पोर्नोग्राफी में इस तकनीक का काफी इस्तेमाल होता है। अभिनेता और अभिनेत्री का चेहरा बदलकर अश्लील कंटेंट पोर्न साइट्स पर पोस्ट किया जाता है। डीपट्रेस की रिपोर्ट के अनुसार, 2019 में ऑनलाइन पाए गए डीपफेक वीडियो में 96 फीसदी अश्लील कंटेंट था। इस तकनीक का इस्तेमाल मनोरंजन के लिए भी किया जाता है। डीपफेक कंटेंट की पहचान करने के लिए कुछ खास चीजों पर ध्यान देना जरूरी है। उनमें सबसे पहली है चेहरे की स्थिति। अक्सर डीपफेक तकनीक चेहरे और आंख की स्थिति में मात खा जाती है। देश में डिजिटल साक्षरता कम होने के कारण डीपफेक वीडियो समस्या को और गंभीर बनाते हैं।

### भारत में हम मिलावट का बाज़ार सिर चढ़ कर बोलता हुआ देखते हैं

# मिलावटख़ोरी देश के लिये कलंक

निर्मल रानी

खाद्य सामग्री विशेषकर दूध, घी, पनीर में व इनसे बनी मिठाइयों में मिलावट की ख़बरें सुर्ख़ियां बटोरने लगती हैं। परन्तु सच पूछिये तो यह पूरे देश का दुर्भाग्य है कि वह पूरे वर्ष मिलावटी खाद्य सामग्री का शिकार बना रहता है। खेतों में उगाई जाने वाली सब्ज़ियों से लेकर फल तक सभी में रासायनिक तत्वों की भरमार रहती है। अनेक महानगरों व औद्योगिक नगरों में तो खेतों में सब्ज़ियों की सिंचाई के लिये औद्योगिक कचरे व रसायन से युक्त ज़हरीला पानी तक इस्तेमाल किया जाता है। दूध के नाम पर तो 70 प्रतिशत से भी अधिक लोग ज़हर पी रहे हैं।

**वैसे** तो जब भी भारत में मनाये जाने वाले प्रमुख त्यौहार क़रीब आते हैं उस समय खाद्य सामग्री विशेषकर दूध, घी, पनीर में व इनसे बनी मिठाइयों में मिलावट की ख़बरें सुर्ख़ियां बटोरने लगती हैं। परन्तु सच पूछिये तो यह पूरे देश का दुर्भाग्य है कि वह पूरे वर्ष मिलावटी खाद्य सामग्री का शिकार बना रहता है। खेतों में उगाई जाने वाली सब्ज़ियों से लेकर फल तक सभी में रासायनिक तत्वों की भरमार रहती है। अनेक महानगरों व औद्योगिक नगरों में तो खेतों में सब्ज़ियों की सिंचाई के लिये औद्योगिक कचरे व रसायन से युक्त ज़हरीला पानी तक इस्तेमाल किया जाता है। दूध के नाम पर तो 70 प्रतिशत से भी अधिक लोग ज़हर पी रहे हैं। यदि इन पर तुरंत नियंत्रण नहीं किया गया तो एक अनुमान के अनुसार 2025 तक देश की लगभग 87 प्रतिशत आबादी कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी की गिरफ़्त में होगी। ज़रा सोचिये कि जिस देश में दूध के उत्पादन से लगभग चार गुना ज़्यादा प्रतिदिन दूध की खपत होती हो वहां शुद्ध दूध का प्रश्न ही कहाँ रह जाता है। होली दिवाली जैसे महत्वपूर्ण त्योहारों के दौरान स्वास्थ्य व खाद्य विभाग की टीमें थोड़ी बहुत मुस्तैदी दिखाती हैं जिसके चलते कुछ नाममात्र लोग नक़ली दूध, खोया, घी, मक्खन, दही या मिठाइयां आदि बनाते हुए पकड़े जाते हैं। कोई नहीं जानता कि ज़हर बेचने वाले इन दुष्ट मिलावटख़ोरों का ज़हर खा पी कर कितने लोग जानलेवा बीमारियां ख़रीद बैठे और कितने मौत की आग़ोश में समा बैठे। विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का सपना, विश्वगुरु बनने की ललक, देश में धर्म व अध्यात्म के नाम का हिलोरें मारता हुआ समुद्र, पूरे देश में प्रवचन कर्ताओं की भीड़, बुलेट ट्रेन दौड़ने की तैयारी जैसी तमाम बातें उस समय नाचते हुये मोर द्वारा अपना पैर देख लेने के समान हो जाती हैं जब इसी विकासशील भारत में हम मिलावट का बाज़ार सिर चढ़ कर बोलता हुआ देखते हैं। मिलावट ख़ोर केवल दूध घी में ही मिलावट नहीं करते बल्कि यह आटा, बेसन, मसाले, कुट्टू का आटा, तेल, पनीर, मावा आदि सभी खाद्य सामग्री में मिलावट करते हैं। कैमरा मोबाईल के इस दौर में अब न तो यह सब केवल आशंकायें रह गयी हैं न ही अंदाज़े। बल्कि इसी मिलावटख़ोर नेटवर्क में ही काम करने वाला कोई शख़्स जब इस भ्रष्ट व मिलावटख़ोर व्यवस्था से किन्हीं भी कारणों से स्वयं को अलग करता है वही




व्यक्ति काम छोड़ने से पहले चुपके से इस मिलावटख़ोरी प्रकरण की पूरी वीडिओ तैयार करता है और ख़ुद ही उसे सोशल मीडिया पर अपलोड कर देता है। फिर चाहे वह सब्ज़ियों में ज़हरीले इंजेक्शन लगाकर रातोंरात सब्ज़ी का आकर व वज़न बढ़ाना हो या रासायनिक अथवा डिटर्जेंट दूध तैय्यार करना हो। नक़ली व ज़हरीली मिठाइयां बनाना हो। घोर गंदिगी के वातावरण में खाने पीने का सामान तैयार करना हो या खाद्य सामग्री तैयार करते समय उसमें सड़ी गली चीज़ों का प्रयोग हो। सब कुछ देश की जनता देखती रहती है। हद तो यह कि बाज़ारों में सरे आम चांदी और सोने का वर्क़ लगी मिठाईयां बेची जा रही हैं जिनमें न ही सोना है न ही चांदी बल्कि एल्युमीनियम जैसी घातक धातुओं को चांदी और सोने के वर्क़ के नाम पर पूरे देश में धड़ल्ले से बेचा जा रहा है। मिलावटख़ोरी रोकने वाले विभाग वैसे तो वर्ष भर निरंतर जांच पड़ताल करने व नमूने इकट्ठे करने के लिये गठित किये गए हैं। परन्तु इन में मिलावटी मिठाइयों व खाद्य सामग्रियों की जांच पड़ताल में तेज़ी या विभागीय सक्रियता त्यौहारों से कुछ दिन पहले ही नज़र आती है। यही वजह है कि मिलावटख़ोरों के हौसले बुलंद रहते हैं और साल भर मिलावटी खाद्य सामग्री बेचने वाले लोगों के त्यौहारों के दौरान भी यह बाज़ नहीं आते। और इन्हीं त्योहारों के दिनों में वह मोटे नोट कमाते हैं। इस दौरान यदि खाद्य व स्वास्थ्य विभाग की टीम छापा मार कार्रवाई करती भी है और मिठाइयों या अन्य खाद्य सामग्रियों के सैंपल लेती भी है तो यह कार्रवाई एक लम्बी क़ानूनी प्रक्रिया से गुज़रती है। अगर मामला लेदेकर रफ़ा दफ़ा नहीं भी हुआ तो सेम्पल की लैब रिपोर्ट आने तक इंतज़ार करना पड़ता है। जबतक रिपोर्ट नेगेटिव नहीं आती तब तक दुकानदार अपना संदिग्ध सामान बेच सकता है। गोया फ़िलहाल तो इस तरह की छापामार कार्रवाई केवल ख़ानापूर्ति ही साबित होगी। और यदि सेम्पल फ़ेल हो जाता है और मिलावटख़ोरी साबित भी हो जाती है तो प्रायः इनपर 20 या 25 हज़ार रुपए जुर्माना हो जाता है। इस जुर्माने को मिलावटख़ोर आसानी से भरकर किसी कड़ी सज़ा से बच जाता है। नतीजतन मुंह में हराम के पैसे लग चुके ऐसे लोग पुनः मिलावट का काम करने में जुट जाते हैं। दरअसल किसी भी खाद्य सामग्री में मिलावटख़ोरी का सीधा सा अर्थ है आम लोगों की जान के साथ खिलवाड़ करना। आम लोगों को धीमा ज़हर बेच कर ख़ुद तो पैसे कमाना और अपने ग्राहकों के लिये संगीन बीमारी यहाँ तक कि मौत की राह हमवार करना। यह अपराध की उस श्रेणी में नहीं आता जिसमें किसी प्रकार की क्षमा की गुंजाइश हो। यह मिलावटख़ोरों और ज़हर परोसने वालों द्वारा किया जाने वाला ग़ैर इरादतन अपराध का मामला नहीं बल्कि पूरी तरह से सोच समझकर नियोजित तरीक़े से किया जाने वाला अक्षम्य अपराध है। और पकड़े जाने के बावजूद आरोपियों का लेदेकर या जुर्माना भरकर बच निकलना ही पूरे देश में मिलावटख़ोरी के दिनोंदिन बढ़ते जा रहे नेटवर्क को प्रोत्साहित करने का सबसे बड़ा कारण है। इन्हीं की वजह से अस्पतालों में भीड़ बढ़ती जा रही है। समय पूर्व लोगों की जान जा रही है। ऊँचे रुसूख़ रखने वाले स्वामियों की बड़ी से बड़ी नामी ग्रामी कंपनियां जिनके सैम्पल फ़ेल होने की बार बार ख़बरें आती रहती हैं उन पर भी कोई कार्रवाई नहीं होती। और इन अपराधियों के बुलंद हौसलों से 'प्रेरित' होकर पूरे देश में केवल खाद्य सामग्री ही नहीं बल्कि जीवन रक्षक दवाइयां तक नक़ली व मिलावटी बिकने लगी हैं। इस नेटवर्क से जुड़े लोगों को जुर्माने नहीं बल्कि कठोर दंड की ज़रुरत है। पेशेवर मिलावटख़ोर साबित होने पर तो ऐसे लोगों को फांसी की सज़ा तक मिलनी चाहिये। अन्यथा इनके घरों पर बुलडोज़र चलना चाहिये, इनकी सम्पत्तियाँ ज़ब्त की जानी चाहिये। इतना ही नहीं बल्कि जिस इलाक़े में ऐसे अपराधी रहते हों उस इलाक़े में इनका पूर्ण सामाजिक बहिष्कार किया जाना चाहिये। मुफ़्तख़ोरी करने वाले ऐसे लोग केवल लोगों की जान से ही खिलवाड़ नहीं करते बल्कि इनकी वजह से पूरी दुनिया में भारत की बदनामी भी होती है।

# रामगढ़ आस-पास की खबरें

### अस्ताचलगामी एवं उदीयमान भगवान भास्कर को हजारों श्रद्धालुओं ने नदी-नाला, तालाब के घाट में दिया अर्घ

## रजरप्पा कोयलांचल क्षेत्र में हर्ष और उल्लास के साथ संपन्न हुआ आस्था पवित्रता एवं स्वच्छता का त्यौहार छठ महापर्व

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रजरप्पा :** लोक आस्था एवं छठी मैया की महिमा का अपरंपार त्यौहार रजरप्पा कोयलांचल क्षेत्र में आस्था और भक्ति भाव से विभोर धूमधाम संपन्न हुआ। 36 घंटा तक चलने वाले निर्जला उपवास का महा त्योहार ,आस्था से जुड़ा त्यौहार पवित्रता एवं स्वच्छता का लोकप्रिय महापर्व छठ के मौके पर रविवार को छठ व्रत द्वारा अस्ताचलगामी सूर्य देवता भक्तिभाव से अर्घ दिया गया। जबकि सोमवार को अहले सुबह भगवान भास्कर उदीयमान सूर्य को हजारों भक्तों ने अर्घ देकर आस्था व्यक्त किया। इस मौके पर रजरप्पा आवासीय कॉलोनी के बामनधारा भैरवी नाला पर रजरप्पा क्षेत्र के छठ वरतियों हजारों की संख्या में नदी घाट पर पहुचे इस मौके पर गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी पहुंचे और सैकड़ो छठी मैया की डाला



में नारियल से नारंगी संतरा एवं केला आदि फलों का वितरण किया तथा तमाम देशवासियों को छठ मैया की महिमा बना रहे तथा क्षेत्र में सुख समृद्धि शांति के लिए शुभकामनाएं दी। दामोदर नदी बगलामुखी मंदिर छठ घाट पर आस्था के महापर्व पर रामगढ़ जिप सदस्य धनेश्वर महतो कुंदरु कला मुखिया किसुन राम मुंडा सहित सैकड़ो ने रख दिया तथा पार्षद ने रामगढ़ क्षेत्र की जनता के लिए मां भगवती से सुख समृद्धि की कामना किया और उगता हुआ भगवान भास्कर को नमन किया। इस मौके पर पंचायत के ग्रामीण क्षेत्रों में नदी नाला तालाब आदि छठ घाट में छठ वरतियों एवं त्यौहार में आस्था व्यक्त करने वाले श्रद्धालुओं द्वारा भक्ति भाव से छठ मैया को अरघ दिया। छतर मांडू नाला पर छठ वरत्तियों के लिए आकर्षक ढंग से छठ घाट को सजाया गया तथा घाटों मे आकर्षक रंग बिरंगी बिजली की रोशनी से चकाचौंध किया गया जिससे भक्तों को बेहतर सुविधा मिली चार दिनों तक चलने वाले आस्था का त्योहार शांतिपूर्वक ढंग से संपन्न हुआ उधर दुलमी में प्रखंड क्षेत्र के सिरू पोटमदगा, कोरचे, प्रियातू सिकनी सोसो उसरा आदि कई दर्जनों गांव में छठ मैया के विधि विधान से पूजा अर्चना किया गया फूल बेलपत्र नारियल मुली गाजर से नासपति हल्दी शकरकंद केला पानी सिंघाड़ा आदि दर्जनों किस्म के फलों का चढ़ावा किया,रजरप्पा चितरपुर क्षेत्र में हजारों की संख्या में अपने-अपने गांव पंचायत के विभिन्न नदी नाला तालाब आदि घाट पर श्रद्धालुओं ने अरघ दिया गया भक्ति भाव से छठ मैया की पूजा अर्चना विधि-विधान से की गई।

## प्रखंड क्षेत्र में लोक आस्था का महापर्व छठ धूम धाम के साथ हुआ संपन्न



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गोला :** प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गाँवों में लोक आस्था का महा पर्व छठ धूम-धाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर गोला, मगनपुर, चोकाद, बेटुलकला, संग्रामपुर, सोसो कलां, कुम्हरदगा, पूरबडीह, सुतरी, रकुवा, बन्दा चाड़ी, हुप्पु, तोयर, बरियातु, साड़म, नावाडीह, सरगडीह, बरलंगा, उपरबरगा, हेमतपुर सोसोखुर्द, महलीडीह, जांगी आदि गाँवों में किया गया।विभिन्न छठ घाटों में डीजे के धुन एवं छठ व्रत का लोकसंगीत एवं विद्युत साजसज्जा आकर्षण का केन्द्र रहा। प्रखंड प्रशासन, स्थानीय निकाय के जनप्रतिनिधियों एवं समाजसेवियों द्वारा विभिन्न छठ घाटों की अच्छी तरह से साफसफाई कराई गई थी ताकि छठ व्रतियों के साथ आनेवाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की परेशानियों का सामना ना करना पड़े। विद्युत साज सजावट से गोला रजरप्पा चौक, डीवीसी चौक, गोमती नदी गेरुवा टाँड़ जगमगा उठा। उदीयमान भगवान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ हीं लोक आस्था का चार दिवसीय यह महापर्व का समापन हो गया। ग्रामीण क्षेत्र के हेमतपुर में सोसो कलां मुखिया नीता देवी एवं वार्ड सदस्य जगेश्वर रजवार के नेतृत्व में छठ वर्तियों को फल, फूल, दूध तथा आम श्रद्धालुओं के लिए चाय की व्यवस्था की गई थी। गोला में भी पूर्व विधायक ममता देवी एवं बजरंग महतो की ओर से दुध, फल, फुल, माला की व्यवस्था की गई थी।

## पुरबडीह पंचायत में मुख्यमंत्री आमंत्रण कप फुटबॉल प्रतियोगिता 2023 का किया गया आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गोला :** प्रखंड के पुरबडीह पंचायत स्थित बाघाकुदर गांव में मुख्यमंत्री आमंत्रण कप फुटबॉल प्रतियोगिता 2023 का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में पुरबडीह,रायपुरा, बारघुटू, बाघाकुदर के बीच फुटबॉल मैच खेला गया। इस आयोजन में मुख्य रूप से गोला प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार शांडिल्य एवं विधायक प्रतिनिधि बिनू कुमार महतो शामिल हुए। प्रतियोगिता में पुरबडीह बनाम बाघाकुदर के बीच मैच खेला गया जिसमें पुरबडीह 4-0 गोल से विजयी हुई। रायपुरा बनाम बाघाकुदर के बीच में खेले गए मैच में बाघाकुदर 3-0 से विजयी रही।मौके पर पुरबडीह पंचायत सेवक जनार्धन गौप, ईश्वर देहरी, दिपक मुण्डा, ज्ञानी मुण्डा, राजेश महतो, राज कुमार सिंह मुण्डा, विशाल कुमार महतो,संजित महतो, लालधारी महतो सहित अनेकों लोग शामिल थे।

## गुरु नानक देव जी के 555वे जन्मोत्सव को लेकर तीसरे दिन निकाली गई प्रभात फेरी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** सिख धर्म के प्रवर्तक और सिखों के प्रथम गुरु श्री गुरुनानक देव के प्रकाशोत्सव पर तीसरे दिन निकाली गई प्रभातफेरी।प्रभातफेरी के तीसरे दिन भी बड़ी संख्या में सिख समाज के पुरुष और महिला शामिल हुए. प्रभात फेरी में साध-संगत सबद गाते लोग चलते रहे. प्रभात फेरी में सबसे आगे सरदार त्रिलोचन सिंह हाथों में निशान साहब लेकर संगत की अगुवाई कर आगे आगे चल रहे थे।मिटी धुंध जग चानन होया, मूल खरीदी लाला गोला, सा धरती पई हरियावाली जित्थे मेरा सतगुरु बैठा आए,माता की आशीष पुता माता की आशीष शब्दों से पूरा क्षेत्र गूंजता रहा. लोगों में प्रफातफेरी को लेकर काफी उत्साह था।प्रभातफेरी गुरुद्वारा साहिब से निकल कर फुटबॉल ग्राउंड तक शबद गायन करते पहुंची वहां से स्कूल की बसों के द्वारा प्रभात फेरी ब्लॉक तक गई, ब्लॉक से फिर शब्द गाते हुए प्रभात फेरी सरदार मनपाल सिंह सोनी के नए परिसर एसबीआई बैंक परिसर में पहुंची। जहां साथ संगत का स्वागत किया गया।गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से सरदार प्रीतम सिंह कालरा ने सरदार मनपाल सिंह सोनी को सरोपा देकर सम्मानित किया। यहां परिवार वालों ने साथ संगत के लिए चाय नाश्ता का प्रबंध किया. प्रभातफेरी में रामगढ़ गुरुद्वारा मित प्रधान अमरजीत सिंह सैनी, मित प्रधान हैप्पी छाबड़ा, डॉक्टर नरेंद्र सिंह, हरपाल सिंह अरोड़ा, जोगेंद्र सिंह जग्गी इंद्रजीत जसल, हरजाप सिंह, दलजीत सिंह गुल्लू आनंद, तेजिंदर सिंह सोनी, कुलवंत मारवाह, कुलजीत सिंह कालरा, पपींदर सिंह खंबे,अनमोल आनंद, जसविंदर सिंह सलूजा, गुरप्रीत चाना, जगजीत सिंह, प्रसिद्ध सबद गायक सुरजीत सिंह छाबड़ा, इंद्रजीत सिंह कालरा, आदि थे ।

## 65वां गोपाष्टमी महोत्सव की तैयारी पूरी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** रामगढ़ गौशाला परिसर में 65 वा गोपाष्टमी महोत्सव होने वाले कार्यक्रमों की तैयारी श्री रामगढ़ गौशाला कमेटी द्वारा पूर्ण कर ली गई है रामगढ़ गौशाला कमेटी के अध्यक्ष बजरंग लाल अग्रवाल एवं मेला संयोजक नंदलाल अग्रवाल ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी गौशाला परिसर रामगढ़ में गोपाष्टमी महोत्सव का आयोजन किया गया है जिसका उद्घाटनकर्ता सह मुख्य अतिथि श्रीमती सुनीता चौधरी विधायक रामगढ़ विधानसभा, अति विशिष्ट अतिथि पुनीत कुमार पोद्दार अध्यक्ष रांची गौशाला न्यास, विशिष्ट अतिथि प्रदीप राजगढ़िया सचिव रांची गौशाला न्यास, मुख्य वक्ता किशोर मंत्री अध्यक्ष फेडरेशन चेंबर ऑफ कॉमर्स रांची एवं अतिथि विनय कुमार अग्रवाल अध्यक्ष रामगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स इन इंडस्ट्रीज होंगे इस अवसर पर रामगढ़ गौशाला की लगभग सवा सौ गायों को पूजा कर उनको अंग वस्त्र पहनाकर, हवन आदि किया जाएगा इस अवसर पर गौशाला की कर्मियों को भी वस्त्र एवं ठंड के कपड़े प्रदान किए जाते हैं अग्रवाल ने बताया कि रामगढ़ गौशाला परिसर लगभग 20 एकड़ भूमि में फैला हुआ है जहां लगभग सवा सो गाये हैं जिनमें से 30 गाय दूध देती है बाकी सभी गाय नत्थी है जिनकी सेवा रामगढ़ गौशाला कमेटी द्वारा 365 दिन की जाती है इस अवसर पर रामगढ़ गौशाला कमेटी की महिला सदस्यों द्वारा खानपान का स्टाल भी लगाया जाता है साथ ही अपने वजन के बराबर तुलादान की व्यवस्था भी गौशाला परिसर में की जाती है श्री कृष्ण विद्या मंदिर एवं श्री रामप्रताप रानी लिया स्कूल के बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया जाता है साथ ही बच्चों के लिए गेम्स भी रहता है पिछले 65 वर्षो से इस तरह का आयोजन किया जा रहा है इस अवसर पर श्री रामगढ़ गौशाला कमेटी के अध्यक्ष बजरंग लाल अग्रवाल मेला संयोजक नंदलाल अग्रवाल श्री कृष्ण विद्या मंदिर के अध्यक्ष आनंद अग्रवाल (अधिवक्ता) कृष्णा विकास संस्थान के अध्यक्ष महेश रानीलिया,कृष्ण विद्या मंदिर के प्रिंसिपल ब्रह्मदेव द्विवेदी प्रशासक एस पी सिन्हा राम प्रताप रानी लिया स्कूल की प्रिंसिपल रीना मंडल आदि सभा स्थल पर उपस्थित होकर होने वाले गोपाष्टमी महोत्सव के कार्यक्रमों का जायजा लिया।

## भगवान भास्कर को अर्घ्य देकर संपन्न हुआ लोक आस्था का पर्व छठ

प्रभात मंत्र संवाददाता

**उरीमारी :** उरीमारी-सयाल सहित पूरे कोयलांचल में लोक आस्था का पर्व छठ धुम-धाम से मनाया गया। वहीं अस्तचलगामी व उदयमान भगवान भास्कर को अर्घ्य देकर छठ पूजा संपन्न हुआ। वहीं छठव्रतियों ने रविवार को अस्तचलगामी व सोमवार की सुबह उदयमान भगवान? भास्कर को? शुद्ध दुध से अर्घ्य दिया।वहीं सोमवार को अर्घ्य देने के बाद छठव्रतियों द्वारा घाट पर मौजूद श्रद्धालुओं के बिच प्रसाद दिया गया। वहीं छठव्रतियों ने 36 घंटे निर्जला उपवास रहकर छठ मां से परिवार की खुशहाली और सुख शांति की कामना की। तो वहीं छठव्रतियों ने सोमवार को 36 घंटे का उपवास पारण कर समाप्त किया।सयाल व उरीमारी में छठ पूजा समिति ने छठव्रतियों के लिए सेवा में तत्पर रही। समिति के लोगों ने छठव्रतियों के बीच फल, फूल,दुध सहित पुजन की सामान का वितरण किया। वहीं छठ पूजा समिति उरीमारी में राकोमयू के क्षेत्रीय सचिव राजू यादव, उरीमारी ओपी प्रभारी बिरबल करमाली, विस्थापित नेता महादेव बेसरा, सीताराम किस्कू, कानू मरांडी,डा जीआर भगत,आयुष,आर्यन, रवि पावरीया, बिनोद प्रजापति,दीपक यादव, कमलेश यादव, राधेश्याम बैठा, सतीश कुमार, सुधीर सरकार, शिवराज बेदिया, अनिल पांडेय आदि लोगों का सहयोग रहा।दुसरी ओर छठ पूजा समिति सयाल में मुखिया आशा देवी, पंचायत समिति कंचन कुमारी, झामुमो नेता सतेन्द्र यादव, अर्चना देवी, बिरेन्द्र पासवान,आदि थे ।

# उदीयमान सूर्य को अर्घ देने के साथ संपन्न हुआ छठ, एसपी आवास भी हुआ भक्तिमय

**➲लातेहार व पलामू एसपी ने किया छठ**

**संजय प्रजापति@प्रभात मंत्र**

**लातेहार** : लोक आस्था का महापर्व छठ उत्साह और उमंग के साथ सोमवार को सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य देने के बाद संपन्न हो गया। महापर्व छठ के चार दिवसीय अनुष्ठान के चौथे दिन सुबह छठ व्रतियों ने पूरी आस्था के साथ उदीयमान सूर्य भगवान को अर्घ्य देकर सभी के लिए सुख और समृद्धि की कामना की। वहीं एसपी आवास भी छठ के गीतों से भक्तिमय हो गया। यहां पर एसपी अंजनी अंजन सपत्नीक पलामू एसपी रिष्मा रमेशन के साथ लोक आस्था के महापर्व छठ धूमधाम से किया। उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के लिए लातेहार जिले में आधी रात के बाद से ही जलाशयों के आसपास मेला जैसा नजारा देखने को मिला। भगवान भास्कर को अर्घ्य देने के लिए दौरा में प्रसाद सजा कर छठ व्रतियों के साथ-साथ हर कदम जलाशयों-तालाबों की ओर बढ़ते दिखे।





**लातेहार-पलामू एसपी तीन वर्षो से कर रहे हैं छठ**

लातेहार एसपी अंजनी अंजन सपत्नीक (पलामू एसपी रिष्मा रमेशन) आस्था के महापर्व छठ लातेहार में पिछले तीन वर्षो से लगातार करते आ रहे हैं। उन्होंने स्वयं छठी मईया का दउरा उठाया और मुख्य छठ घाट पहुंचे। इससे पहले खरना के दिन उनके आवास पर प्रसाद ग्रहण करने वालों की भीड़ देखी गई। यहां पर जिले के गणमान्य लोगों सहित पुलिस के जवान प्रसाद ग्रहण करते नजर आए। इस अवसर पर एसपी ने कहा की छठ पर्व सूर्य देव की उपासना का पर्व है, सनातन समाज के लोगों को सूर्य की उपासना जरूर करनी चाहिए।सूर्य की पूजा तो हमारे संस्कार में शामिल है,हमारे समाज में लोग प्रतिदिन सूर्य देव को जल देने के बाद ही अपने दिन की शुरुआत करते है। वहीं विधायक बैद्यनाथ राम ने कहा कि सूर्य है तो जीवन है, पृथ्वी पर जन जीवन सूर्य की कृपा के बिना संभव नहीं है। लातेहार के मुख्य छठ घाट चानक्यनगरी, पम्पू कल स्थित छठ घाट, रेलवे स्टेशन छठ घाट, मनिका, बालूमाथ, चंदवा, महुआडांड, हेरहंज, बारियातू, नेतरहाट, बेतला, गारू के विभिन्न जलाशयों में छठ पूजा को लेकर जिला प्रशासन और लातेहार नगर पंचायत की ओर से विशेष सुरक्षा व्यवस्था और लाइटिंग के बीच छठव्रतियों ने भगवान भास्कर को अर्घ्य दिया और ब्रह्मांड के कल्याण की कामना भगवान सूर्य से की। इस बार भी बड़ी संख्या में लोगों ने अपने अपने आवासीय परिसर के बाहर बनें कृत्रिम तालाब पर भी भगवान सूर्य की उपासना की।

**सुरक्षा के थे पुख्ता इंतजाम**

इस दौरान प्रमुख छठ घाटों पर सुरक्षा की पुख्ता इंतजाम किए गए थे। लातेहार जिला मुख्यालय में छठ पर्व को लेकर अतिरिक्त जवानों की तैनाती की गई थी। इसके अलावे स्थानीय गोताखोरों को भी तैनात किया गया था। ड्रोन कैमरे से प्रमुख छठ घाटों की निगरानी भी की जा रही थी। लातेहार में थाना प्रभारी आशुतोष कुमार अपने दल बल के साथ सुरक्षा व्यवस्था में तैनात नजर आए। साथ ही जिले में सभी छठ घाटों की निगरानी कंट्रोल रूम से किया जा रहा था।

## उदयीमान भगवान भास्कर को अर्घ देने के साथ आस्था का पर्व संपन्न



**बरवाडीह (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बरवाडीह प्रखंड क्षेत्र में आस्था का महान पर्व छठ सोमवार को उदयीमान भगवान भास्कर को अर्घ्य देने के साथ शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। जहां चार दिवसीय महान पर्व छठ पूजा पर क्षेत्र के लगभग सभी घाटों पर सम्मानित विधायक रामचंद्र सिंह ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। वहीं विधायक की पत्नी सह पूर्व जिला परिषद सदस्य इंदू देवी ने महान पर्व छठ पूजा अपने परिवार व पुत्र विजय बहादुर सिंह के साथ मंगरा छठ घाट पर भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित कर क्षेत्र में खुशहाली की कामना की। मौके पर विधायक प्रतिनिधि प्रेम कुमार सिंह समेत कई छठ व्रतियां शामिल रहे।

## किनामाड़ छठ घाट पर सीआरपीएफ के द्वारा मनाया गया आस्था का महापर्व छठ



**लातेहार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीआरपीएफ के 11वीं बटालिएन के द्वारा आस्था का महापर्व छठ जिला मुख्यालय के किनामाड़ स्थित छठ घाट पर धूमधाम के साथ मनाया गया। 11 वीं बटालियन के कमांडेंट वेद प्रकाश त्रिपाठ के दिशा निर्देश पर जवानों के द्वारा किनामाड़ घाट पर महापर्व छठ पूजा को लेकर घाट की साफ-सफाई, मेडिकल कैम्प, श्रद्धालुओं के रहने हेतु टेन्ट, लाईट, कुर्सी एवं चाय-पानी की व्यवस्था की गई। जिसकी किनामाड़ घाट पर आये सभी श्रद्धालुओं द्वारा सराहना की गई। इस पावन महापर्व पर कंपनी कमांडेंट वेद प्रकाश त्रिपाठी ने सभी श्रद्धालुओं को छठ पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।इस अवसर पर उप कमाण्डेन्ट मुकेश कुमार सिंह, सूबेदार मेजर राजा सिंह तोमर, उप निरीक्षक रमाकान्त सिंह तथा जवान एवं उनके परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

## स्व. रामदेव गंझु की पुण्यतिथि मनाने को लेकर हुई बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू : प्र**खण्ड मुख्यालय के सरना भवन परिसर मे खरवार भोगता सामाज विकास संघ बारियातू प्रखंड कमिटी क़ी बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता बहादुर गँझू ने किया। इस बैठक में 15 दिसम्बर को स्व रामदेव गंझू की पुण्यतिथि कार्य क्रम को लेकर चर्चा की गई। तथा कार्यक्रम में भारी संख्या में शामिल होने पर निर्णय ली गई. इस बैठक का सफल संचालन प्रखंड कोषाध्यक्ष योगेंद्र गंझू ने की। स्व रामदेव गंझू का 8 वां पुण्यतिथि कार्यक्रम 15 दिसंबर 2023 को चंदवा के नगर में कार्यक्रम आयोजित कर किया जायेगा। इस कार्यक्रम को विधिवत अनुशासनबद्ध तरीके से सफल बनाने हेतु कई महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया।साथ ही रामदेव गंझू का 8वां पुण्यतिथि मनाने के लिए 15 दिसंबर 2023 दिन शुक्रवार को खरवार भोगता विकास संघ बरियातू प्रखंड के प्रत्येक पंचायत गांव टोले मुहल्ले के सभी खरवार भोगता समाज के सभी महिला पुरुष को अधिक से अधिक संख्या में नगर चंदवा में शामिल होने के लिए प्रेरित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में केंद्रीय अध्यक्ष दर्शन गंझू, उपाध्यक्ष रामनाथ गंझू, सलाहकार झलकू गंझू, जिला अध्यक्ष प्रेमचंद गंझू, सचिव सत्यनारायण गंझू, युवा मोर्चा अध्यक्ष प्रकाश गंझू, महामंत्री दीपू गंझू, प्रखंड अध्यक्ष चंदवा रामवचन गंझू, प्रखंड अध्यक्ष बारियातू बहादुर गंझू, कोषाध्यक्ष योगेंद्र गंझू, उपाध्यक्ष रवि गंझू,युवा मोर्चा अध्यक्ष राजेश्वर गंझू, अध्यक्ष गोनिया विनोद गंझू, फुलसू अशोक गंझू, डाढा विनय गंझू, नानहु गंझू, बालूभांग पंचायत अध्यक्ष नरेश गंझू, सभी ग्राम अध्यक्ष कैलाश गंझू, सेवक गंझू, सतावन गंझू, कुलदीप, सुरेंद्र, करण, दशरथ गंझू सहित कई लोग मौजूद थे।




## फील्ड फायरिंग मुद्दे पर पूर्व सांसद नागमणि ने कहा जान की बाजी लगा देंगे फील्ड फायरिंग से लोगों को प्रभावित और विस्थापित नहीं होने देंगे

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मयूरहंड :** चतरा लोकसभा के पूर्व सांसद नागमणि सोमवार को मयूरहंड प्रखंड के दर्जनों गांवों का दौरा कर लोगों से मिलकर उन्हें छठ की शुभकामनाएं दी। दोपहर 2:00 प्रखंड के ढोढी, मधनियां पहुंचे जहां पर लोगों ने नागमणि को घेर लिया और कहा चतरा में आपसे बेहतर और कोई उम्मीदवार नहीं हो सकता। यहां पर लोगों ने पूर्व सांसद से कहा पिछले 9 सालों में चतरा लोकसभा का विकास और विश्वास दोनों को गहरा धक्का लगा है। जिसे आगामी लोकसभा चुनाव में खत्म करना है ।प्रभात मंत्र से विशेष बातचीत करते हुए पूर्व सांसद ने कहा चतरा हमारे पूज्य पिता की कर्मभूमि है और उनके सपने अभी अधूरे हैं जिसे पूरा करना भी बाकी है। नागमणि ने आगे कहा कि फील्ड फायरिंग रेंज को वर्षो पहले मैंने अपने सूझबूझ तरीके से खत्म करवाया था लेकिन फिर से एक बार फील्ड फायरिंग का मुद्दा गरम है। प्रभात मंत्र के जरिए अपने संदेश में पूर्व सांसद ने कहा कि चतरा लोकसभा क्षेत्रवासियों को मैं आश्वस्त कर देना चाहता हूं कि फील्ड फायरिंग को लेकर जो भी बातें इन दोनों लोगों के बीच ट्रेंड कर रहा है इसे फिर से एक बार रोकने के लिए हम अपनी जान की बाजी लगा देंगे लेकिन फील्ड फायरिंग से लोगों को प्रभावित और विस्थापित नहीं होने देंगे।इस मौके पर मुख्य रूप से समाजसेवी मनोज दांगी, सर्जन प्रसाद दांगी, रंजीत महतो महेंद्र दांगी डा.बाबूलाल दांगी, गोपाल दांगी, राजू दांगी दीपू दांगी, डोमन दांगी नरसिंह दांगी, ललन महतो, बबुनी दांगी समेत कई अन्य समाजसेवी और युवा मौजूद थे।



## इटखोरी पुलिस की अच्छी पहल, छठव्रतियों के बीच किया फल वितरण



**इटखोरी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र में सुख, शांति और अमन के लिए थाना प्रभारी विनोद कुमार ने स्टॉल लगाकर छठव्रतियों के बीच फल प्रसाद का वितरण किया।थाना प्रभारी विनोद कुमार तथा पुलिस के जवानों ने छठ घाट जा रहे सभी सूपों पर नारियल, केला, सेव् एवं अन्य फलों का वितरण किया।एवं छठ मइया से क्षेत्र की शांति की कामना की।

## पूर्व सैनिक वेलफेयर ट्रस्ट के जिला अध्यक्ष द्वारा छठव्रतियों के बीच किया गया फल वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखण्ड के खपिया पगार के मानत नदी छठ घाट में पूर्व सैनिक वेलफेयर ट्रस्ट के जिला अध्यक्ष मोहन कुमार साहा द्वारा छठव्रतियों के बीच फल फूल एवं पूजन सामग्री का वितरण किया गया। वहीं इसके पूर्व उक्त मानत नदी छठ घाट की प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी सफाई किया गया। खपिया पगार निवासी पूर्व सैनिक मोहन कुमार साहा ने बताया कि मैं प्रत्येक वर्ष नदी घाट की सफाई करने के साथ साथ छठ घाट पर लाइट, साउंड की भी व्यवस्था करते आ रहा हूँ। ताकि छठ व्रतियों को पूजा आस्था में कोई परेशानी ना हो। वहीं छठ व्रतियों के लिए फल फूल एवं पूजन सामग्री का वितरण करते आ रहा हूँ। धार्मिक कार्य करने में जहां मुझे खुशी होती है वहीं लोगों के दिलों में स्नेह व प्यार मिलता है।

## लोक आस्था का महापर्व छठ धूमधाम से मनाया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुन्दा :** लोक आस्था व सूर्य उपासना का महान पर्व छठ पूजा श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ सोमवार को सम्पन्न हुआ। छठ व्रतियों ने रविवार शाम को अस्चलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया जबकि सोमवार को उगते हुए सूर्य को छठव्रतियों ने अर्घ्य दिया। पूजा को लेकर छठ घाट पर रौनक देखी गई कुंदा पंचायत मुखिया सह महादेव मठ समिति के अध्यक्ष मनोज साहु ने आपने निजी खर्च से छठ घाट पर लाइट, टेंट व साउंड की व्यवस्था कराया साथ ही महादेव मठ छठ घाट पहुँचने वाले दोनों मार्ग पर लाइट लगवाया ताकि छठ व्रतियों को छठ घाट पहुँचने में परेशानी न हो। इसके अलावे मुखिया ने पंचायत क्षेत्र के सभी छठघाट पहुँच छठ व्रतियों के बीच फल का वितरण किया। इस मौके पर बीरबल शर्मा, आशीष कुमार, बैजू साहू, सुनील गुप्ता, बिनोद पासवान समेत कई लोग शामिल थे।

## हर्षोउल्लास के साथ भक्तिभाव में सम्पन्न हुआ छठ पर्व



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हंटरगंज :** हर वर्ष की भाती सूर्यदेव के प्रति आस्था और विश्वाश का महापर्व छठ में गेरुआ छठ घाट पर मुख्य रूप से पहुँचा और छठ पूजा कमिटी के सदस्यों द्वारा किया गया फल वितरण में शामिल हुआ। प्रखण्ड हंटरगंज ग्राम पंचायत गेरुआ में सनातन धर्म के सबसे महापर्व सूर्यदेव के प्रति आस्था और विश्वाश का महापर्व छठ पूजा के शुभ अवसर पर हर वर्ष की भाती, अपने घर पर पर्व होते हुए भी, गेरुआ छठ घाट पर पहुँचा और संध्या अर्घ्य दिया और भगवान् भास्कर से प्रार्थना किया, की देश एवं प्रदेश में खुशहाली बनी रहे। छठ पूजा समिति के सदस्यों को हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दिया। कार्यक्रम में आनन्द कुमार जी, संभु दांगी जी, भोला जी, राजेश ठाकुर जी, अमृत पासवान जी, सिवरत साव जी, एवं अन्य ग्रामीण महानुभाव लोग शामिल हुए।

## झारखंड राजद प्रदेश महासचिव सह चतरा लोकसभा पूर्व प्रत्याशी अरुण कुमार यादव का मामा का आकस्मिक निधन



**चतरा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोकसभा पूर्व प्रत्याशी एवं भावी प्रत्याशी सह राजद प्रदेश महासचीव झारखंड के श्री अरूण कुमार यादव के मामा बिहार राज्य के गया जिला के इमामगंज थाना क्षेत्र के ग्राम नवाडीह निवासी बाबूलाल यादव का आकस्मिक निधन हो गई।घटना की जानकारी होते ही तत्काल पहुंचे और दाह संस्कार में शामिल हुए।मौके पर सभी परिवारों को सांत्वना दिए एवं हिम्मत से काम लेने की बात बोले तथा मृत आत्मा को शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किए।उनके साथ में जदयू के संगठन मंत्री सह प्रवक्ता मुकेश कुमार यादव एवं वेद प्रकाश उपस्थित थे। अतिम संस्कार के पश्चात लौटने के क्रम में हंटरगंज प्रखंड के कई इलाकों में भ्रमण किए। इस दौरान हंटरगंज प्रखंड के ग्राम लोहसिघना में रामप्रवेश यादव के पिता का ब्रह्मभोज में शमिल हुए।

## आस्था और विश्वास के साथ तन मन धन से किया छठव्रतियों ने सूर्यदेव को समर्पित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** जिले में छठ महापर्व आस्था और विश्वास के साथ सोमवार को सूर्योदय सूर्यदेव को अर्घ्य देने के बाद समापन हो गया। सभी छठव्रतियों ने आस्था और विश्वास के साथ तन मन धन देकर सूर्यदेव को समर्पित किया। वहीं क्षेत्र और परिजन की सकुशलता की कामना किया। छठ व्रतियों ने तीन दिन उपवास रह कर अपने अपने घाटों तलाबों में जाकर सूर्यास्त सूर्यदेव और अरनिमा सूर्यदेव भगवान को आराधना करते हुए अर्घ्य दिया। वहीं जिले के सभी थाने के पुलिस कर्मियों की चाक चौकसी तथा तैनाती सभी छठ घाटों में रही। वहीं सभी छठ घाटों को खूबसूरती के साथ सजाया गया था। लोग आस्था में डूबे हुए थे। बता दें की हिन्दू धर्म में आस्था और शुध्दता का प्रतीक छठ महापर्व को माना गया है। इस त्योहार में बिल्कुल शुध्दता यानी मन शुध्द तन शुध्द और खान पान शुध्दता के साथ छठ पर्व मनाया जाता है। आस्था के पर्व में सभी तरह के फलों और कन्द मूल एवं पूजन सामग्री के साथ सूर्यदेव भगवान को चढा कर खुश करने की कोशिश की जाती है।छठ महापर्व नहाय खाय के साथ शुरुआत हो जाती है। साथ हीं इस पर्व से मन आस्था से ओतप्रोत हो जाता है। चार दिनों कि छठ महापर्व के लिए महीनों पहले से तैयारियां करना शुरू हो जाती है। पर्व को लेकर उत्साह एवं उमंग इतना होता है कि इस व्रत की कठिनाई महसूस ही नहीं हो पाती है। वैसे तो यह पर्व बिहार और पूर्वी उत्तर प्रदेश तथा झारखण्ड में प्रमुख रूप से मनाया जाता है। लेकिन बदलते समय के साथ दूसरे प्रदेश के लोग भी अब इस महापर्व को मनाने लगे हैं। खासकर दिल्ली और एनसीआर में देश के विभिन्न हिस्से से आए लोग एक ही घाट पर यह पर्व मनाते है। छठमहापर्व में छठ व्रतियों का 36 घंटे के करीब निर्जला उपवास रहते हैं। जो खरना के साथ शुरू होता और उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के बाद खत्म हो जाता है।



**मंत्री ने किया हंटरगंज और प्रतापपुर प्रखंड का दौरा**

## सरकारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाया जाए : मंत्री सत्यानंद भोगता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हंटरगंज :** सूबे के श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास मंत्री सत्यानंद भोगता ने सोमवार को हंटरगंज और प्रतापपुर प्रखण्ड के दर्जनों गांव का भृमण कर लोगों से मिलकर उनकी समस्याओं से रूबरू होते हुए निदान का भरोसा दिलाया। उन्होंने सरकार के चार वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम आपकी योजना आपकी सरका आपके द्वार पर व्यापक प्रकाश डालते हुए लोगों को उस से लाभ लेने के लिए प्रेरित किया।उन्होंने यह भी बताया की अब किसी भी गरीब का घर कच्चा नही होगा सभी लोग अबुआ आवास का लाभ लें और लोगों को इस के लिए प्रेरित करें। उन्होंने यह भी कहा कि पंचायत स्तर पर लगने वाले शिविर में गांव की समस्याओं का निदान ऑन द स्पॉट होगा। शिविर में आकार अपनी अपनी समस्याओं का निदान कराएं। आधुनिक दौर है सभी ऑन लाईन प्रक्रिया से काम किया जाता है। इसके लिए भी ग्रामीणों को प्रेरित किया जाए ताकि सस्याओं का निदान किया जा सके। उन्होंने आगे कहा कि यह सरकार गरीब गुरबा की है।सरकार अपनी योजनाओं को समाज के आखिर पायदान पर बैठे लोगों तक पहुंचाना चाह रही है।सरकार की योजनाएं तभी सफल होगी जब जनमानस की भागीदारी सुनिश्चित हो और उसके लिए अभी से कार्यकर्ताओं और नेताओं को जन सेवा के भौवना से लग जाना होगा तभी लोगों का कल्याण संभव है। उन्होंने यह भी बताया की श्रम मंत्रालय में मजदूरों का रजिस्ट्रेशन कराना भी सुनिश्चित किया जाए ताकि लोग लाभान्वित हो सकें। श्रम मंत्रालय में मजदूरों का बेहतरीन मुफ्त इलाज किया जाता है। आवश्यकता अनुसार रेफर किए जाने पर देश के नामित हस्पतालों में भी मुफ्त इलाज किया जाता है। गरीब छात्र एवं छात्राओं के लिए छात्रवृति भी दिए जाने का परवाधान है।गरीब लड़कियों की शादी में भी सहायता राशि दिया जाता है।



## उगते हुए सूर्य को अर्ध्य अर्पित कर आस्था का महापर्व छठ कुडू में सम्पन्न

**कुडू-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोक आस्था का महापर्व छठ के चौथे दिन प्रखंड क्षेत्र में सोमवार 20 नवम्बर को उगते हुए सूर्य को अर्ध्य अर्पित कर पारण के पश्चात् हर्षो उल्लास के साथ संपन्न हो गया। छठ को लेकर चार दिनों तक पुरा क्षेत्र भक्तिमय रहा। हर गली मोहल्लों से लेकर छठ घाट तक छठ पूजा के गीत गूंजते रहे। पर्व के चौथे एवं अंतिम दिन सूर्य उदय से पूर्व से कुडू के टीको, जिलिंग, बड़की चापी, सलगी, जिमा, लावागाई, रूद, जरियो, होटवार, छोटकी चाँपि आदि विभिन्न घाटों और जलाशयों पर व्रती और उनके परिजन अपने अपने घरों से पूजा सामग्रियों के साथ बड़ी संख्या में व्रतधारी टीको सहित विभिन्न नदियों के तट और जलाशयों के किनारे पहुंचे और उदीयमान सूर्य को अर्ध्य देकर भगवान भास्कर की पूजा-अर्चना की। व्रतियों ने आधे कमर पानी में खड़े होकर पूजा सामग्री से भरे सूप हाथों में लिए भगवान भास्कर को पूरी श्रधा के साथ दूसरा अर्ध्य दिया। दूसरा अर्ध्य देने के साथ ही उनका छत्तिस घंटे का निर्जला उपवास भी समाप्त हो गया। उगते हुए सूर्य को अर्ध्य देकर इस महा अनुष्ठान का समापन हुआ। इसके बाद घाटों पर छठ माता को प्रणाम कर उनसे संतान-रक्षा का वरदान मांग कर लोगों ने प्रसाद बांट कर और फिर व्रतियों ने खुद भी प्रसाद खाकर व्रत खोला। व्रतियों ने छठ घाटों में भगवान सत्यनारायण की कथा भी सुनी। इससे पूर्व महापर्व के दूसरे दिन छठ व्रतियों ने खरना अनुष्ठान किया और भगवान सूर्य की पूजा अर्चना के बाद खीर का प्रसाद ग्रहण किया। छठ व्रतियों द्वारा प्रसाद ग्रहण करने के बाद श्रद्धालुओं ने घर-घर जाकर खरना का प्रसाद ग्रहण किया। देर रात तक छठ व्रतियों के घरों में प्रसाद वितरण करने और खिलाने का दौर चलता रहा। ततपश्चात् रविवार को छठ महापर्व का पहला अर्ध्य अस्ताचलगामी सूर्य को देने के लिए कुडू प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न घाटों पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। छठ को लेकर पुरे दिन छठ व्रती के परिजन खरीदारी में जुटे रहे। कुडू बस स्टैंड सहित अन्य स्थानों पर फल एवं पूजा सामग्रियों की दुकानो पर भीड़ लगी रही।

## संक्षिप्त खबरें

### प्रेस क्लब अध्यक्ष गोपाल प्रसाद के द्वारा छठ वर्तियों के बीच बांटी गई फल व नारियल



**बरकट्ठा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोक आस्था और सूर्योपासना का महापर्व छठ सोमवार की उदयमान भगवान भास्कर को छठ व्रतियों द्वारा मनवांछित मनोकामना पूर्ण हेतु अर्घ्य देने के साथ पूर्णाहुति हो गई। छठ महापर्व के पूर्व बरकट्ठा प्रेस क्लब अध्यक्ष गोपाल प्रसाद के द्वारा प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न छठ घाटो पर पहुंचकर छठ वर्तियों के बीच फल वा नारियल वितरण किया गया। तत्पश्चात छठ महापर्व के प्रथम दिन नहाय- खाय और दुसरे दिन खरना का प्रसाद ग्रहण करने प्रखंड क्षेत्र के बरकट्ठा,बरवां,सलैया, बसरिया,मासीपीढी,कपका , तुईयो आदी कई गांव पहुंचकर कई छठ महाव्रतियों के घर पहुंचे एंव ग्रामीणों के द्वारा अपने अपने गांव के छठ घाटो को श्रमदान कर सफाई करने वाले आम जनों को हौसला अफाजई करते हुए उन्हें बधाई दिया,एंव छठ व्रतियों का अभिवादन कियाऔर छठ घाट पर पहुंचकर अस्तलचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया एवं सभी को छठ महापर्व की बधाई वा शुभकामना दी साथ ही भगवान भास्कर से उन्होंने सभी के जीवन में सुख , समृद्धि और सुख- शांति का प्रकाश सदैव बना रहें ऐसी अराधना किया,मौके पर नंदलाल प्रसाद,महाबीर ठाकुर,पिंटु कुमार,विवेक कुमार,दिलीप रजक,टुकलाल महतो,प्रकाश प्रसाद,मनी ठाकुर राहुल दास,कैलास राना,छोटु राना,इन्द्रजीत प्रसाद,उमेश प्रसाद सहीत अन्य लोग शामिल थे

### छठ व्रतियों के बीच फल का वितरण



**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** हजारीबाग यूथ विंग के अध्यक्ष लखन खंडेलवाल ने मेन रोड स्थित अपने प्रतिष्ठा खण्डेलवाल हैंडलूम के समीप अपने परिवार संग छठ व्रतियों के बीच फल का वितरण किया। श्री खंडेलवाल के द्वारा यह कार्य किया जा रहा है। इस मौके पर लखन खंडेलवाल के पिता राजेंद्र खंडेलवाल उनकी माता रज्जो देवी, बड़े भाई राम खंडेलवाल,भारत खण्डेलवाल सहित कई परिवार के लोग मौजूद थे। मौके पर लखन खण्डेलवाल ने कहा की छठ मैया की असीम कृपा सभी पर बनी रहे। साथ ही कहा की यह कार्य प्रत्येक वर्ष किया जाएगा।

### भास्कर धाम में विहिप व बजरंगदल ने भक्ति जागरण का किया आयोजन

**विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** विष्णुगढ़ विश्व हिंदू परिषद तथा बजरंग दल की ओर से लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा के सुअवसर पर विष्णुगढ़ के भास्कर धाम पर बजरंग दल जिला सहसंयोजक वरुण कुमार के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रविवार व सोमवार को क्रमशः संध्याकालीन एवं प्रातः कालीन अर्घ्य के दौरान छठ गीत कार्यक्रम की प्रस्तुती कलाकारों द्वारा की गई । कार्यक्रम प्रस्तुति विहिप अध्यक्ष शंकर सोनी , अनुश्रेया कुमारी एवं अंशु गुप्ता की छठ गीत की मधुर आवाज के साथ कार्यक्रम में भरपूर सहयोग रहा, वहीं कलाकारो रोशन पांडेय,अजीत कुमार,अक्षय कुमार आदि ने लोकगायन छठ गीतों को पारम्परिक अंदाज में धुनों से बखूबी सजाया। नवनिर्माण के अंतिम चरण में उत्तरवाहिनी नदी पर अवस्थित भगवान भास्कर के पवित्र भास्कर धाम की अदभुत छटा के बीच यह कार्यक्रम नदी घाट पर आए श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। बजरंगदल जिला सह संयोजक वरुण कुमार ने कहा कि यह कार्यक्रम प्रतिवर्ष किया जाएगा। छठ गीत से छठ व्रतियों के मन में भक्ति भाव की अलग ही ऊर्जा संचार होती है।वहीं सुरेश वर्मा द्वारा सभी सम्मानित कलाकारों को एवं चेडरा पंचायत मुखिया निर्मल कुमार को भगवा अंगवस्त्र से सम्मानित किया। बजरंगदल कार्यकर्ताओं द्वारा छठ व्रतियों के बीच फल वितरण किया गया। सूर्य मंदिर के अध्यक्ष रामेश्वर सिंह उपाध्यक्ष आनंद राम चेडरा मुखिया निर्मल कुमार, नवल किशोर वर्मा, प्रयाग सोनी ,राजेन्द्र प्रसाद सिंह, शंकर गोस्वामी,सुरेश कुमार , नरेश रवानी ,पीयूष कुमार ,लखन साव,जगदीश प्रसाद वर्मन ,त्रिवेणी स्वर्णकार, मोहन लाल वर्णवाल,दीपक कुमार (डीके सर)ने कार्यक्रम की काफी सराहना की।

## छठ महापर्व पर बरही अनुमंडलीय अस्पताल मेडिकल टीम ने छठ व्रतियों को दिया स्वास्थ्य सेवा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** लोक आस्था का महापर्व उगते भगवान भास्कर को सुबह का अर्घ देकर छठ पूजा का समापन शान्ति और सौहार्द वातावरण के साथ सम्पन्न हो गया। छठ पूजा के पावन अवसर पर बरही के मुख्य छठ घाटो पर अनुमंडलीय अस्पताल बरही के सौजन्य से उपाधीक्षक डॉ प्रकाश ज्ञानी एवं बरही विधायक प्रतिनिधि स्वास्थ्य विभाग रिजवान अली के देख रेख में मेडिकल टीम के द्वारा छठ व्रतियों को स्वास्थ्य सेवा दिया गया। साथ ही विधायक प्रतिनिधि रिजवान अली ने




छठ व्रतियों को शुभकामना देते हुए सम्पूर्ण क्षेत्र वासियों की खुशहाली एवं तरक्की के लिए छठ माता से कामना किया। मौके पर मुख्य रूप से आरजेडी नेत्री पुनम यादव, बरही पुर्वी पंचायत मुखिया प्रतिनिधि छोटन ठाकुर, वरिष्ठ समाजसेवी भगवान केशरी, जगदीश सिंह, विनय सिन्हा, सेवानिवृत शिक्षक राजेन्द्र रूखरीयार, शयाम सिन्हा, गुलजार अंसारी, मेडिकल टीम से डॉ अमन कुमार, सीएचओ कौशर प्रवीण, एएनएम गुलशन प्रविण, आरेजहां, कुलदीप कुमार, अब्दुललाह अंसारी, मो शमसाद आदि उपस्थित होकर सहयोग किया।

## छठ महापर्व के दौरान हुई गंगा महाआरती

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बड़कागांव :** प्रखंड के ग्राम बादम में लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर रविवार को छठव्रती ने भगवान भास्कर को संध्या अर्घ्य दिया। इस दौरान बादम छठ घाट में गंगा महा आरती का आयोजन किया गया। महा आरती के लिए बनारस से पंडित आनंद पांडेय और उनके सहयोगियों को बुलाया गया था। मंत्रोच्चारण के साथ पूरे विधि विधान से गंगा आरती की गई। महाआरती की छठ घाट पर अद्भुत छटा देखते बन रही थी। महाआरती में बड़ी संख्या में महिला छठ व्रती भी मौजूद रहीं। लोगों ने पूरे परिवार के साथ इस गंगा आरती का आनंद लिया। वैसे भी छठ महापर्व को लेकर घाट को सजाया गया था और उसमें जब गंगा मां की आरती का आयोजन हुआ तो घाट पर अद्भुत छटा देखने को मिली। पंडित आनंद पांडेय ने कहा के मां गंगा



की आरती में जो लोग भाग लेते हैं उन्हें मां गंगा सुख समृद्धि देती है। निश्चित तौर पर मां गंगा सबका कल्याण करने वाली है और सभी श्रद्धालुओं का वह कल्याण करेगी। गंगा आरती में विक्रम गुप्ता, प्रेम गुप्ता, जितेंद्र गुप्ता, उमा शंकर कुमार सहित अन्य लोगों का सराहनीय योगदान रहा।

## बरही के विभिन्न छठ घाटों पर उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही संपन्न हुआ छठ-पूजा का महापर्व

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** छठ पूजा सोमवार सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ संपन्न हो गया। बरही के विभिन्न छठ घाटों पर काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने नदियों, तालाबों और जलाशयों के किनारे छठ घाटों पर कमर तक पानी में खड़े होकर सूर्य देव को अर्घ्य दिया।श्रद्धालुओं ने सूर्य देव को जल और दूध अर्पित किये। इसके अलावा मौसमी फल, गन्ना, नारियल और ठेकुआ, खजुरिया जैसे व्यंजन और बांस से निर्मित सूप में रखी



अन्य वस्तुएँ भी सूर्य और छठी माई को अर्पित की गई। पूजा-अर्चना के बाद श्रृद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया और 36 घंटों का लंबा उपवास तोड़ा। वहीं विजैया छठ घाट पर विधायक उमाशंकर अकेला छठ पूजा में शामिल हुवे। वहीं क्षेत्र वासियों के सुख समृद्धि के लिए कामना किया। इधर पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने बरहीडीह प्राचीन छठ घाट पर पहुंच कर अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया। उन्होंने छठ मैया की पूजा अर्चना के बाद भगवान सूर्य देव को अर्घ्य अर्पित कर पूजा किया।

वहीं सभी श्रद्धालुओं को छठ पर्व की शुभकामनाएं दी और छठ मैया से क्षेत्र में सुख शांति और समृद्धि सहित लोक मंगल की कामना किया। वहीं विभिन्न छठ घाटों पर जिप जिला उपाध्यक्ष किशुन यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, पूजा समिति के अध्यक्ष राज सिंह चौहान, जिला परिषद प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, पूर्व जिप प्रतिनिधि मो. क्यूम, उप प्रमुख देवलाल कुशवाहा, मुखिया मो. शमशेर आलम, भाजपा नेता राजकुमार केशरी, मेवालाल केशरी, पप्पू चंद्रवंशी, सुबोध केशरी, आकाश कुमार उर्फ़ गोलू, विक्की सिंह, टिंकू आलम, अमित सिंह व पूजा कमिटी के पदाधिकारी एंव सदस्य गण सहित हज़ारों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## आस्था के महापर्व छठ मनाने मेक्सिको से बरही पहूंची महिला



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** वैसे तो छठ पूजा की महिमा का वर्णन करना मानव जीवन के लिए केवल शब्दों का अपमान करना है क्योंकि छठ माता का मानव जीवन पर असीम उपकार है जिसे मानव तो मानव देवों के द्वारा भी वर्णन किया जाना संभव नहीं है। इस पर्व की महिमा तब और बढ़ जाती है जब कोई परदेशी विदेश से इस पर्व को मनाने अपनी जन्मभूमि पर आता है। ऐसा ही वाक्या बरही हजारीबाग रोड स्थित विश्व हिंदू परिषद प्रखंड सह मंत्री प्रदीप चंद्रवंशी के साथ हुआ कि मेक्सिको में रहने वाली उनकी छोटे भाई कि पत्नी शिशिल्या नेरी फर्नांडिस इस महापर्व को मनाने अपने घर आई।

मेक्सिको से आई महिला ने कहा कि छठ महापर्व सनातन संस्कृति की उस परंपरा की ओर ध्यान आकर्षित करती है जिसमें प्रकृति पूजा को प्राथमिकता दी जाती है और यह प्रकृति पूजा इतनी श्रेष्ठ है कि मानव जीवन की हर आकांक्षाओं को पूरा करता है साथ ही हम प्रवासियों को अपने परिवार से मिलने का भी अवसर प्रदान करता है।

## आजसू पार्टी ने किया नारियल व फल का वितरण

प्रभात मंत्र संवाददाता

**विष्णुगढ़ :** लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा के दौरान अस्तलचलगामी भगवान भास्कर के पहले अर्घ्य के दिन आजसू माण्डू विधानसभा प्रभारी तिवारी महतो(निर्मल महतो) ने आजसू के बैनर तले अपने कार्यकर्ताओं संग गोमियाँ रोड करोंज मोड़ में करीब ग्यारह सौ नारियल तथा फल छठव्रतियों को उनके दौरा में समर्पित किया । इस दौरान सूर्य उपासना कर रही महिलाएँ जो दण्डवत होकर पवित्र उत्तरवाहिनी जमुनियां नदी घाट जा रही थी,उनको तिवारी महतो ने सिर झुकाकर नमन करते हुए



श्रद्धा एवं भक्ति का उत्तम उदाहरण पेश किया।इस पावन अवसर पर मुख्य रूप से आजसू पार्टी केंद्रीय सदस्य सुरेंद्र महतो,टाटीझरिया प्रखंड अध्यक्ष सुरेश कुशवाहा,विष्णुगढ़ प्रखंड अध्यक्ष अजय कुमार मंडल, दीपू अकेला,गौतम वर्मा,अनंतलाल महतो,सुधीर विश्वकर्मा समेत अन्य कार्यकर्ता एवं ग्रामीण मौजूद थे।

## गौशाला में आयोजित गोपाष्टमी मेला में उमड़ा जनसैलाब

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** सदर विधानसभा क्षेत्र के सदर प्रखंड अंतर्गत जुलजुल और सितागढा ग्राम के बीच अवस्थित कलकाता पिंजरापोल सोसाइटी द्वारा संचालित हजारीबाग गौशाला परिसर में गौपाष्टमी मेला का आयोजन हुआ। जिसमें हजारों लोगों ने गौशाला परिसर पंहुचकर गौमाता को आहार खिलाया। मौके पर विशेष रूप से हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल, हजारीबाग उपयुक्त नैंसी सहाय, हजारीबाग एसपी मनोज रतन चौथे, बीएसएफ, मेरू कैंप आईजी राकेश रंजन, बीएसएफ के डिप्टी कमांडेंट हिरदेव पाठक, गौशाला के पदेन अध्यक्ष सह सदर एसडीओ विद्याभूषण, मुफ्फसिल थाना प्रभारी बजरंग समेत अन्य गणमान्य लोगों ने भी मेला में उपस्थित होकर गौमाता को चारा - गुड और हरा चारा खिलाया एवं आम-आवाम के संग घंटों मेला का लुत्त उठाया। हजारीबाग का यह गौशाला करीब 450 गायों का




परिवार है जहां करीब 150 दूध का उत्पादन होता है। यहां करीब 750 गायों को रखने की क्षमता है। गौशाला समिति के सचिव श्रद्धानंद सिंह ने बताया कि समिति ने कई नए प्रयोग किए और सभी सफल रहा और मेले में छठ पूजा के समापन का दिन होने के बाबजूद उमड़ा जनसैलाब यह स्पष्ट संदेश देता है कि लोगों ने गौ सेवा के प्रति चेतना जागृत हुई है। उन्होंने मेले के सफल आयोजन में योगदान निभाने वाले सभी लोगों को बधाई देते हुए कहा की गौशाला कमेटी गौशाला परिसर में गौसेवा में व्यापक बदलाव लाने को कृतसंकल्पित है और हजारीबाग के सभी वर्ग, समुदाय के जनमानस के साथ मिलकर जल्द बदलाव लाने का प्रयास किया जाएगा। हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल ने बताया कि गौशाला में संरक्षण और संवर्धन किए जा रहे गायों के हित में जो भी करना पड़ेगा करेंगे और गौसेवा में किसी प्रकार की कोई कमी नहीं की जाएगी। उन्होंने हजारीबाग के सभी लोगों से अपील करते हुए कहा कि अपने परिवार और परिवार के सदस्यों के साथ जब भी समय मिले गौशाला जरूर पंहुचे और गौसेवा के इस मुहिम से जुड़े। उन्होंने कहा कि गौमाता आपके जन्म जन्मांतर के दुख़ दूर करेगी और आप ऐसा करके पुण्य के भागी बनेंगे। हजारीबाग उपायुक्त नैंसी सहाय, एसपी मनोज रतन चौथे और बीएसएफ आईजी राजीव रंजन और सदर एसडीओ विद्याभूषण सहित अन्य अधिकारियों ने गौशाला के विकास में हर संभव योगदान देने का भरोसा जताया और गौशाला समिति के उत्कृष्ट कार्य की स्वतंत्र कंठ से खूब प्रशंसा की। हजारीबाग उपायुक्त नैंसी सहाय ने डीएमएफटी फंड से बेलगड़ा अवस्थित गौशाला में विशाल शेड का जल्द निर्माण कराने की भी बात कही। गौशाला समिति द्वारा गौशाला में सेवारत सभी सेवाकर्मियों को हजारीबाग उपायुक्त, एसडीओ और सदर विधायक मनीष जायसवाल के हाथों कम्बल भेंटकर सम्मानित भी किया गया एवं मेले का समापन राधा कृष्ण मंदिर में संध्या आरती के साथ हुई। मेले के संयोजक पवन खंडेलवाल को भी अतिथियों के हाथों सम्मानित किया गया ।

## आठ वर्षीय खुशी में छठ महापर्व कों लेकर विशेष आस्था, उठाई डलिया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** प्रखंड बसरिया पंचायत के अंतर्गत पंचमाधव निवासी कृष्णा पंडित की आठ वर्षीय पुत्री खुशी कुमारी में आस्था का महापर्व छठ पूजा में विशेष आस्था देखने को मिला। खुशी अपनी नानी के साथ नहाए खाय से लेकर पारण तक हर पूजा अनुष्ठान में साथ-साथ कार्य करते नजर आई। साथ ही अपने घर से 2 किलोमीटर दूर छठ घाट पर अपने माथे पर लिया डालिया लेकर गयी। खुशी कुमारी में पूजा को लेकर आस्था देख हर कोई हैरतअंगेज है। खुशी कुमारी के पिता से पूछे जाने पर उन्होंने बताया की खुशी पूजा कों लेकर अपनी जीद पर अड़ी रही जिसके पश्चात घर वाले भी मना नहीं कर पाए। वहीं स्थानीय पूर्व मुखिया सह मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र गोप ने बच्ची की सराहना करते हुए कहा कि पंचायत में ऐसे बच्चियों में छठ जैसे



महापर्व में आस्था होना गर्व की बात है। हर कोई इसकी कल्पना भी नहीं कर सकती। जानकारी के पश्चात करियातपुर मुखिया मनोज कुमार, समाजसेवी पूरन राम, नागेश्वर रजक, मंटू पंडित, अजय प्रजापति,तुलसी राम, मनोज कुमार दुबे, धीरेन्द्र कुमार यादव, कामेश्वर दास, राजू रजक, वीरेंद्र यादव, शिक्षक राजेश केसरी, सोनू केशरी, विनोद कुमार, बम बम राम, सुरेंद्र कुमार सहित अन्य व्यक्तिओं ने बच्ची की सराहना करते हुए शुभकामनायें दिया।

## हजारीबाग विधायक ने महापर्व छठ से पूर्व व्रतियों के बीच बांटा 10 हज़ार पूजन साड़ी, जोड़ा तालाब छठ घाट में दिया अर्घ्य

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** सदर विधायक मनीष जायसवाल ने अपने लक्ष्य के अनुरूप हजारीबाग और रामगढ़ जिले के विभिन्न प्रखंडों में छठ महाव्रतियों के बीच 10 हज़ार पूजन साड़ी का वितरण भाजपा कार्यकर्ताओं, विधायक प्रतिनिधियों और अपने समर्थकों के माध्यम से सफलतापूर्वक भेंट किया। इस दौरान खुद विधायक मनीष जायसवाल कई दिनों तक साड़ी पैकिंग से लेकर वितरण तक सेवारत रहें। तत्पश्चात छठ महापर्व के प्रथम दिन नहाय- खाय और दुसरे दिन खरना का प्रसाद ग्रहण करने क्षेत्र के कई छठ महाव्रतियों के घर पहुंचे ।

छठ महापर्व के तीसरे दिन गाड़ियों व काफिले के कारण छठ व्रतियों व उनके सहयोगियों को



किसी प्रकार की असुविधा न हो इस कारण संध्या अर्घ्य से पूर्व हजारीबाग की सड़कों पर अपने मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी के साथ बाइक पर सवार होकर घूमते हुए विभिन्न छठ पूजा समिति का हौसलफाजई करते और छठ व्रतियों का अभिवादन करते नज़र आए। विधायक मनीष जायसवाल संध्या अर्घ्य से पूर्व रविवार की शाम को अपने घर से बाइक पर सवार होकर निकले और फ़िर पैगोडा चौक पर हिन्दू राष्ट्र संघ, अन्नदा चौक पर स्थानीय छठ पूजा समिति, हुडहुडू जोड़ा तालाब परिसर में स्थानीय छठ पूजा समिति और पूराना समाहरणालय गेट के बाहर झील रोड़ पर स्थानीय छठ पूजा समिति के स्टॉल में पहुंचकर उनके साथ छठ व्रतियों और श्रद्धालुओं के बीच अर्घ्य और पूजन सामग्री का वितरण किया और उनका हौसला बढ़ाया। इस दौरान सभी छठ पूजा समितियों द्वारा विधायक मनीष जायसवाल का अंग-वस्त्र भेंटकर सम्मान व अभिनंदन किया गया।

**जोड़ा तालाब, हुडहुडू में विधायक मनीष जायसवाल ने दिया अर्घ्य :** विधायक मनीष जायसवाल ने रविवार को शहर के हुडहुडू स्थित जोड़ा तालाब छठ घाट में भाजपा कार्यकर्ताओं और अपने समर्थकों के साथ अस्तलचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया एवं सभी को छठ महापर्व की बधाई दी साथ ही भगवान भास्कर से उन्होंने सभी के जीवन में आरोग्य, समृद्धि और सुख- शांति का प्रकाश सदैव बना रहें ऐसी कामना की। विधायक मनीष जायसवाल ने छठ महापर्व 2023 के सफल संपन्न कराने में जुटे प्रशासनिक अधिकारी, पुलिस अधिकारी, समाजसेवी, विभिन्न सरकारी और गैर सरकारी संगठन, विभिन्न धार्मिक, राजनीतिक, समाजिक और शैक्षणिक संस्थानों को ढेरों बधाई और शुभकामनाएं दिया ।

## करियातपुर में आस्था का महापर्व छठ पूजा शांतिपूर्ण संपन्न, सैकड़ों छठ व्रतियों ने लगाई आस्था की डुबकी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** बरही प्रखंड अंतर्गत करियातपुर में आस्था का महापर्व छठ पूजा अशोक पांडे के मंत्र उच्चारण के साथ पूजा संपन्न हुआ। पूजा में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भास्कर सूर्य भगवान को दुग्ध अर्घ्य किया। यह पर्व हिंदुओं का सबसे बड़ी पर्व माना जाता है। मुख्य रूप से यह पर्व सूर्य उपासना के लिए किया जाता है, ताकि पूरे परिवार पर उनका आशीर्वाद बना रहे। साथ ही यह व्रत संतान के सुखद भविष्य के लिए भी किया जाता है। मान्यता है कि छठ का व्रत करने से निसंतान को संतान की प्राप्ति होती है और सभी मनोकामनाएं पूरी हो जाती है।

बता दे कि करियातपुर में छठ नदी पर हर वर्ष के भांति इस वर्ष भी आकर्षण का केंद्र रहा। लोग यहां की सजावट को देखने के लिए दुर दुर से आते रहें और भगवान सुर्य देव को दर्शन कर तस्वीरें लेते गये। यहां की कुछ अद्भुत नजरें जैसे पानी के बीचो बीच बाँस का पुल, पानी के बीचो बिच चारों ओर झरना , पानी के बीचो बीच गहराई में भगवान भोलेनाथ की शिवलिंग पर दूध गिरना, ड्रोन कैमरा से निगरानी करना ,फुलों से सजाना एंव पिक्सल साउंड एंड लाइटिंग से पुरा छठ घाट के चारों ओर जगमग - जगमग करना आदि जैसे अनेक तरीके का सजावट जो सबका मन मोहने का कार्य किया गया। मौके पर छठ पूजा समिति के अध्यक्ष बिरजू शर्मा ने सभी श्रद्धालु भक्तों के बिच अपिल किया कि करियातपुर में इस वर्ष भी छठ नदी पर हवन पूजन एवं गंगा माहआरती का आयोजन किया जाएगा जो 26 नवंबर कार्तिक पूर्णिमा दिन सोमवार को सुबह-सुबह हवन पूजन एवं संध्या 7:00 बजे महा आरती का कार्यक्रम किया जाएगा।

वहीं शांतिपूर्ण पूजा संपन्न कराने में छठ पूजा समिति के अध्यक्ष बिरजू शर्मा, राहुल प्रजापति, उपेन्द्र भगत, छोटी प्रजापति,अजय भगत,टिंकु भगत, जमुना केसरी, संतोष केसरी अरविंद केसरी, पवन केसरी चाउमिन सेंटर, मुन्ना सोनी, मुन्ना शर्मा, सुरज शर्मा, चंदन शर्मा, सुरज पंडित, सुमित शर्मा एंव जन कल्याण समिति के संस्थापक संतोष कुमार प्रजापति, अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार प्रजापति, सचिव प्रकाश कुमार प्रजापति, कोषाध्यक्ष दीपक कुमार प्रजापति, कमलेश कुमार कुशवाहा, विनोद कुमार केसरी ,चंदन कुमार केसरी, प्रदीप केसरी एवं रंजीत सोनी का भरपूर सहयोग रहा। साथ ही साथ पूजा के समय करियातपुर मुखिया मनोज कुमार रविदास, सेवानिवृत शिक्षक तोखन प्रजापति, मुरली मनोहर प्रसाद केसरी, रामदास, अर्जुन केसरी जनकदेव सोनी समेत सैकड़ों श्रद्धालुओं भक्त शामिल रहे।

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

झारखण्ड/रामगढ़

रांची, मंगलवार, 21 नवंबर 2023| पेज 9


## उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी द्वारा दो अपराधियों को किया गया जिला बदर, एक अपराधी को प्रतिदिन लगानी होगी थाने में हाजरी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी रामगढ़ चंदन कुमार के न्यायालय में कुख्यात अपराधी सुरेंद्र भुईया वर्तमान में सौंदा बस्ती पतरातु के निवासी द्वारा जेल से छूटकर आने पर अपने घर पर न रहकर बाहर से ही व्यावसायियों एवं ठेकेदारों से रंगदारी की मांग करते हुए धमकी देने, विभिन्न स्रोतों से खबर भिजवाकर या खुद जाकर अपने प्रभाव क्षेत्र के ठेकेदारों व्यवसायियों, ट्रांसपोर्टरों तथा सीसीएल के पदाधिकारी/ कर्मियों को लेवि के लिए भयभीत करने के इतिहास को देखते हुए एवं जिला बदर किए जाने के उपरांत भी अवांछित रूप से जिला में प्रवेश करने तथा विभिन्न स्रोतों से खबर भिजवाकर या खुद जाकर लेवी के लिए भयभीत करने अथवा वाद के गवाहों व वादी को डराने धमकाने की संभावना एवं अपराधी की गतिविधियों पर प्रतिदिन निगरानी रखने की आवश्यकता से संबंधित मामले में उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी के न्यायालय द्वारा 18 नवंबर 2023 की सुनवाई में निम्न आदेश जारी किए गए हैं।अपराधकमी सुरेंद्र भुईया को आगामी 6 महीने के लिए प्रतिदिन 10~00 बजे पूर्वाह्न में थाना प्रभारी पतरातू के समक्ष हाजिरी लगाने हेतु आदेश दिया गया है। यदि कोई अनुज्ञप्ति आधारित शस्त्र है तो अविलंब उसे स्थानीय थाने में जमा करना होगा एवं इस अवधि में किसी भी स्थिति में शस्त्र धारित नहीं करना होगा।इसके अलावा उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी के न्यायालय द्वारा विधि व्यवस्था लोक शांति बनाए रखने तथा अपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से पतरातू अंतर्गत जवाहर नगर ऊपर गौड़ा क्षेत्र के कुख्यात अपराधी सतीश ठाकुर एवं पतरातू के ही जयनगर कुम्हार टोला क्षेत्र के अपराधी दिगंबर प्रजापति उर्फ ÷डेंगन÷ के विरुद्ध निम्न आदेश जारी किए गए हैं।दोनों अभियुक्तों को 6 महीने के लिए रामगढ़ जिला क्षेत्राधिकार से निष्कासित (जिला बदर) किया गया है।अभियुक्तों को आदेश पारित होने के 24 घंटे के अंदर जिले की सीमा को छोड़ना होगा एवं अगले छह मात्रा जिले की सीमा में बगैर लिखित पूर्वानुमति के प्रवेश करने की अनुमति नहीं होगी।

## घर में ताला लगाकर गये थे छठ घाट, चोरो ने बंद घर में कि चोरी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**उरीमारी :** सयाल के मॉर्डन चिल्ड्रन स्कूल के समीप सीसीएलकर्मी मुंशी यादव के सीसीएल आवास में सोमवार की सुबह चोरों ने चोरी की,जहां घर के सभी सदस्य सुबह में अरघ देने के लिए छठ घाट गये थे। जब छठ घाट से वापस अपने घर लौटे तो देखा कि आगे से दरवाजा बंद था और घर के पीछे के सभी दरवाजे खुले हुवे थे। परिजन जबतक कुछ समझ पाते तबतक चोर पीछे के दरवाजे से फरार हो गए। वहीं घर के सदस्यो ने बताया कि घर के समान सुरक्षित है। चोरों ने मुंशी यादव के बड़े पुत्र के पर्स में पड़े पांच से दस हजार रुपए चोरी कर फरार हो गए।वहीं चोरों ने घर के अलमारी व पलंग को खोलने का भरपूर प्रयास किया पर जल्दबाजी में घर के समान को तितर बितर कर भाग गए।वहीं भुक्तभोगी ने भुरकुंडा ओपी में आवेदन देकर चोरों को पकड़ने की गुहार लगाई है।

### राजनेताओं से लेकर खिलाड़ियों तक फिल्मी सितारों से लेकर सामान्यजन तक सभी ने सहाराश्री को मर्मस्पर्शी श्रद्धांजलियां अर्पित कीं

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारत के एक विशालतम कॉर्पोरेट समूह सहारा इंडिया परिवार के प्रबंध कार्यकर्ता और चेयरमैन सुब्रत रॉय सहारा जिन्हें प्यार से सहाराश्री कहा जाता है को हर क्षेत्र के लोगों से भावभीनी श्रद्धांजलियां प्राप्त हुईं हैं। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री माननीय योगी आदित्यनाथ ने सहाराश्री के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है जबकि उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने उनके निधन को राज्य और देश की भावनात्मक क्षति बताया क्योंकि सहाराश्री केवल एक सफल व्यवसायी ही नहीं बल्कि एक बड़े हृदय के इंसान थे जिन्होंने अनगिनत लोगों की सहायता की और उन्हें आवश्यक सहयोग प्रदान किया।सहाराश्री का निधन 14 नवंबर 2023 को रात 10त्र30 बजे मुंबई के कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी अस्पताल एवं मेडिकल रिसर्च इंस्टीट्यूट में दिल का दौरा पड़ने से हो गया था। सहाराश्री मेटास्टेटिक कैंसर] उच्च रक्तचाप और मधुमेह से पीड़ित थे। उनका पार्थिव शरीर 15 नवम्बर को लखनऊ लाया गया एवं 16 नवंबर को उनका अंतिम संस्कार संपन्न हुआ। दुख की इस घड़ी में उनकी पत्नी स्वप्ना रॉय] उनकी पुत्रवधुएं बड़े बेटे सुशांतो रॉय की पत्नी ऋचा रॉय तथा छोटे बेटे सीमांतो रॉय की पत्नी चांदनी रॉय को हजारों शोकाकुल लोगों से भावनात्मक संवेदनाएं और शोक संदेश प्राप्त हुए। सहारा इंडिया परिवार के प्रवक्ता ने कहा कि शोक के इस समय में सहारा इंडिया परिवार के दोनों उप×प्रबंध कार्यकर्ता श्री ओ-पी- श्रीवास्तव और जे-बी- रॉय जो कि सहाराश्री के छोटे भाई भी हैं ने परिवार के लोगों और समूचे सहारा इंडिया परिवार को पितृवत संबल प्रदान किया। मुंबई में सहाराश्री के निधन के तत्काल बाद जो लोग सबसे पहले स्वप्ना रॉय से मिलने पहुंचे वे थे अमिताभ बच्चन उनके पुत्र अभिषेक बच्चन और उनकी पुत्री श्वेता बच्चन नंदा। इन्होंने मुंबई के सहारा स्टार होटल में उन्हें नम आंखों से श्रद्धांजलि अर्पित की।

### बजाज फिनसर्व एसेट मैनेजमेंट ने लॉन्च किया अपना बैलेंस्ड एडवांटेज फंड

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बजाज फिनसर्व एसेट मैनेजमेंट ने बजाज फिनसर्व बैलेंस्ड एडवांटेज फंड (ब्त्न) के लॉन्च की घोषणा की है। यह एक ओपन-एंडेड डायनेमिक एसेट एलोकेशन फंड है, जो उन निवेशकों के लिए बेहतर विकल्प है जो इक्विटी और डेरिवेटिव सहित इक्विटी से संबंधित विकल्पों और फिक्स्ड इनकम के विकल्पों में निवेश करना चाहते हैं।बजाज फिनसर्व बैलेंस्ड एडवांटेज फंड एक अनूठे निवेश मॉडल का उपयोग करता है जो व्यवहार विज्ञान पर आधारित है, साथ ही निवेश के लिए उन विकल्पों का चयन करता है, जहां ग्रोथ की संभावनाएं ज्यादा होती हैं। इस एसेट अलोकेशन (परिसंपत्ति आवंटन) तकनीक का उपयोग करके, निवेशक बाजार की अस्थिरता से निपटन कर इष्टतम रिटर्न प्राप्त कर सकते है। आवंटन तय करने के लिए सिर्फ मात्रात्मक मॉडल का उपयोग करने के बजाय, बजाज फिनसर्व एएमसी निवेश टीम व्यवहारिक पहलू का भी विश्लेषण करती है, जिससे निवेशकों को लंबी अवधि में बेहतर रिटर्न हासिल करने में मदद मिल सकती है।परंपरागत रूप से, एसेट अलोकेशन की रणनीति तय करने के लिए बुनियादी सिद्धांतों, पिछले प्रदर्शन और मात्रात्मक मॉडल का उपयोग करना है। हालांकि, बजाज फिनसर्व एएमसी की निवेश टीम एसेट अलोकेशन और निवेश के लिए उपयुक्त समय पे सही निर्णय लेने के लिए व्यवहार विज्ञान मॉडल का भी उपयोग करने में भरोसा करती है।बजाज फिनसर्व एएमसी बैलेंस्ड एडवांटेज फंड मॉडल निवेश के मुख्य रणनीति का मार्गदर्शन करते हुए भविष्य में प्रति शेयर आय, ग्रोथ की उम्मीदों और ब्याज दरों के आधार पर उचित बाजार मूल्य (मार्केट वैल्यू) का अनुमान लगाता है। फंड का बिहेवियरल इंडीकेटर (व्यवहार सूचक) बाजार की अस्थिरता से निपटने और साथ ही एंट्री और एग्जिट प्वॉइंट का निश्चय करके बेहतर रिटर्न प्राप्त करने में मदद करता है। यह इक्विटी आवंटन का भी मार्गदर्शन करता है, यानी जब बाजार का मूल्यांकन (वैल?युएशन) कम होता है तो इसे बढ़ाता है और मूल्यांकन (वैल?युएशन) ज्यादा होने पर इसे कम करता है।

## पुत्र ने ही जमीन और नौकरी के लिए पिता पर चलवाया था गोली



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** पिछले दिनों रामजी मुण्डा पर दो अज्ञात अपराधियों के द्वारा गोली चलाई गई थी ।जिसको लेकर रविवार को अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वीरेंद्र चौधरी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर खुलासा किया। कि 16.11.23 को शाम करीब 4~15 बजे सूचना मिली थी कि मतकमा निवासी रामजी मुण्डा को दो अज्ञात अपराधकर्मियों द्वारा गोली मारकर घायल कर दिया गया था। इस सूचना की सत्यापन हेतु पतरातू एसडीपीओ एवं भदानीनगर ओपी प्रभारी के साथ घटना स्थल पर पहुंचे जांच पड़ताल के क्रम में पता चला कि घायल रामजी मुण्डा का एक बड़ा बेटा अमित कुमार मुंडा ने जमीन एवं नौकरी हड़पने के लिए दो अज्ञात अपराधियों के द्वारा जानलेवा हमला किया गया । जिसके बाद अभियुक्त अमित मुंडा को गिरफ्तार किया गया तथा अन्य के विरुद्ध छापामारी जारी है। पुलिस के द्वारा जप्त समान में घटनास्थल से बरामद 7.65 एमएम का जिंदा कारतूस , अमित मुंडा का मोबाइल जप्त किया गया है। इस जांच दल में पतरातू एसडीपीओ वीरेंद्र चौधरी पु.अ.नि धनंजय प्रसाद ओपी प्रभारी भदानीनगर, पु.अ.नि. राजदीप कुमार पतरातु थाना प्रभारी, पु.अ.नि मयंक प्रसाद ओपी प्रभारी भुरकुंडा, पु.अ.नि. सुरेंद्र सिंह कुंटिया थाना प्रभारी भुरकुंडा, पु.अ. नि. मणिदीप कुमार ओपी प्रभारी बरकाकाना एवं सशस्त्र बल शामिल थे।

## इलामी पंचायत के मुखिया अब्दुस समद के नेतृत्व में सैकड़ों आजसू कार्यकर्ता शामिल हुए कांग्रेस पार्टी में

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पाकुड़ :** शहर के लड्डू बाबू आमबगान में कांग्रेस जिला एवं प्रखंड कांग्रेस कमिटि के तत्वधान में कार्यकर्ता मिलन समारोह का आयोजन किया गया।आयोजत समारोह में बतौर चीफ गेस्ट सूबे के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम मौजूद थे। समारोह में आजसू पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस की विचारधारा से प्रेरित होकर और मंत्री आलमगीर आलम की विकास पॉलिसी को देखते हुए इलामी पंचायत के मुखिया अब्दुस समद के नेतृत्व में सैकड़ों आजसू पार्टी के कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस पार्टी का सदस्यता ग्रहण किया।मंत्री ने सभी लोगों को माला पहनाकर और पार्टी का झंडा देकर कांग्रेस पार्टी में शामिल किया।समारोह को संबोधित करते हुए मंत्री आलमगीर आलम ने अपने विरोधियों को ललकारते हुए कहा कि वे कहते हैं कि पुल पुलिया अस्पताल,सड़क निर्माण का कार्य खुद किया है।उन्हें पता नही है कि पेड़ लगाने वाले का नाम होता न कि फल खाने वाले का नाम होता है।उन्होंने कहा की वे जिन जिन काम को अपने नाम गिना रहे हैं उसका कागज निकाले आखिर किनके द्वारा काम पास कराया है।उन्होंने कहा अबतक जितने भी विकास कार्य हुए हैं सभी काम मेरे द्वारा पारित कराया गया है।वे झूठ पर झूठ बोलते जा रहे हैं।मंत्री ने कहा जब पहली बार विधायक बनकर पाकुड़ आया था उस दौरान पाकुड़ जिला बना था।जिला बनने के बाद भी जिला मुख्यालय में मात्र डीसी,एसपी और माइनिंग ऑफिसर सहित दो से तीन ऑफिसर बैठा करते थे।हमारी प्रयास से सभी विभाग के अधिकारी बैठने लगे।अपने विरोधियों को ललकारते हुए कहा कि वे बताएं पाकुड़ का इतिहास?वे इतिहास जानते ही नहीं है।पाकुड़ क्षेत्र के मनिरामपुर, गगनपहाड़ी, झिकरहट्टी सहित दर्जनों गांव तक मुख्यालय जाने का रास्ता नही था।काफी मुश्किल से लोग बंगाल होकर आते थे।हमारे प्रयास से चंद मिनटों में गांव के लोग अब शहर पहुंच रहे हैं।यहां तक कि पाकुड़ से बड़हरवा का सफर घण्टों में तय किया करते थे,लेकिन अब मिनटों में तय कर रहे है। वहीं अब्दुस समद ने कांग्रेस का दामन थामने के पश्चात अपने संबोधन में कहा की कई वर्षों से राजनीति में जुड़ा हुआ हूँ।फिलहाल आजसू पार्टी में थे।वे कहते हैं आजसू के नेता का ज्ञान के अभाव के कारण और पार्टी में सम्मान नही मिलने के कारण हमलोगों ने कांफ्रेंस का दामन थामा है।

### तेलंगाना विधानसभा क्षेत्र खैरताबाद के पर्यवेक्षक बनाए गए पलामू निवासी नौशाद आलम

**रांची/पलामु(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखण्ड के डाल्टनगंज पलामू निवासी नौशाद आलम उर्फ मीनू को तेलंगाना विधानसभा क्षेत्र के खैरताबाद का कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग द्वारा पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। तेलंगाना विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत खैरताबाद का पर्यवेक्षक बनाए जाने पर नौशाद आलम ने कहा कि कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी द्वारा और कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के निर्देशानुसार तेलंगाना विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित करने के लिए जल्द ही तेलंगाना का दौरा करूंगा। साथ ही खैरताबाद विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करने के लिए डोर टू डोर जनसंपर्क अभियान चलाएंगे। उन्होंने कहा कि आदरणीय राहुल गांधी, सोनिया गांधी, प्रियंका गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, तेलंगाना कांग्रेस अध्यक्ष एवं अखिल भारतीय कांग्रेस अल्पसंख्यक के तेलंगाना प्रभारी फरहान जी के निर्देशानुसार कांग्रेस प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित करने के लिए युद्ध स्तर पर डोर टू डोर जनसंपर्क अभियान चलाएंगे और मुझे पूरा विश्वास है कि तेलंगाना में कांग्रेस की सरकार बनेगी।



## राकोमयू कार्यलय में पुर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती मनाई गई



प्रभात मंत्र संवाददाता

**उरीमारी :** उरीमारी शनिवार बाजार स्थित राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन कार्यालय में रविवार को भारत की पुर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती मनाई गई। राकोमयू के क्षेत्रीय सचिव राजू यादव ने सर्वप्रथम इंदिरा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किया। वहीं राजू यादव ने कहा कि इंदिरा गांधी देश की प्रथम महिला प्रधानमंत्री रही।वहीं इंदिरा गांधी ने देश में एकता अखंडता साम्प्रदायिकता सम्प्रभुता बरकरार रखी एवं जात-पात व धर्म से ऊपर उठकर देश को एक सुत्र में बांधे रखी। वहीं राजू यादव ने कहा कि हमें उनके बताए मार्ग पर चलकर ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दे सकते हैं वहीं इस मौके पर सीताराम किस्कू, महादेव बेसरा, डा जीआर भगत, महादेव बेसरा, सतीश कुमार, दीपक विश्वकर्मा, बिनोद प्रजापति,शिगू मांझी, अशोक कुमार, दीपक यादव, रामा उरांव, रवि पावरीया, जतरू बेदिया, कमलेश यादव इत्यादि दर्जनों लोग मौजूद थे।

## विश्व ब्राह्मण संघ एवं विप्र फाउंडेशन के द्वारा गाँधी घाट के गेट पर पूजन सामग्री का स्टोल लगाया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** विश्व ब्राह्मण संघ एवं विप्र फाउंडेशन के सानिध्य में प्रत्येक वर्ष कि भांती इस वर्ष भी, लोक आस्था के महापर्व, छठ पर्व, के पावन अवसर पर दामोदर नदी , गाँधी घाट के गेट पर पूजन सामग्री का स्टोल लगाया गया, रामगढ, झारखंड में, 19 नवंबर 2023 दिन रविवार को अपराह्न 3~30 बजे दीप प्रज्वलित कर मंत्रोच्चारण के पश्चात विधिवत शुभारंभ किया गया, जिसमे बतौर मुख्य अथिती विश्व ब्राह्मण संघ व विप्र फाउंडेशन झारखण्ड प्रदेश मुख्य महासचिव प्रदीप कुमार शर्मा, एवं विशिष्ठ अथिती रामगढ जिलाध्यक्ष महेश मिश्र ने सयुंक्त रूप दिप प्रज्वलित कर मंत्रोच्चारण कर विधिवत शुभारंभ किये, जो संध्या 5~30 बजे तक लगातार भगवान भाष्कर को पूजन हेतू सामग्री, जैसे नारियल, केला, सन्तरा, सेव इत्यादी अने पूजन सामग्री एवं सूर्यदेव को अर्घ देने हेतू गाय का शुध दूध नि~शुल्क वितरण किया गया तथा सोमवार को सुबह केवल गाय का दूध वितरण किया गया। सुबह 4~30 बजे से 7~30 बजे तक लगातार वितरण किया गया। सभी छठ व्रतियों माता एवं बहनों व भाईयो के बीच उपरोक्त पूजन सामग्री का वितरण किया गया। मुख्य रूप से वरिष्ठ पदाधिकारी अनूज तिवारी, ओम प्रकाश मिश्र, मुना बेलथरिया, अजय शर्मा, शम्भु झा, विवेक शर्मा, रामप्रवेश उपाध्याय, अनशू झा,रमण शर्मा, सूरज पाठक इत्यादी अनेकानेक लोग उपस्थित थे।

## प्रोफेसर अबुजर उस्मानी मोहसिन ए उर्दू थे : डॉ शाहनवाज

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** प्रोफेसर अबुज़र उस्मानी न केवल एक शिक्षक और लेखक थे, बल्कि मोहसिन ए उर्दू भी थे। यह बात रामगढ़ के हेहल स्थित मौलाना आज़ाद पब्लिक स्कूल में अंजुमन फरोग ए उर्दू पतरातू ब्लॉक इकाई की बैठक में अंजुमन फरोग ए उर्दू उत्तरी छोटानागपुर के प्रभारी डॉ. शाहनवाज खान ने कही।उन्होंने कहा कि प्रो अबुजर उस्मानी की मृत्यु कल दिनांक 18 नवंबर 2023 को रांची में हुई उर्दू जगत के लिए अपूर्णीय क्षति है। वह रांची विश्वविद्यालय और विनोबा भावे विश्वविद्यालय में स्नातकोत्तर उर्दू विभाग के अध्यक्ष और शिक्षक के रूप में काम कर चुके हैं। उस्मानी साहब उर्दू भाषा और साहित्य की अपार सेवा की है। लगभग छह दशकों तक उर्दू के विकास के लिए काम किया। उन्होंने उर्दू के साथ हो रहे अन्याय, खासकर स्कूलों में उर्दू शिक्षकों की कमी के खिलाफ अपने खर्चे पर अदालत में कानूनी लड़ाई लड़ी। जिस पर अल्लह की कृपा से सफलता भी मिली। उनकी इखलास और इनकसारी ऐसी थी कि उर्दू भाषा एवम साहित्य की सेवा के लिए एक संगठन ने जब उन्हें बाबा ए उर्दू झारखंड की उपाधि दी, तो उन्होंने यह कहकर लौटा दिया कि ÷मैं इसके हकदार नहीं हूं, मैंने इतना काम नहीं किया है जितना करना चाहिए%%। जबकि इस उपाधि का वास्तविक हकदार वह थे। क्योंकि इस मामले में आज झारखंड में उनका कोई सानी नहीं है। आज की बैठक में पिछले कार्यक्रम अर्थात विश्व उर्दू दिवस के अवसर पर आयोजित उर्दू लेखन प्रतियोगिता की समीक्षा की गई तथा आय-व्यय का ब्यौरा पेश किया गया। भावी कार्यक्रम के रूप में यह निर्णय लिया गया कि प्रत्येक रविवार को प्रखंड के किसी न किसी गांव में उर्दू भाषा की जागरूकता हेतु सभा की जायेगी। इसके लिए एक कैलेंडर तैयार किया जा रहा है। बैठक की अध्यक्षता जलील अंसारी ने किया और संचालन प्रखंड संयोजक मो रियासत हुसैन ने किया। बैठक में प्रो शाहनवाज खान, मो रियासत हुसैन, जलील अंसारी, मो हातिम, परवेज आलम, मो अफरोज उर्फ विक्की खान, राजा खान, रहमत अंसारी, हजरत अंसारी, तनवीर अनवर आदि उपस्थित थे।

### कोयलांचल अरगड्डा- सिरका में दूसरे अर्ध्य के साथ सूर्य उपासना छठ पूजा संपन्न

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कोयलांचल अरगड्डा- सिरका, जीएम ऑफिस के दामोदर व मंगरदहा नदी घाटों पर रविवार को पहला अर्घ्य और सोमवार को दूसरे अर्घ्य के साथ सूर्य उपासना छठ पूजा संपन्न हुई। अरगड्डा नीचे धोड़ा घाट पर पानी के बीच सूर्य देव की प्रतिमा स्थापित की गई थी।



नोनाहीटाड़ में भी सूर्य देव प्रतिमा रखी गई थी। जबकि फूलसराय, बुमरी में भी भक्तों ने तालाबों में सूर्य का पूजन किया। छठवृतियों ने पारंपरिक गीत कांच के है बांस के बहंगिया लचक्कत जाए आदि गीत गाए। सूप पर ठेकुआ, फल, फूल, केतारी, मिष्ठान चढ़ाया। लोगो के बीच समितियों ने खिचड़ी प्रसाद बांटा। रास्तों पर विद्युत लाइटे लगी, साफ सफाई का भी ध्यान रखा गया। प्राकृतिक मनोरम दृश्य के बीच अनुष्ठान पूरा हुआ।

# सूर्योपासना और लोक आस्था का चार दिवसीय महा पर्व छठ संपन्न

### विधायक अंबा प्रसाद ने बड़कागांव सूर्य मंदिर छठ घाट में उदयीमान सूर्य देव को दी अर्घ्य





प्रभात मंत्र संवाददाता

**बड़कागांव :** सूर्योपासना और लोक आस्था के महान पर्व छठ पूजा को लेकर बड़कागांव में छठ व्रतियों और श्रद्धालुओं का उत्साह चरम पर दिखा। छठव्रतियों ने रविवार शाम को अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया एवं सोमवार के प्रातः कालीन उदयीमान सूर्य देव भगवान भास्कर को अर्घ्य देने के साथ छठ पूजा संपन्न हुआ।दूसरी ओर छठ घाटों समेत चारों तरफ बज रहे छठ के धार्मिक गीतों ने वातावरण को और भी भक्तिमय बना दिया था।छठ घाटों को आकर्षक लाइटों से सजाया गया था। इस बीच छठ घाटों की ओर जा रहे व्रतियों को सामाजिक संस्थाओं और जनप्रतिनिधियों की ओर से रास्ते में फल आदि का भी वितरण किया गया। डाला को फूल माला से सजा कर पारंपरिक ढोल-नगाड़े और गाजे-बाजे के साथ छठव्रती रास्ते में मत्था टेकते हुए घाटों पर पहुंचे और अस्ताचलगामी सूर्य को तालाबों, नदियों और छठ घाटों में खड़े होकर पहला अर्घ्य अर्पित किया एवं सोमवार को प्रातः कालीन उदयीमान सूर्य देव भगवान भास्कर को अर्घ्य दिया।बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद ने बड़कागांव सूर्य मंदिर छठ घाट में उदयीमान सूर्य देव भगवान भास्कर को अर्घ्य दिया और छेत्र के शांति और खुशहाली के लिए प्रार्थना की।विभिन्न छठ घाटों पर छठ व्रतियों और श्रद्धालुओं ने अस्त होते और उदय होते सूर्य की पूरी लगन और श्रद्धा के साथ पूजा अर्चना की। सोमवार की सुबह उदय होते सूर्य को अंतिम अर्घ्य अर्पित करने के साथ ही चार दिवसीय छठ महापर्व संपन्न हो गया। बड़कागांव प्रखंड के बादम, बड़कागांव मध्य, बड़कागांव पूर्वी, बड़कागांव पश्चिमी, गोंदलपुरा, महुगाई, चोपदार बलिया, नापो, हरली, सांढ, कांडतारी, चंदोल, तलश्वार,आदि थे ।

## भक्तिमय माहौल में संपन्न हुआ लोक आस्था व उपासना का महापर्व छठ



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पाकुड़ :** लोक आस्था एवं उपासना का महापर्व छठ पूजा भक्तिमय माहौल में संपन्न हो गया। निष्ठापूर्वक चार दिनों तक चली छठ पूजा को लेकर हर तरफ उत्साह का माहौल दिखा। नहाय खाय के साथ शुक्रवार को शुरू हुआ छठ महापर्व सोमवार को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही संपन्न हो गया। पहला दिन नहाय खाय और दूसरे दिन खरना के रूप में मनाया गया। तीसरे दिन शाम बेला में अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया गया। अंतिम दिन सोमवार को सुबह उदीयमान सूर्य को अर्घ्य दिया गया। इसके साथ ही चार दिवसीय छठ महापर्व शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो गया। जिला मुख्यालय सहित ग्रामीण इलाकों में छठ पूजा का उत्साह दिखा। तालाबों में बनाए गए छठ घाटों में पहुंचकर श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना की। भगवान भास्कर को अर्घ्य दिया और सुखमय जीवन की कामना की। इधर छठ पूजा को लेकर तालाबों या छठ घाटों को आकर्षक रूप से सजाया गया था। लाइट और अन्य साज-सज्जा से खूबसूरत रूप दिया गया था। वहीं प्रशासन की ओर से सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किया गया था। उपायुक्त मृत्युंजय कुमार बर्नवाल एवं पुलिस अधीक्षक हृदिप पी जनार्दन लगातार नजर बनाए हुए थे। भक्तों को किसी तरह की परेशानी नहीं हो, इसका पूरा ध्यान रखा गया था। कमेटियों की ओर से भी छठ घाटों पर बेहतरीन व्यवस्थाएं की गई थी।

### छठ पूजा पर शीतला मंदिर के भक्तों ने व्रतियों के बीच खिचड़ी किया वितरण

**गिददी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मां शीतला मंदिर गिददी ए शीतल नगर के भक्तों के द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति छठ पूजा के दूसरे दिन सोमवार को व्रतियों के बीच खिचड़ी प्रसाद का वितरण किया गया। बताया गया कि ग्रामीण भक्त बीते करीब 15 वर्षों से निमिया वाली माता शीतला को छठ पूजा के पहले अर्घ्य की रात्रि भोग लगाकर लोगों के बीच प्रसाद का वितरण करते हैं। मौके पर ग्रामीण भक्त विकास राजवंशी, विनय राजवंशी, अशोक कौल, राहुल ठाकुर, रविकांत बनर्जी, सुरेश भुईयां, सागर राम, सरजू सिंह, माला कुमारी, वोड्डा कुमार आदि उपस्थित थे।

### सुरक्षा कर्मियों ने सिरका सीएचपी से बदमाशों द्वारा सीढ़ी लेकर भाग रहे 6 फीट लोहा सीढ़ी किया बरामद

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल सुरक्षा विभाग सिरका ने बंद सीएचपी रेलवे साईडिंग के समीप से 6 फीट व वजनदार लोहे की सीढ़ी बरामद किया हैं। इस संबंध में सुरक्षा प्रभारी राजू राम ने बताया कि बीते रात्रि रविवार करीब 10~30 बजे अज्ञात चोर लोहे सीढ़ी को ले भागने के फिराक में थे। लेकिन यहां तैनात होमगार्ड जवान सुनील राम, सीसीएल गार्ड जगन्नाथ महतो की सजगता व पेट्रोललिंग सिरका अलाउद्दीन और जीएम ऑफिस के द्वारा सीढ़ी बरामदगी में सफलता पाई है। समाचार लिखे जाने तक प्रबंधन सीढ़ी उठाने की प्रक्रिया में लगा था।

## नवजवान एकता फाउंडेशन ने छठ पर सक्रिय भूमिका निभाई



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** लोक आस्था का महापर्व छठ धूम धाम एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। जहां एक ओर जिला प्रशाशन पुरी तरह से सक्रिय रही, वहीं हर साल की भांति इस साल भी नवजवान एकता फाउंडेशन ने अपने सामाजिक कर्तव्य का निर्वहन करते हुए छठ के मौके पर अपना बहुमुल्य योगदान दिया। संस्था के अध्यक्ष एवं सचिव मोहम्मद शाहनवाज खान सहित सभी सदस्यों ने जिला प्रशाशन को पुरा सहयोग दिया तथा विधि व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने मे विशेष भुमिका निभाई। संस्था के सदस्य जगह जगह पर तैनात थे, जो छठ घाट पर आने जाने वाले श्रद्धालुओं का भरपूर ख्याल रख रहे थे। ट्राफीक व्यवस्था को भी दुरुस्त रखने मे संस्था के सदस्यों ने सक्रिय भूमिका निभाई। ज्ञात हो की नवजवान एकता फाउंडेशन हमेशा से समाज मे एकता, भाईचारा और मानवता के कार्य करने के लिये जाना जाता है।

## दो दिवसीय टूर्नामेंट का किया विधायक शुभारंभ



**बेंगाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बेंगाबाद प्रखंड के पेसराटांड मैदान में दो दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का कार्यक्रम आयोजित हुइ ।बतौर मुख्य अतिथि गांडेय विधायक डॉ. सरफराज अहमद नुनुराम किस्कू, बासुदेव यादव, फुटबॉल क्लब के अध्यक्ष किशोर किस्कू सचिव अजीत टुडू उपाध्यक्ष मंटू मरांडी अमित हेंब्रम प्रवीण टुडू, आदि ने संयुक्त रूप से फुटबॉल मैच का किक मारकर शुभारंभ की इस मौके पर विधायक सरफराज अहमद ने कहा कि समाज को जोड़ने की शक्ति खेल में है. खेल ना सिर्फ शारीरिक विकास बल्कि समाज के विकास में भी अति महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है. खेल खिलाड़ियों की प्रतिभा को निखारने के साथ-साथ स्वास्थ्य के सर्वांगीण विकास में भी सहयोगी बनता है। कहा कि आयोजित फुटबाल मैच में 16 टीम शामिल है जिसमें बालक का टीम 8 और बालिका का टीम 8 है रविवार को फाइनल मैच खेला जाएगा। इसके पूर्व अतिथियों ने खिलाड़ियों से हाथ मिलाते हुए उत्साह वर्धन किया। इस मौके पर मैदान में दर्शकों की भीड़ खचाखच भरी हुई थी।

## वॉलीवाल टूर्नामेंट का आयोजन



**सरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सरिया प्रखण्ड के खैराबाद मे प्रत्येक वर्ष के भांति इस वर्ष भी अंदाज स्पोर्टिंग क्लब खैराबाद के बैनर तले टूर्नामेंट का आयोजन किया गया जिसमे मुख्यअतिथि मनोज यादव,विशिष्ट अतिथि अनूप पाण्डेय,रिंकू प्रसाद सिंह समेत स्थानीय प्रतिनिधि शामिल हुवे, कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों का स्वागत व खिलाड़ियों की परिचय प्राप्त कर किया गया, उद्घाटन मुकाबल बोकारो बनाम तिलैया डैम के बीच खेला गया जिसमे बोकारो की टीम विजय हुई, इस टूर्नामेंट मे कुल आठ टीम ने अपना खेल दिखाया, इस मैच मे मुकेश यादव ने रेफरी की भूमिका निभाई, वहीं क्लब के सारे सदस्य सफल आयोजन को लेकर लगे रहे, मौके पर मुखिया पिंकी देवी , उप मुखिया रीता कुमारी, रोहित मंडल, राजेश यादव, लक्ष्मण महतो, संदीप मंडल, अक्षय यादव, सचिन यादव, ललन यादव समेत सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

## समस्त झारखंड समाज सेवा ट्रस्ट द्वारा छठ घट पर नि:शुल्क जल वितरण किया गया

**बीते 21 सालों से सूरत डिंडोली छठ सरोवर मे मनाया जा रहा छठ पूजा**



**जमुआ/गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जिले के प्रवासी ने गुजरात के सूरत मे हर क्षेत्र मे अपना योगदान देने का काम कर रहे हैं। सूरत के डिंडोली छठ सरोवर में बीते 21 साल से श्री छठ मानव सेवा ट्रस्ट द्वारा छठ अर्ध का व्यवस्था किया जा रहा। इस साल समस्त झारखंड समाज सेवा ट्रस्ट के आग्रह पर श्री छठ मानव सेवा ट्रस्ट द्वारा छठ घाट पर जगह मिला जिसके बाद ट्रस्ट ने छठ सरोवर मे नि:शुल्क जल पिलाने का कार्य किया।

# उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ लोक आस्था का महापर्व छठ संपन्न, छठ घाटों पर उमड़ी भीड़





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**झरिया :** लोक आस्था सूर्योपासना का चार दिवसीय महापर्व छठ कोयलांचल में शांतिपूर्ण तरीके से सोमवार को संपन्न हो गया। रविवार शाम तथा सोमवार सुबह व्रतियों तथा श्रद्धालुओं ने झरिया के ऐतिहासिक राजा तालाब सहित शहर के विभिन्न छठ घाटों पर भगवान सूर्य को अर्घ्य दिया। छठ महापर्व को लेकर संपूर्ण शहर भक्ति के माहौल में डूबा रहा। शहर में चारों ओर छठ मैया के गीतों की धुन सुनाई देती रही। स्थानीय राजा तालाब पर मनोरम दृश्य देखने को मिला। जहां लोगों ने खुले जल में भगवान सूर्य को अर्घ्य दिया। इसके अलावे आनंद भवन तालाब, तेजन सिंह तालाब, गौशाला तालाब, लोदना तालाब, बागडिगी तालाब, अलकडीहा तालाब, दामोदर नदी घाट सहित अन्य स्थलों पर लोगों ने भगवान सूर्य को अर्घ्य दिया। कई लोगों ने घर के छत पर पूजा किया और भगवान भास्कर को अर्घ्य दिया। श्रद्धालु प्रात- काल से ही छठ घाट की ओर डाला के साथ रवाना हो गए। सूर्य की लालिमा देखते ही व्रती एवं श्रद्धालुओं के चेहरे पर प्रसन्नता झलकने लगी। इससे पूर्व व्रती तथा श्रद्धालु ने घंटों भगवान सूर्य के उगने का इंतजार जल में खड़े होकर किया। व्रती के जल से निकलने के बाद लोगों ने उनके पांव छुए और आशिष प्राप्त किया। इस दौरान व्रतियों ने पुरूषों को टीका लगाया तथा महिलाओं की मांग में सिंदूर दिया तथा उनके सुहाग की दीघार्यु होने की प्रार्थना की। अर्घ्य देने के बाद लोगों में प्रसाद प्राप्त करने की होड़ लग गई। लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। व्रती से आशीष लिया। छठ पूजा को लेकर शहर में प्रशासन द्वारा पुख्ता व्यवस्था की गई थी। प्रमुख स्थलों पर पुलिस बल की तैनाती की गई थी।

## केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी सुरंग में फंसे मजदूर के परिजनों से मिल बंधाई ढाढस



**बिरनी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सोमवार को केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सह कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी बिरनी प्रखंड के दौरे पर रही। इस बीच सांसद महोदया अन्नपूर्णा देवी उत्तराखंड के उत्तरकाशी में निर्माणाधीन सुरंग में फंसे मजदूर सुबोध कुमार वर्मा का घर सिमराढाब पहुंच कर परिजनों को ढाढस बंधाई साथ हीं आश्वासन दिया कि केंद्र और उत्तराखंड की सरकार सुरंग में फंसे मजदूरों को बचाने का हरसंभव प्रयास कर रही है। तत्पश्चात मंत्री महोदया आरएसएस के झारखंड के प्रचारक गोपाल शर्मा के आवास बाराडीह पंचायत के ग्राम बिराजपुर के पहुंच कर उनका हालचाल जाना एवं छठ का महाप्रसाद ग्रहण किया। मौके पर गिरिडीह जिप उपाध्यक्ष सह अनुमंडल सांसद प्रतिनिधि छोटेलाल यादव, सांसद प्रतिनिधि नारायण पाण्डेय, सांसद प्रतिनिधि देवनाथ राणा, सांसद प्रतिनिधि मनोज चंद्रवंशी, मंझीलाडीह मुखिया सत्येंद्र राउत, सिमराढाब मुखिया दिलीप दास, मंडल महामंत्री राजेंद्र राम, पूर्व मंडल अध्यक्ष रामाशीष राय, युवा नेता सुभाष, रामकृष्ण तथा संघ एवं भाजपा के सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## कतरास सूर्य मंदिर कमिटी ने किया डीएसपी को सम्मानित



**कतरास(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** कतरास एवं आस पास के क्षेत्र में शांतिपूर्ण ढंग से महापर्व छठ संपन्न हो गया। कतरास सूर्य मंदिर छठ घाट में कल शाम और आज सुबह छठ व्रतियों का अपार भीड़ उमड़ा। छठव्रतियों ने भगवान भाष्कर की पूजा अर्चना की। दर्जनों जन प्रतिनिधि, नेता छठ घाट पहुंच कर छठव्रतियों का अभिवादन किया। सूर्य मंदिर कमेटी द्वारा छठ घाट में आए बाघमारा डीएसपी निशा मूर्मू सहित सभी जनप्रतिनिधियों एवं पत्रकारों को अंग वस्त्र एवं बैच पहनकर सम्मानित किया। मौके पर कमेटी के किशोरी गुप्ता, टुनटुन शर्मा, विजय गुप्ता, प्रिंस शर्मा, विनोद सिन्हा, उदय, अशोक, धीरज शर्मा, चैंबर ऑफ़ कॉमर्स के सचिव मनोज गुप्ता, अधिवक्ता अवधेश आदि उपस्थित थे।

# शांतिपूर्ण संपन्न हुआ लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेंगाबाद :** लोक आस्था और सूर्य उपासना के महापर्व छठ चौथे दिन सोमवार को शांतिपूर्ण बेंगाबाद प्रखंड क्षेत्र में संपन्न हुआ। बेंगाबाद प्रखंड के लगभग सभी सनातन धर्म के गांव में भगवान भास्कर को पूजा अर्चना की गई वही गांव में स्थित छठ घाट तालाबों एवं जलाशयो में रविवार अस्ताचलगामी सूर्य को संध्या में अर्घ्य देने के बाद अगली सुबह सोमवार को उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही छठ का समापन हो गया है. वही प्रखंड क्षेत्र में छठ त्यौहार का धूम चारों तरफ भक्ति में नजर आया।

वही विधि व्यवस्था को लेकर थाना प्रभारी प्रखंड विकास अधिकारी अंचला अधिकारी क्षेत्र में लगातार भ्रमण करते नजर आए।

## टीएमसी नेता मुख्तार अहमद ने कानून मंत्री मलय घटक से भेंट की

**झारखंड मे होने वाले आगामी चुनावों पर हुई चर्चा**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस झारखंड अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मुख्तार अहमद ने पश्चिम बंगाल के कानून मंत्री मलय घटक से आसनसोल स्थित उनके आवास पर भेंट कर लोक आस्था के महापर्व छठ की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस दौरान झारखंड मे होने वाले आगामी लोक सभा एवं विधान सभा चुनाव पर भी चर्चा हुआ। सूत्रों के अनुसार टीएमसी सुप्रीमो ममता बनर्जी ने इंडिया पार्टी गठबंधन के समक्ष झारखंड से दो सीटों की मांग रखी है जिस पर चुनाव लड़ने के लिये प्रबल दावेदार मुख्तार अहमद हैं।

कानून मंत्री मलय घटक ने आश्वस्त किया की शीघ्र ही इस विषय पर सकारात्मक निर्णय लिया जाएगा। साथ ही उन्होने धनबाद आने की भी बात कही। मौके पर स्थानिय वार्ड संख्या 24 की पार्षद फनशाबी आलिया, पूर्व प्रधानमंत्री स्व चंद्रशेखर के अनुयायी सुरेश सिंह एवं अन्य उपस्थित थे।

## टुंडी समेत कई छठ घाटों में भगवान भास्कर को दिया गया अर्घ्य रजवार समाज रहा आकर्षक का केन्द्र

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**टुंडी :** टुंडी मुख्यालय से सटे कदमाअहरा छठ घाट में लोक आस्था का महापर्व छठ पर्व पर सभी छठव्रतियों ने अस्ताचलगामी भगवान सूर्य को पहला अर्घ्य दिया। कदमाअहरा छठ घाट को इस बार बहुत ही आकर्षक साज सज्जा से सजाया गया था एवं छठव्रतियों को किसी तरह की असुविधा न हो इसलिए वालंटियर से लेकर प्रशासन तक काफी मस्तैद देखा गया। सबसे आकर्षक का केन्द्र टुंडी रजवार समाज सुधार समिति रहा जिसने छठव्रतियों के लिए निशुल्क प्रसाद वितरण के लिए स्टालों का व्यवस्था किया और यथाशक्ति प्रसादों का वितरण कर एक मिशाल कायम किया रजवार समाज सुधार समिति के जिलाध्यक्ष निर्मल रजवार ने संवाददाता को बताया कि इस तरह के पुण्य कार्य हमलोगों के द्वारा लगातार तीन सालों से किया जा रहा है। मौके पर सुरेश रजवार, गोविंदपुर प्रखंड अध्यक्ष, बिनोद कुमार रजवार, टुंडी प्रखंड अध्यक्ष, अरूण राजवंशी, जिला उपाध्यक्ष,बबलू रजवार, पंचायत अध्यक्ष, पूर्व मुखिया प्रत्याशी तुलसी रजवार समेत कई छठव्रति उपस्थित थे ।

# छठ व्रती गीता ने छत पर बनाए जलकुंड से भगवान सूर्य को दिया अरग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** छठ महापर्व पर कार्मिक नगर स्थित मोती नगर में श्री विला अपाटमेंट के छत पर बने छठ पूजन कुंड में अस्ताचलगामी सूर्य को श्रद्धा से छठव्रती गीता शर्मा ने अरग दिया। अपार्टमेंट के सारे फ्लैट में रहने वाले पुरुष महिलाएं बच्चे, रिश्तेदार, मित्रगण समेत कॉलोनी के श्रद्धालुओं ने बहुत ही स्वच्छता, साफ सफाई, साज सज्जा एवं गंगाजल अर्पित किया हुआ छठ पूजन कुंड में छठव्रती गीता शर्मा के सूप में अरग देकर अपनी अपनी मनोकामनाएं मांगी।

इस अवसर पर छत को झालर, लाइटों एवं कागज के रंगीन आकृतियों से बच्चों ने सजाया था। सूर्य उदय बेला में छठी मैया एवं सूर्य भगवान की उपासना पूजन एवं अर्ग देकर छठ पूजा बहुत ही श्रद्धा के साथ संपन्न कर सभी को तिलक लगा कर प्रसाद बांटा गया।

छठी मैया से सभी की उन्नति, खुशहाली की कामना की गई।

## छठ व्रतियों के स्वागत के लिए बनाए गए तोरण द्वार का उद्घाटन



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** रविवार को श्री श्री छठ पूजा सेवा समिति, स्टार प्रोग्रेसिव क्लब एवं वाल्मीकि पंचायत कमिटी टेंपल रोड, पुराना बाजार के मंच से मुख्य अतिथि युवा संघर्ष मोर्चा जनवादी के संस्थापक दिलीप सिंह ने छठ व्रत एवं श्रद्धालुओं के स्वागत के लिए बने तोरण द्वार का उद्घाटन फीता काट कर किया एवं अस्ता चलगामी सूर्य के पूर्व घाट में जाते हुए छठ व्रतियों के डाले में फल, अगरबत्ती एवं अन्य पूजन सामग्री वितरित की। दिलीप सिंह ने कहा की सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों में अपनी एक अलग पहचान को स्थापित करते हुए पिछले कई वर्षो से स्टार क्लब द्वारा छठ व्रतियों की सेवा की जा रही है जो की सराहनीय है। क्लब के सदस्यों ने कहा कि छठ मइया की असीम कृपा से हमें सेवा का मौका मिला है। हमारा प्रयास है कि व्रतियों को कोई दिक्कत न हो।

## टुंडी में हाथियों के झुंडों ने कोकराद गांव में लाखों की फसलों को पैरों तले रौंदा, वन विभाग मौन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**टुंडी :** टुंडी प्रखंड मुख्यालय से महज 200 मीटर की दूरी पर अवस्थित कोकराद गांव में हाथियों के दलों द्वारा गत रात्रि गरीब आदिवासी किसानों की करीब लाखों रुपए की धान की फसलों को पैरों तले रौंद डाला। गौरतलब है की टुंडी प्रखंड के कई ऐसे गांव हैं जो हाथी के चारागाह स्थल बनकर रह गया है आए दिन फसलों की बर्बादी के साथ-साथ बड़े पैमाने पर मानव जाति के लोग इनके शिकार हो रहे हैं यह हाथी कभी भी कहीं भी किसी को भी अपना शिकार बना लेते हैं चाहे वह फसल हो या मानव किसी को भी अपने शिकार बनाने में पीछे नहीं हटते अगर समय रहते वन प्रमंडल धनबाद द्वारा कोई ठोस उपाय नहीं किया गया तो टुंडी में फिर कभी भी हादसा हो सकता है फिलहाल सुरक्षा के नाम पर वन विभाग टुंडी के पास केवल मशाल है इसके अलावा कुछ भी नहीं एवं खास तौर पर देखा जाए तो टुंडी के रेंजर टुंडी मुख्यालय से बाहर रहने के कारण सुरक्षा अभियान पर व्यापक रूप से असर पड़ रहा है टुंडी वन विभाग में मात्र एक फोरेस्टर के सहारे चल रहा है जिन लोगों का हाथियों ने व्यापक रूप से धान की फसलों को रौंद डाला वह इस प्रकार हैं सर्व सरफुद्दीन अंसारी, वार्ड सदस्य जकाउल अंसारी, जहीरूद्दीन अंसारी, राम हांसदा ,लखन हांसदा प्रेमचंद हांसदा, श्यामलाल मुर्मू, बबलू किस्कू आदि। तत्काल वन विभाग टुंडी ने फसलों की बर्बादी पर सभी ग्रामीणों से आवेदन की मांग किया है।

## ठाकुर कुल्ही छठ पूजा पंडाल का उद्घाटन



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** श्री श्री सार्वजनिक छठ पूजा समिति ठाकुर, कुल्ही धैया पंडाल का उद्घाटन बिहार जनता खान मजदूर के महामंत्री सह कांग्रेस नेता रणविजय सिंह ने किया। उन्होने कोयलांचल वासियों एवं ठाकुर कुल्ही के निवासियों के स्वास्थ्य की कामना छठी मैया से की एवं छठ पूजा समिति के सभी सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापन किया। उन्होंने कहा की ठाकुर कुल्ही में छठ पूजा 26 वर्षों से होती आ रही है और इस क्षेत्र में एकमात्र साफ सुथरा छठ तालाब है।जिसकी देखरेख यहां के समिति के सदस्यों द्वारा किया जाता है एवं यहां की विधि व्यवस्था की भी तारीफ की इसके बाद उन्होंने अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया।

## छठ पर्व को लेकर की गयी तैयारियों का महाप्रबंधक ने लिया जायजा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हाजीपुर :** पूर्व मध्य रेल द्वारा छठ पर्व के बाद यात्रियों की सुविधा/सुरक्षा हेतु व्यापक प्रबंधक किए गए हैं। महाप्रबंधक अनिल कुमार खंडेलवाल द्वारा स्वयं इसकी रियल टाइम मॉनिटरिंग की जा रही है। इसी क्रम में आज महाप्रबंधक ने संध्या पटना जंक्षन पहुंचकर क्राउड मैनेजमेंट, साफ-सफाई, यात्री सुरक्षा सहित उपलब्ध करायी जा रही अन्य सुविधाओं का जायजा लिया । इस दौरान महाप्रबंधक ने पटना जंक्षन पर यात्रियों से चर्चा कर उपलब्ध करायी जा रही यात्री सुविधाओं के संबंध में उनका फीडबैक लिया । महाप्रबंधक श्री अनिल कुमार खंडेलवाल ने अधिकारियों को यात्री सुविधा के लिए निरंतर चैकस रहने का निर्देष दिया । पूर्व मध्य रेल द्वारा



छठ पूजा बाद स्टेषनों एवं ट्रेनों में यात्रियों की भीड़ के मद्देनजर यात्री सुविधा/सुरक्षा सहित संपूर्ण व्यवस्थाओं की निगरानी हेतु पटना में एक ''वार रूम'' खोला गया है जहां अधिकारियों द्वारा रियल टाइम मॉनिटरिंग की जा रही है ।

# पवित्रता का पावन पर्व छठ महा पर्व उदीयमान सूर्य के अर्घ के साथ व्रत का हुआ पारण

➲ उप-प्रमुख समेत व्रतियों ने व्रत रख दिया सूर्य को अर्घ्य, किया सुख-शांति समृद्धि की कामना

➲ थाना परिवार ने व्रतियों के बीच बांटे पूजन सामग्री





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत प्रखंड के सभी पंचायत के गाँवो मे 04 दिनो से चलने वाला लोक आस्था का महान पर्व 20 नवंबर सोमवार को उदीयमान सूर्य के अर्घ्य के साथ छठ महापर्व का पारण हो गया है। 19 नवंबर रविवार को प्रखंड के नदी, तालाब, इत्यादि जलाशयों मे श्रद्धापुर्वक ब्रतियों ने भगवान भास्कर की अस्तांचल गामी सूर्य का अर्घ्य दिया वही इस अवसर पर प्रखंड उप-प्रमुख मधुलिका रानी ने भी ब्रत रख नन्दनी नदी के झारखंड आवासीय बालिका विद्यालय के घाट पर भगवान भास्कर को अर्घ्य प्रदान कर प्रखंड क्षेत्र की सुख-शांति व समृद्धि का कीया कामना। इस अवसर पर कैरो थाना प्रभारी शंखनाथ उराँव व थाना परिवार की और से 19 नवंबर रविवार को कैरो खुट्टा तालाब छठ घाट पर सभी ब्रतियों के बीच पूजन सामग्री, फल, व ईख का भी वितरण किया गया। वही 20 नवंबर सोमवार को भगवान भास्कर के उदीयमान सूर्य के अर्घ्य के पश्चात पुरोहित कौशल कान्त त्रिपाठी जी के द्वारा कैरो खुट्टा तालाब छठ घाट पर ही लक्ष्मीनारायण भगवान की कथा पाठ करा कर सभी व्रत धारियों का ब्रत का पारण किया गया। इस अवसर पर कैरो प्रखंड उप-प्रमुख मधुलिका रानी, प्रखंड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो, प्रखंड समन्वयक दिनेश कुमार, थाना प्रभारी शंखनाथ उराँव, एस आई सन्तोष कुमार, एएसआई संजय कुमार राय, डा0 अनुग्रह नारायण+2 उच्च विद्यालय के प्रधानाचार्य गणेश शास्त्री, अम्रेण्द्र कुमार, 20 सुत्री उपाध्यक्ष बुधुवा उराँव, 20 सुत्री सद्स्य सह दुर्गा पुजा समिति अध्यक्ष शरत कुमार विद्यार्थी, मुखिया वीरेन्द्र महली, उप-मुखिया रवि प्रजापति, विनोद महतो, शंभू सोनी, समाज सेवी गंगा प्रसाद, बालेश्वर साहू, रामपवित्र प्रसाद सोनी, प्रभू भगत, राजेन्द्र सोनी, सुरज मोहन साहू, विशेश्वर प्रसाद दीन, परमेश्वर भगत, सुरेन्द्र पहान, विवेक प्रजापति, मनोज पांडेय, गोबर्धन महतो, संजय पांडेय, ललेश पांडेय, डा0 भोला प्रसाद, संजय साहू, नजीर आलम खान, कैरो खुट्टा तालाब छठ पुजा समिति अध्यक्ष कृष्णा साहू, प्रकाश साहू, प्रवीण पांडेय, भोला साहू, राजा साहू, इत्यादि कैरो थाना के सदल बल के साथ बड़ी संख्या मे गणमान्य ग्रामीण छठ घाठ पर उपस्थित थे।

# छठ पर्व का समापन, उदयगामी सूर्य को भक्तों ने दिया अर्घ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जलडेगा :** जलडेगा में चार दिवसीय सूर्योपासना के महापर्व छठ पूजा का आच चौथे दिन उदयमान सुर्य भगवान भुवन भास्कर को अर्घ्य के साथ शांतिपूर्ण वातावरण में हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। शुद्धता से परिपूर्ण नहाया खाय, खरना के साथ शुरू हुए प्राकृतिक भगवान सुर्य की उपासना का रविवार अपराह्न 5ः07 बजे अस्ताचल एवं सोमवार प्रातः 6ः08 बजे उदयमान सूर्य को अर्घ्य देकर छठ व्रती महिलाओं ने मंगल कामना की। वहीं सोमवार को व्रती महिलाओं ने अन्न जल ग्रहण कर संकल्पित एवं मनोकामना पुर्ण निर्जला लोक आस्था के इस महापर्व का समापन किया गया है। इस दौरान 'हे छठी मईया हर लीं बलैया हमार' 'कांच ही बांस के बहंगिया बहंगी लचकत जाए' आदि गीत गातीं महिलाएं छठी मईया के जयकारे के बीच घाटों की ओर बढ़ती दिखीं। घाटों पर भी भक्ति गीत गूंजते रहे। वहीं दीप जलाकर पूजा-अर्चना की।



प्रखण्ड मुख्यालय मुंशी तलाब सहित प्रखण्डभर में बने छठ उत्सव को लेकर घाटों पर व्रती महिलाओं काफी उत्साहित थी पानी में खड़े होकर अस्ताचल एवं उदयमान सूर्य को अर्घ्य दिया। संतान और पति के साथ ही सभी के लिए मंगल कामना की। पंडित अरुण कुमार मिश्रा ने कहा छठ पर्व जीवन के लिए सूर्य और धरती के प्रति आभार व्यक्त करने का अवसर है। इसके माध्यम से प्रकृति और सूर्य की स्तूती कर उनका आभार व्यक्त किया जाता है। इस दौरान पुजन तैयारी एवं छठ गीतों से वातावरण भक्तिमय रहा महिलाएं घरों में पूजा सामग्री जुटाने और पकवान बनाने में व्यस्त रहीं। घाट पर पंडित अरुण कुमार मिश्रा एवं बच्छोपति महाराज की अगुवाई में भगवान सुर्य को अर्घ के बाद वेदी, हवन पुजन पूजा कर भगवान सुर्य पुजन कथा का श्रवण किए। छठ आयोजन समिति सदस्यों द्वारा छठ घाट में छठ महाप्रसाद ठकुआ, खीर, चाय आदि का वितरण किया गया। थाना प्रभारी हिरालाल महतो के नेतृत्व में विधि व्यवस्था को लेकर पुरी सतर्कता थी। आयोजन में बसंत साहू, अनिल साहू, सुभाष साहू, बलवंत साहू, राजू साहू, रामअवतार अग्रवाल, बुधराम बड़ाइक, पन्नालाल साहू, सहीत कई लोगों का अहम् योगदान रहा।

# श्री शुभकामना छठ पूजा समिति पतरा टोली के तत्वाधान में चार दिवसीय छठ महापर्व संपन्न

## 22 नवंबर को छठ पूजा के उपलक्ष में भव्य जागरण का होगा आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** श्री शुभकामना छठ पूजा समिति पतरा टोली लोहरदगा के तत्वाधान में, लगातार चार दिनों के प्रयास से शांतिपूर्ण रूप से छठ पूजा संपन्न हो गई। शंख नदी छठ घाट पर संध्या आरघ मे विशेष रूप से लोहरदगा के उप विकास आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी लोहरदगा, तथा रेलवे के इंस्पेक्टर रघुराज सिंह, जिला परिषद सदस्य संदीप गुप्ता तथा नीरू शांति भगत उपस्थित थे। समिति के अध्यक्ष अरविंद यादव सचिव रणधीर साहू कोषाध्यक्ष सोहन साहू उपाध्यक्ष रोशन कुमार गुप्ता, अनिल कुमार साहू, महावीर साहू, कमलेश प्रसाद तथा, विनोद साहू संरक्षक मंडली के विनोद सिंह, सुरेश ठाकुर, कमला



देवी, मनोज कुमार गुप्ता, कुमार सुमन साहू, उदय दत्ता, निधिकांत प्रसाद, प्रभु गुप्ता, विमल कांत सिंह, दिलीप सिंह, दिनेश प्रसाद, सुनील छतरी (कालू) नंदकिशोर साहू के साथ सारे सनातनी उपस्थित थे। प्रातः अर्ग में पून-अनुमंडल पदाधिकारी के साथ लोहरदगा सदर थाना प्रभारी अनिल उरांव उपस्थित होकर पूजन महोत्सव में शामिल हुए। यह कार्यक्रम के सफलता के लिए पूरी समिति के लोग दिन-रात लगे रहे। तथा समिति के लोग ने लोहरदगा नगर परिषद के पदाधिकारी एवं सारे दानदाताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। पून - 22 नवंबर 2023 दिन बुधवार को छठ पूजा के उपलक्ष में भव्य जागरण का आयोजन किया गया है। जिनमें मुख्य अतिथि श्री राम लखन प्रसाद (विश्व हिंदू परिषद जिला अध्यक्ष) तथा विशिष्ट अतिथि प्रसिद्ध समाजसेवी उपेंद्र प्रसाद होंगे। समिति के लोग निमंत्रण कार्ड देकर लोगों से आह्वान किया की भव्य जागरण में सम्मिलित होकर कार्यक्रम को सफल करने की अपील की गई। लोहरदगा प्रशासन के प्रति भी आभार व्यक्त किया गया।

# सामूहिकता और सामूदायिकता ही आदिवासी जतरा है : सुखदेव भगत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** नशा छोड़ो, फुटबॉल खेलो, पढ़ो और आगे बढ़ो के उद्देश्य से फौजी कल्ब बड़गांव में आयोजित फुटबॉल प्रतियोगिता एवं जतरा के अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक सह लोहरदगा लोकसभा के प्रभारी सुखदेव भगत ने कहा की सामूहिकता और सामूदायिकता ही जतरा का पहचान है। आदिवासी पुरखों ने बहुत ही सोच समझ कर सामाजिक परम्परा को सुदृढ़ किया। अखरा नगाड़ा झखरा आदिवासी की पहचान है, जिसे हमें संजो कर रखना है। शिक्षा और नशाबंदी हेतु सामाजिक जागरूकता जरुरी है। विशिष्ट अतिथि राधा तिर्की ने बेटी पढ़ाओ आगे बढ़ाओ पर बल दिया। दुर्गेश साहू बंटी ने पर्यावरण संरक्षण पर बल दिया, साथ ही बिरसा मुंडा की प्रतिमा के ऊपर छतरी बनाने की घोषणा की। पूर्व



थाना प्रभारी जगरनाथ उरांव ने नशा छोड़ना ही हमारा लक्ष्य होना चाहिए जिससे आदिवासी समाज आगे बढ़ सके। उन्होंने कहा इसी उद्देश्य से मैच की शुरुआत की। इसके पूर्व अतिथि गणों का पारम्परिक रूप से स्वागत किया गया। इस अवसर पर प्रमुख फुलझड़ी उरांव, मुखिया राजश्री एवं धनबाद आयोजन समिति के अध्यक्ष अदरा उरांव, सुशील उरांव, पाहन बिफय उरांव, शाहिद अहमद वीरेंद्र यादव, रूस्तम, तबारक, दयानंद, धर्मवीर दिलीप, बालेश्वर पंडित मुकेश सरताज, प्रदीप, कमलेश आदि काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। फाईनल में बड़गांव ने जोगना को 4-3 से पराजित कर विजेता बना। 15 गाँव के खोड़ा दलों को भी पारितोषिक दिया गया। मांदर एवं नगाड़े की थाप पर सुखदेव भगत, दुर्गेश कुमार साहू, उर्फ बंटी, राधा तिर्की, जगरनाथ उरांव जमकर थिरके।

# भंडरा प्रखंड में चार दिवसीय छठ महापर्व हुआ संपन्न



**भंडरा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के भंडरा प्रखंड मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में रविवार को उदयीमान सूर्य को अर्ध्य दे,चार दिवसीय छठ महापर्व संपन्न हुआ। भंडरा के अखिलेश्वर धाम, भौंरो नदी, भीठा, सेमरा, आकाशी, मसमानो, चट्टी, कचमची सहित गांवों में लोग विधिवत भगवान भास्कर को अर्ध्य, हवन व सत्यनारायण कथा सुन पूजा-अर्चना किया गया। इसके तत्पश्चात भंडरा के अखिलेश्वर धाम छठ घाट में पहुंचे छठ व्रतियों द्वारा छठ घाट में पूजा-अर्चना कर भगवान भोलेनाथ व माता पार्वती की पूजा-अर्चना किया गया। इधर भंडरा के अखिलेश्वर धाम में शांति व्यवस्था को लेकर भंडरा थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ तैनात दिखे। छठ घाट में छठ व्रतियों को किसी भी तरह की दिक्कतों का सामना करना ना पड़े, इसको लेकर भंडरा के सामाजिक कार्यकर्ता अजित अग्रवाल द्वारा अर्ध्य को लेकर गाय दूध का प्रबंध किया गया था।

## नाबालिक पुत्री के लापता पर मां ने कराया सनहा दर्ज



**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** नाबालिक पुत्री के लापता की सूचना सेन्हा थाना में देते हुए मां ने कराया सनहा दर्ज प्रशासन से सकुशल बरामद करने का लगया गुहार। सेन्हा थाना क्षेत्र के अतिसुदुर्वती ग्रामीण क्षेत्र से नाबालिक पुत्री फुलसुन्दरी (काल्पनिक नाम)के लापता होने की सूचना गढ़गांव निवासी करमा उराँव की पत्नी बसिया देवी ने सेन्हा थाना में लिखित आवेदन देते हुए बताई की सोमवार को मेरी पुत्री घर मे बोल कर निकली की कुछ निजी काम से सेन्हा जा रहें है। परन्तु वह देर शाम तक घर लौट कर नही आई तो परिजन चिंतित हो छानबीन करना आरम्भ कर दिये लेकीन लड़की का कहीं कोई पता नही चलने पर अपने सगे सम्बन्धी के यहां पता किया तो भी पुत्री का कोई सुराग नही मिला जिसकी सूचना सेन्हा थाना में करते हुए बताया कि रंग सांवली हाइट 4 फिट 5 इंच पहनावा लाल सूट पैर में सैंडल भाषा नागपुरी एवं हिंदी बोलने की बात बताई जा रही है। इस संदर्भ में थाना प्रभारी अविनव कुमार का कहना है कि आवेदन को संज्ञान में लेते हुए अग्रतर कारवाई आरम्भ कर दी गई है। साथ ही उन्होंने कहा किसी सजन व्यक्ति को लड़की पर नजर पड़ता है या कहीं दिखने पर स्थानीय पुलिस को सूचना कर सहयोग करने का अपील किया गया।

## रास मेला को लेकर 21 नवंबर को होगी समिति की बैठक

**जलडेगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जलडेगा दुर्गा मंदिर परिसर में राधा कृष्ण रास मेला आयोजन समिति की बैठक 21 नवंबर मंगलवार को अपराह्न 4 बजे आहूत की गई है। बैठक में अगामी 28 नवंबर को रात्रि आयोजित होने वाले सुप्रसिद्ध ऐतिहासिक राधा कृष्ण रास मेला के सफल संचालन हेतु एवं मेला से सम्बंधित अन्य मुद्दों पर विचार विमर्श किया जाएगा। उक्त जानकारी देते हुए मेला समिति के उपाध्यक्ष सुभाष साहु और कोषाध्यक्ष मोतीलाल ओहदार ने संयुक्त रूप से रास मेला समिति, नवयुवक संघ एवं मोटिया संघ के अलावे संगीत प्रेमीयों को बैठक ससमय उपस्थित होने का आग्रह किया है।

# परबा में भव्य रूप में हुआ पारंपरिक इंद मेला का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जलडेगा :** जलडेगा प्रखंड के परबा में शनिवार रात को पारंपरिक इंद मेला का आयोजन किया गया। इससे पूर्व मेला का शुभारंभ गांव के पाहन पुजार इन्द्रजीत मांझी, राजा लक्ष्मण मांझी, तेतरा मांझी, भरतु मांझी ने सामुहिक रुप से इंद्र देव का विधिवत पूजा एवं अनुष्ठान कर अच्छी वर्षा एवं उत्तम फसल हेतु आभार प्रकट किया। वहीं इंद मेला में भव्य तौर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित झापा के पुर्व विधायक व मंत्री एनोस एक्का एवं युवा जिलाध्यक्ष संदेश एक्का ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान एनोस एक्का ने कहा कि परबा जैसे सुदूर क्षेत्र में इतने भव्य रूप से मेला का आयोजन करना सराहनीय है। पुर्वजों के संस्कृति को परम्परागत चलाना हमलोगों की जिम्मेदारी है। हमारे पुर्वज इंद्रदेवता को रिझाने एवं अच्छी उपज के उपलक्ष में पारम्परिक भेष-भूषा में अपनी संस्कृति एवं परंपरागत तरीके से इंद मेला का आयोजन करते थे। कहा हमारी पार्टी पुर्वजों की परम्परा का सम्मान करता है। मौके पर झारखंड के मशहूर कलाकारों द्वारा एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी गई जिसने हजारों की संख्या में उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में झारखंड के नामी ठेठ नागपुरी एवं आधुनिक नागपुरी गायक कवि किशन ने सुपरहिट गाना पईचा में दिला देबे गाकर मौजूद संगीत प्रेमियों का दिल जीत लिया वहीं गायिका सुहाना देवी एवं मांदर वादक राजू नायक की जुगलबंदी ने भी दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया।

# उदयाचलगामी भगवान सूर्य को अर्घ अर्पण के साथ ही चार दीनी छठ महापर्व हुआ सम्पन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** उदयाचलगामी भगवान सूर्य को अर्घ अर्पण के साथ ही भक्तिभाव और हर्षोल्लाष क साथ सम्पन्न हुआ लोकआस्था का चार दीनी छठ महापर्व। छठमहापर्व के दौरान प्रखंड मुख्यालय के अलावे सीठीयो, बदला, चौकनी, हेसवे, डाँडू, अरु, तोड़ार, बुटी, झखरा, बांधटोली, चितरी, चन्दकोपा, गगेया, कोराम्बे सहित विभिन्न छठ घाटों में छठ व्रतियों के द्वारा रविवार को शाम में अस्ताचलगामी भगवान सूर्य को तथा सोमवार सुबह में उदयाचलगामी भगवान भुवन भास्कर को अर्घ अर्पण और पूजन किया गया। अर्घ अर्पण तथा पूजन के उपरांत व्रतियों ने सुख, समृद्धि, भैभव के लिये मङ्गल कामना किया साथ ही छठ महापर्व के दौरान सुबह शाम सभी छठ घाटों में भक्तों का भारी भीड़ देखने को मिला। इस दौरान छठ गीत से पूरा प्रखण्ड क्षेत्र गुंजयमान हो रहा था। वही छठ व्रतियों की सुविधा के लिये छठ घाटो में पूजा समितियों द्वारा टेंट लाइट, एवं पूजन सामग्री की व्यवस्था की गई थी। वही सभी छठ घाटों में विधि व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रसासन मुस्तैद रही। सोमवार सुबह में पूजा संपन्न होने के बाद प्रसाद वितरण किया गया। वही छठ पूजा के दौरान ग्रामीणों ने भी साफ सफाई में बढ़ चढ़ कर सहयोग किया गया।

# सेवा भारती द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सेवा भारती लोहरदगा के द्वारा चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के परिसर मे लगातार आज 75 वें सप्ताह के रविवार को भी सुबह 7:30 बजे से निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर लगाया गया। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ एवं डॉ कुमुद अग्रवाल ने संयुक्त रूप से भारत माता के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प चढ़ाकर शुभारंभ किए,सभी ने वंदे मातरम,भारत माता की जय का जयकारा लगाते हुए नमन किए। आज इस निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 24 लोगों ने अपना स्वास्थ्य जांच एवं चेकअप कराकर लाभान्वित हुए। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने छठ की शुभकामनाएं देते हुए सभी को स्वस्थ रहते हुए दीर्घायु रहने की कामना की और कहा की,लोगों को अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने की आवश्यकता है जिससे कि बीमारी होने से बचा जा सके, डॉ कुमुद ने कहा की समय-समय पर अपने स्वास्थ्य का चेकअप कराते रहना चाहिए,सहसचिव संजय चौधरी ने



कहा कि यह निशुल्क स्वास्थ्य शिविर 1 जून 2022 से निरंतर चलते आ रहे है और यह स्वास्थ्य शिविर निरंतर प्रत्येक रविवार को सुबह 7:30 बजे से एक घंटे के लिए लगाई जाती है। आज लोगों ने शुगर, बी.पी., ऑक्सीजन लेबल, वजन, हार्ट बीट आदि की जांच करवाते हुए, डॉक्टर से चेकअप कराते हुए परामर्श भी लिए, आज शिविर में जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ, डॉ कुमुद अग्रवाल, संजय चौधरी, गुप्तेश्वर प्रसाद गुप्ता, गोपाल सिंह, अतुल सर्राफ, अंजलि सर्राफ, राजू रंजन उरांव, आरती उरांव, शिमला देवी, अशोक अग्रवाल, रघु महतो, नवल प्रसाद कास्यकार, रामचंद्र गिरी, प्रभु दयाल साहू, उदय कास्यकार, भूषण माहली, रेणु देवी, ममता कुमारी, सत्यम सर्राफ, मनमोहन प्रसाद आदि थे।

# जिले में चार दिवसीय छठ महापर्व का समापन घाटों पर उमड़ा भक्तों का जन सैलाब

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



भगवान के नारों से पूरा वातावरण गूंज उठा

**लोहरदगा :** जिले में चार दिवसीय लोकआस्था का महापर्व छठ को लेकर संपूर्ण तैयारी शनिवार को ही पूरी कर ली गई थी रविवार की शाम छठ वर्तियो ने दंडवत परिक्रमा का छठ घाट पहुंचे जहां अस्तचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया गया जिसके बाद परंपरागत रूप से पूजा-अर्चना कर छठ व्रतियों ने संध्या पूजा अनुष्ठान संपन्न किया। इससे पहले छठव्रतियों छठ घाट पर पहुंचकर घाट पूजा करने के साथ-साथ छठ मईया और भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित किया। रविवार को अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के लिए भक्तो की भीड़ उमड़ पड़ी जिसमे सभी वर्ग के लोग शामिल हुए। सोमवार को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के साथ सूर्योपासना का महापर्व छठ संपन्न हुआ। इधर छठ महापर्व को लेकर भक्ति की धारा बहने लगी थी खरना अनुष्ठान के बाद प्रसाद पाने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी थी। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र के लोगों ने छठ व्रतियों के यहां पहुंचकर छठ मईया का आशीर्वाद लेते हुए खरना अनुष्ठान का प्रसाद भक्ति भाव से ग्रहण किया। छठ मईया का आशीर्वाद लेकर अपने परिवार के सुख,समृद्धि और शांति के लिए प्रार्थना किया गया। जिले में छठ पर्व को लेकर एक अलग ही उल्लास देखा गया,शहर से लेकर गांव तक छठी मईया की महिमा गूंज रही थी। भगवान सूर्य और छठ मईया की आराधना का महापर्व भक्तों को आराधना में लीन कर चुका था,इसके साथ ही छठ महापर्व का उल्लास अपने अंतिम चरम सीमा पर पहुंच गया। इस महापर्व पर घर-घर में पारंपरिक लोकगीत गाए जाते है छठ व्रतियों के यहां भक्ति गीत भी बजते है छठ गीत के बजने से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। भगवान भास्कर के जयकारों से पूरा घाट गूंज उठा। वही रात्रि काल के दौरान पूरा घाट आकर्षित लाइटों से जगमगा उठे छठ घाटों पर तरह तरह पटाखों फुलझड़िया की रोशनी आकर्षण का केंद्र रहा। सुरक्षा व्यवस्था की अगर बात की जाए तो जिसका जिम्मा जिला प्रशासन के हाथ में थी भीड़भाड़ वाले जगह पर छोटी बड़ी गाड़ियों का आना-जाना बिल्कुल बंद कर दिया गया था जिससे छठ घाट आने जाने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कोई असुविधा न हो जगह-जगह पर श्रद्धालुओं के लिए पानी, सरवत, गुड चना, फल इत्यादि व्यंजन के भी प्रबंध किए गए थे, पूरा छठ घाट श्रद्धालुओं से भरी पड़ी थी, वही शंख नदी, कोयल नदी हरमू, सेरेगहातु कोयल नदी, ठकुराइन तालाब इत्यादि सभी छोटे बड़े गांव शहर के नदियों तथा तालाबों में भगवान सूर्य को अर्घ्य दिया गया वही पुनः सोमवार को सुबह उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही भगवान की जय के नारों के साथ पूरा छठ घाट गूंज उठा, वही पंडितो द्वारा विधि विधान के साथ छठ पूजा संपन्न करा कर छठ पूजा संपन्न करने का उद्घोष किया गया।

## संत अगुस्टिन चर्च किलेसेरा में आयोजित हॉकी प्रतियोगिता का हुआ समापन

# खेल के माध्यम से एक खिलाड़ियों को मिल रही है देश में नई पहचान : सन्देश एक्का

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बोलबा :** प्रखंड के किलेसेरा में संत अगुस्टिन चर्च की ओर से शनिवार को हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड पार्टी के युवा जिला अध्यक्ष संदेश एक्का मौजूद रहे ।जहां पर उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए खेल की शुरुआत की। जहां पर फाइनल मैच साधुमुंडा उड़ीसा बनाम बरघाट झारखंड के बीच खेल का आयोजन किया गया जहां पर शानदार पारी खेलते हुए साधुमुंडा उड़ीसा की टीम ने 1-0 से जीत दर्ज की। इस मौके पर विजेता टीम को पुरस्कृत किया गया अपने संबोधन में युवा जिला अध्यक्ष संदेश एक्का ने कहा की खेल के माध्यम से देश में खिलाड़ियों को एक नई पहचान



मिल रही है और इस क्षेत्र में लगातार हॉकी फुटबॉल सहित कई खेलों को बढ़ावा देने का काम किया जा रहा है ।सभी खिलाड़ी पूरे विश्वास लगन और खेल को खेल भावना के साथ खेलते हुए आगे बढ़े, जिससे कि खिलाड़ी के अंदर छुपी प्रतिभा बाहर निकले और वह खिलाड़ी जिले से बाहर जाकर खेल कर देश-विदेश में सिमडेगा जिले का नाम रोशन करें। जिस प्रकार सिमडेगा के दर्जनों खिलाड़ी आज परचम लहराने का काम किया है ,इस सिख को लेते हुए आप सभी बेहतर खेल कर आगे बढ़े और खेल के क्षेत्र में अपनी पहचान बनाएं। झारखंड पार्टी हमेशा युवाओं के सोच को आगे बढ़ते हुए खेल में भी हर संभव मदद देने का काम करती है, और आने वाले दिनों में हर संभव प्रयास करेगी कि यहां के खिलाड़ी और भी बेहतर से बेहतर खेल कर नाम रोशन करें। मौके पर आयोजन समिति के अध्यक्ष बसंत खलखो, उपाध्यक्ष हेरमन लकड़ा, सचिव क्रिस्टोफर किंडो, प्रकाश लकड़ा महिपाल महानदीपा, दिलीप नायक, जेवियर लकड़ा, पदमन माझी, जोवाकीम लकड़ा, कार्तिक माझी, नकुल माझी, राजकुमार बेसरा, अमन खेस, जुवेल हैरेंज, संदीप लुगुन, रसाल खलखो, गोस्सनर डांग आदि उपस्थित रहे।

चलते चलते एक नजर

## प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ने गीता के रहस्य को बताया

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** गीता के भगवान शिव अवतरित होते हैं तो वह एक रूद्र गीता ज्ञान यज्ञ अथवा मनुष्य.गौशाला खोलते हैं जिसमें समर्पित मनुष्यात्मा रूपी गऊओं का लालन-पालन व ज्ञानामृत पिलाकर अथवा ज्ञान-रूपी घास-पात खिलाकर करते हैं और कामधेनू के समान परोपकारी बनाते हैं ये उद्गार प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय चौधरी बगान, हरित भवन के सामने हरमू रोड रांची के स्थानीय केन्द्र संचालिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी निर्मला बहन ने व्यक्त किया। उन्होंने आगे स्पष्ट करते हुए कहा कि गोपाल नाम ब्रह्मा तन में अलौकिक जन्म लेने वाले पुनर्जन्मरहित परमात्मा शिव का है। शास्त्रों में ब्रह्मा की इन्हीं गऊओं का गायन है। भगवान शिव से ईश्वरीय ज्ञान के अति गुह्य और गोपिओं के रहस्यों को सुनने वाले उन सौभाग्य शाली नर-नारियों को ही गोप और गोपियाँ कहा गया है। इनके परमपिता अथव गोपी वल्लभ भगवान शिव ही हैं। श्रीकृष्ण तो देहधारी देवता थे, उन्हें परमात्मा नहीं विश्व महाराज कुनार कहते हैं। इसी प्रकार गोकुल नाम परमात्मा शिव की प्रजापिता ब्रह्मामुखबंशावली गोपङ्कगोपियों के सच्चे ब्रह्माण कुल मनुष्यात्मा रूपी गऊओं के कुल या सम्प्रदाय का ही है। उसी प्रकार मुरली अथवा बंसी नाम भगवान शिव के ब्रह्मामुख कमल से सुनाये जाने वाले ब्रह्माण्ड और सृष्टि के आदि मध्य-अन्त के सत्यज्ञान अथवा गीता ज्ञान का ही है। इस आध्यात्मिक ज्ञान - मुरली को.सुनकर गोपङ्कगोपियों कोई शारीरिक नृत्य करने नहीं लग पडती थीं, किन्तु परमात्मा द्वारा सतयुगी सृष्टि के.अपार सुखों का वर्णन सुनकर उन्हें कलियुग के अपार दुःखों की सुध-बुध भूल जाती थी और उनका मन खुशी से नाच उठता था।

## सांसद ने भगवान भास्कर को दिया अर्घ्य

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सांसद संजय सेठ ने सोमवार को अरगोड़ा तालाब में उदीयमान सूर्य को अर्घ्य दिया। सांसद ने भगवान भास्कर से सबके आरोग्यमय और ऊर्जावान जीवन की कामना की। सांसद ने कहा कि भगवान भास्कर ऊर्जा और आरोग्य प्रदान करते हैं। लोकआस्था के इस पर्व पर मैं भगवान भास्कर और छठ मैया से सब के आरोग्यमय और ऊर्जावान जीवन की कामना करता हूं। भगवान सबको ऊर्जा प्रदान करें, आरोग्यवान रखें ताकि हम सब अपने-अपने कर्म क्षेत्र में और बेहतर कार्य कर सकें। जनता के लिए सदैव खड़ा रह सके। इस दौरान सांसद सेठ ने छठव्रतियों को प्रणाम कर, उनसे आशीर्वाद भी ग्रहण किया। इस अवसर पर अरगोड़ा तालाब में हटिया विधायक नवीन जायसवाल, नगर निगम के आयुक्त अमित कुमार और अरुण झा ने भी भगवान भास्कर को अर्घ्य दिया।



# रोहित शर्मा की 2 गलतियों ने छीन लिया विश्व कप का खिताब

**एजेंसी**

**अहमदाबाद :** आईसीसी वनडे वर्ल्ड कप 2023 का अंत भारतीय फैन्स के लिहाज से बेहद दुखद रहा है.टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला गत रविवार को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला गया. इस मुकाबले में भारतीय टीम के सामने ऑस्ट्रेलिया की चुनौती थी. मगर रोहित शर्मा की कप्तानी वाली भारतीय टीम को 6 विकेट से करारी शिकस्त झेलनी पड़ी. मैच में टॉस हारकर पहले बैटिंग करते हुए भारतीय टीम ने 240 रन बनाए थे. यहां से कमेंट्री कर रहे आकाश चोपड़ा समेत कुछ दिग्गजों को लग रहा था कि यह 241 रनों का टारगेट चेज करने में ऑस्ट्रेलिया को पसीना आ सकता है.

**शमी-बुमराह ने बनाया था कंगारू बल्लेबाजों पर दबाव:** जब कंगारू टीम टारगेट चेज करने उतरी और भारतीय गेंदबाजी की कमान जसप्रीत बुमराह के साथ मोहम्मद शमी ने थामी तब भी यही बात सही साबित होती दिख रही थी. शमी ने डेविड वॉर्नर को शिकार बनाया. इसके बाद बुमराह ने मिचेल मार्श और स्टीव स्मिथ को आउट कर ऑस्ट्रेलिया को 47 रनों पर तीसरा झटका दिया था. यहां तक लग रहा था कि यह मुकाबला भारतीय टीम जीत सकती है. मगर इसके बाद ही कप्तान रोहित शर्मा ने एक ऐसी गलती कर दी, जिसने पारी संभालने की कोशिश कर रहे ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज ट्रेविस हेड और मार्नस लाबुशेन के ऊपर से सारा दबाव ही हटा दिया. दरअसल,रोहित ने शमी और बुमराह ने 10 ओवर तक गेंदबाजी कराई. इसके बाद उन्होंने दोनों तरफ से स्पिनर रवींद्र जडेजा और कुलदीप यादव को लगा दिया. इस तरह हेड और लाबुशेन ने स्पिनर्स को अच्छी तरह खेला और 16 ओवर तक स्कोर 3 विकेट पर 87 रन पहुंचा दिया. यानी कि इस



दौरान इन दोनों कंगारू प्लेयर्स ने अपने ऊपर से दबाव पूरी तरह हटा लिया था.

**स्पिनर्स रहे फेल, ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों से दबाव हटाया:** इसके बाद कप्तान रोहित ने 17वें ओवर से तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज को लगाया. मगर तब तक दबाव हट जाने के कारण ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों ने सिराज के शुरुआती 3 ओवरों में भी बगैर विकेट दिए 16 रन बनाए. रोहित ने यहां भी सिराज को तीन ओवर कराने के बाद फिर हटा दिया और दोनों तरफ से फिर स्पिनर लगा दिए. मगर देखने वाली बात ये है कि तब तक कुलदीप 6 ओवर में 30 और जडेजा 4 ओवर में 16 रन दे चुके थे. साथ ही उन्हें कोई विकेट भी नहीं मिला था. अब देखने वाली बात ये है कि रोहित ने गलती कहां कर दी? दरअसल, रोहित ने शुरुआती 10 ओवरों के बाद जब शमी और बुमराह को हटाया, तब एक तरफ से सिराज को ही गेंदबाजी पर लगाना चाहिए था.दूसरी ओर से जडेजा या कुलदीप को लगा सकते थे. इससे शमी-बुमराह का बनाया हुआ दबाव सिराज आगे बढ़ा सकते थे. ऐसे में विकेट लेने की पूरी उम्मीद थी. सिराज के 4-5 ओवर के बाद शमी या बुमराह को स्पिनर के साथ लगा सकते थे. इस तरह एक तरफ से तेज गेंदबाज और दूसरी ओर से स्पिनर लगाकर कंगारू बल्लेबाजों पर दबाव बनाए रखा जा सकता था.

**पिच को नहीं पढ़ सके भारतीय कप्तान और टीम मैनेजमेंट:** इसके अलावा भी भारतीय टीम ने काफी बड़ी गलतियां की हैं. जैसे कमजोर फील्डिंग, फाइनल का दबाव नहीं झेल पाना, घरेलू मैदान पर दर्शकों के बीच अच्छे प्रदर्शन का दबाव, रणनीति और आक्रामक बल्लेबाजी जैसे कई पहलू हैं. मगर अब कप्तान रोहित की दो बड़ी गलतियों की बात कर रहे हैं. एक को हमने ऊपर देख लिया है, जबकि दूसरा पिच की गलत परख है.बता दें कि फाइनल मुकाबले के लिए नरेंद्र मोदी स्टेडियम की पिच थोड़ी धीमी और सूखी रखी गई थी. जबकि ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस ने पिच को दमदार अंदाज में पढ़ा और सभी के खिलाफ जाकर टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया. इसी दौरान रोहित ने कहा था कि यदि वो टॉस जीतते तो बल्लेबाजी का फैसला करते. ऐसे में जाहिर है कि रोहित और टीम मैनेजमेंट पिच को ठीक से पढ़ नहीं सका. दूसरी ओर कमिंस ने पहले गेंदबाजी का फैसला करके जोस हेजलवुड के साथ मिलकर कटर और स्लोअर गेंदबाजी के जरिए भारतीय बल्लेबाजों को जमकर परेशान किया. इसके बाद जब कंगारू टीम बैटिंग के लिए उतरी तब तक पिच सपाट हो गई थी. आउटफील्ड भी तेज हो गई थी. ओस भी एक बड़ा कारण रही, जिसकी वजह से भारतीयों को गेंदबाजी में परेशानी हो रही थी.

## प्रदेश कांग्रेस प्रभारी अविनाश पांडे के पुत्र की शादी में शामिल होंगे मुख्यमंत्री



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** प्रदेश कांग्रेस प्रभारी अविनाश पांडे के पुत्र गौरांग की शादी में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सहित सत्तारूढ़ दल झामुमो, कांग्रेस और राजद के कई नेता शिरकत करेंगे। 23 नवंबर को नागपुर के अमरावती रोड स्थित बैंक्वेट हॉल में आयोजित शादी समारोह में भाग लेने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के साथ कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम 23 नवंबर की दोपहर बाद विशेष विमान से नागपुर रवाना हो जाएंगे। मुख्यमंत्री का नागपुर में रात्रि विश्राम की संभावना है। 24 नवंबर की सुबह लौटने के बाद मुख्यमंत्री साहिबगंज और पाकुड़ का दौरा करेंगे। नागपुर में होने वाली इस ग्रैंड शादी में झारखंड कांग्रेस प्रभारी अविनाश पांडे के पुत्र गौरांग और आशना के परिणय सूत्र में बंधने का साक्षी राजनेता से लेकर यहां के पत्रकार भी होंगे। अविनाश पांडे ने अपने पुत्र की शादी में शामिल होने के लिए निमंत्रण दिया है। जिन लोगों को आमंत्रित किया गया है उनमें झारखंड सरकार के सभी मंत्री, ब्यूरोक्रेट्स, कांग्रेस के प्रदेश स्तरीय बड़े नेता, विभिन्न बोर्ड निगम में नवपदस्थापित अध्यक्ष और पत्रकार शामिल हैं। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर 22 नवंबर को ट्रेन से नागपुर के लिए रवाना होंगे। इसी तरह अधिकांश राजनेता या तो हवाई सफर करेंगे या ट्रेन से नागपुर के लिए रवाना होंगे।

## 22 जनवरी को पीएम मोदी करेंगे रामलला की प्राण प्रतिष्ठा

**एजेंसी**

**अयोध्या :** 22 जनवरी को अभिजीत मुहूर्त मृगषिरा नक्षत्र में दोपहर 12:20 बजे पीएम नरेंद्र मोदी रामलला की प्राण प्रतिष्ठा करेंगे। इस समारोह को अंतरराष्ट्रीय स्वरूप देने के लिए साकेत निलयम में रविवार को संघ परिवार की बैठक हुई। इसमें समारोह के अभियान को चार चरणों में बांटकर तैयारियों को आगे बढ़ाने का निर्णय लिया गया।इसका पहला चरण रविवार से शुरू हुआ जो 20 दिसंबर तक चलेगा। इसमें समारोह की कार्ययोजना की रूपरेखा तैयार की जाएगी। इसके लिए छोटी-छोटी संचालन समिति बनाई जाएंगी। जिला व खंड स्तर पर 10-10 लोगों की टोली बनाने पर सहमति बनी है। टोली में मंदिर आंदोलन के कारसेवकों को भी शामिल किया जाएगा। टोलियां 250 स्थानों पर बैठकें कर समारोह से अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने की अपील करेंगी। दूसरा चरण एक जनवरी से शुरू होगा। इसमें घर-घर संपर्क योजना के तहत 10 करोड़ परिवारों में पूजित अक्षत, रामलला के विग्रह का चित्र व एक पत्रक दिया जाएगा। इसके जरिये लोगों से समारोह के दिन दीपोत्सव मनाने की अपील की जाएगी। 22 जनवरी को तीसरे चरण में रखा गया है। उस दिन पूरे देश में उत्सव हो व घर-घर अनुष्ठान



हों, ऐसा माहौल बनाया जाएगा। चौथे चरण में देशभर के भक्तों को रामलला के दर्शन कराने की योजना है। यह चरण गणतंत्र दिवस से शुरू होकर 22 फरवरी तक चलेगा। यह अभियान प्रांतवार चलाया जाएगा। अवध प्रांत के कार्यकर्ताओं को 31 जनवरी व 01 फरवरी को दर्शन कराने पर योजना है।

# अमानत नदी तट पर गंगा आरती में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पंडवा (पलामू) :** छठ महापर्व के अवसर पर लायंस क्लब आफ डालटनगंज द्वारा अमानत नदी के तट पर गंगा आरती का आयोजन किया गया. इसका उदघाटन पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी, एसडीओ अनुराग तिवारी, एसडीपीओ सुरजीत कुमार, क्लब के अध्यक्ष आलोक माथुर ने संयुक्त रूप से किया. पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने कहा कि छठ महापर्व लोक आस्था का महापर्व है. लायंस क्लब ने छठ व्रतियों के लिए जो सुविधा उपलब्ध कराई है वह बहुत ही सराहनीय है. एसडीओ अनुराग तिवारी ने कहा कि पवित्रता व आस्था का महापर्व छठ पूजा से मिले ऊर्जा को हम सभी को सकारात्मक कार्यो में लगाते हुए समाज व देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाना चाहिए. एसडीपीओ सुरजीत कुमार ने कहा कि पवित्रता, स्वच्छता व आस्था का महापर्व छठ पूजा के अवसर पर हमें



हमेशा सहयोग करने की भावना को विकसित करनी चाहिए. अध्यक्ष आलोक माथुर ने बताया कि लायंस क्लब पिछले 30 वर्षो से अमानत नदी के तट पर छठ व्रतियों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के लिए हर संभव प्रयास करते आ रही. उन्होंने बताया कि पिछले 10 वर्षो से वाराणसी के पंडितों द्वारा गंगा आरती किया जा रहा है. गंगा आरती में छठ व्रतियों के अलावा काफी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी. इस मौके पर संजय कुमार, रितेश कुमार ,समीर खन्ना, रूपेश कुमार, प्रभात अग्रवाल ,ब्रजेश तिवारी, राहुल चतुर्वेदी सहित कई लोग मौजूद थे.

**हिन्डालको ने किया छठ व्रतियों के लिए लाइट टेंट की व्यवस्था**

हिन्डालको की कठौतिया कोल माइंस प्रबंधन द्वारा लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा के अवसर पर छठ व्रतियों के लिए टेंट, लाइट आदि की व्यवस्था की गई. सीएसआर हेड शोभा रानी मोहंती ने बताया कि छठ व्रतियों के सुविधा के लिए कजरी के कोयल नदी छठ घाट, बटसारा के अमानत नदी छठ घाट, सिक्का के सूर्य मंदिर परिसर व राजहरा सात नंबर के सदाबह नदी छठ घाट पर छठ व्रतियों की सुविधा के लिए टेंट, लाइट, चेंजिंग रूम की व्यवस्था की गई थी. उन्होंने बताया कि प्रबंधन द्वारा अपने खनन क्षेत्र के लोगों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के लिए निरंतर सक्रियता के साथ काम करती है.

## राज विस चुनावः बीकानेर में मोदी का मेगा रोड शो

**बीकानेर :** विधानसभा चुनाव अपने चरम पर पहुंच चुका है। दोनों प्रमुख राजनीतिक दल अपने-अपने उम्मीदवारों को जिताने के लिए पूरी ताकत झोंक रहे हैं। इसी क्रम में संभाग मुख्यालय बीकानेर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ऐतिहासिक जूनागढ़ किले से अपना रोड शो शुरु किया। सोमवार सायं 5¬51 प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का रोड शो शुरु हुआ। इससे पहले मोदी ने जूनागढ़ जिले की सात विधानसभा सीटों से भाजपा उम्मीदवारों से मुलाकात की। इनमें बीकानेर पूर्व से सिद्धीकुमारी, पश्चिम से जेठानंद व्यास, लूनकरनसर से सुमित गोदारा, नोखा से बिहारीलाल बिश्नोई, श्रीकोलायत से अंशुमान सिंह, खाजूवाला से डॉ. विश्वनाथ, श्रीडूंगरगढ़ से ताराचंद सारस्वत के अलावा भाजपा नेता दीपक पारीक और मेयर सुशीला कंवर शामिल थे।

# पीएम आवास का लाभुक बेखबर बिचौलिया ने निकाल ली राशि

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नौड़ीहा बाजार (पलामू) :** पलामू जिले के छतरपुर प्रखंड के बगैया पंचायत के पीएम आवास के लाभुक तेतरी देवी पति सुखराज विश्वकर्मा, ललिता देवी पति सुरेन्द् 'यादव के नाम से प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2021-22 मे मिला था। जिसका आवास आईडी छ्ध्ब 146514205 और छ्ब।146519641 है। दोनो लाभुक की कोई सूचना नहीं है और मानव दिवस के पैसा फर्जी तरीका से बिचौलिया के द्वारा पंचायत के उप मुखिया विकास कुमार पिता महेन्द्र यादव और उप मुखिया के माता बुधनी देवी जिसका जॉब कार्ड नंबर001/1142 और 001/1130, 001/1142 ,001/1143 पर लेबर डिमांड कर मे 6120 रु और 15810रु निकासी कर ली गई। जबकि बुधनी



देवी राजकीय मध्य विधालय मे सहायिका के कार्य करती है। लाभुक ने ब्लॉक मे जा कर प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी से पूछा की अपना आवास मे लेबर का पैसा मुझे नहीं मिला।।तो बीपीओ के द्वारा जाँच कर बताया की आपके पैसा जॉब कार्ड नंबर001/1142 और 001/1130 पर पैसा भुगतान कर दिया गया। लाभुक ने महेंद्र यादव के पैसा मांगने गई तो वे भदी भदी शब्द से गाली गलौज करने लगा। और मुझे डाट कर भागा दिया। तब लाभुक ने प्रखंड विकास पदाधिकारी से लिखित आवेदन देकर न्याय के गुहार लगाई। लेकिन आवेदन दिये करीब एक माह गुजर गई और अभी तक अधिकारी के द्वारा कोई पहल नहीं किया और न सबंधित कर्मी के विरोध किसी प्रकार के आगे की करवाई किया गया।सबंधित अधिकारी से दूरभाष के माध्यम से सम्पर्क करने का प्रयास किया। लेकिन फोन नहीं उठाया गया। जिसके कारण सम्पर्क नहीं हो सका। इसे प्रतीत होता है मुखिया, रोजगार सेवक व पंचायत् सेवक की मिलीभगत से राशि गबन कर लिया गया है।

# बंगाली समिति के अध्यक्ष साधन दा को दी गयी श्रद्धांजलि



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** बंगाली समिति के अध्यक्ष प्रभाष रंजन दाशगुप्ता उर्फ साधन दा का पार्थिव शरीर सोमवार को पंचतत्त्व में विलीन हो गया। साधन दा के छोटे भाई प्रमोद रंजन दाशगुप्ता ने मुखाग्नि दिया. कोयल नदी के तट पर राजा हरिश्चंद्र घाट में उनका अंतिम संस्कार किया गया. साधन दा का पार्थिव शरीर को शहर थाना के सामने बंगाली समिति के कार्यालय में श्रद्धांजलि दी गयी. बंगाली समिति और बंगीय दुर्गा बाड़ी की ओर से डॉ कौशिक मल्लिक ने कहा की साधन दा अपने समाज के लिए एक वट वृक्ष जैसा थे. उनका निधन न सिर्फ बंगाली समाज बल्कि सभी के लिए अपूरणीय क्षति है. साधन दा गरीब असहाय लोगों का इलाज करवाने के लिए जाते थे. इसके अलावा वे कई सामाजिक तथा धार्मिक संस्थाओं के साथ जुड़ कर सामाजिक कार्य करते थे. उनका राजनीतिक जीवन हुसैनाबाद विधायक कमलेश कुमार सिंह के साथ जुड़ा हुआ रहा. साधन दा के निधन पर हुसैनाबाद विधायक कमलेश और मेदिनीनगर नगर निगम की प्रथम मेयर अरुणा शंकर ने शोक जताया है. छठ के कारण वे अंतिम यात्रा में शामिल नहीं हो पाए, पर उनके प्रतिनिधि अजीत कुमार सिंह व सुनील कुमार ने बंगाली समिति के कार्यालय में आकर श्रद्धांजलि दी. इसके अलावा नगरपालिका के पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह, समाजसेवी बिनु सिंह, कम्युनिस्ट नेता केडी सिंह, इप्टा के उपेंद्र मिश्रा, बंगाली समिति के पुलिन मित्रा, अरुण रॉय, अशोक चक्रवर्ती, बंगीय दुर्गा बाड़ी के डॉ कौशिक मल्लिक, दिवेन्दु गुप्ता, जयंत विश्वास, अमर भांजा, शिवेश मोइत्रा, प्रसेनजित दाशगुप्ता, मासूम आर्ट ग्रुप के विनोद पांडेय, उज्जवल सिन्हा, सिकंदर कुमार आदि ने भी श्रद्धांजलि दी. साधन दा के अंतिम यात्रा में ब्रजेश कुमार, सलभ कुमार, अनवर हुसैन, अविनाश देव, वीएम पांडेय, काजल घोष, पीपी गुप्ता, गौतम घोष, गौतम सेनगुप्ता, गौरांग सेनगुप्ता , उज्ज्वल सेनगुप्ता, निरुपम राहा, नवनीत सुंदरम, राजीव कुमार, प्रदीप बोराल, अमिताभ राय, सुभाष विश्वास, तपेंद्र बासु, सुमित भट्टाचार्य, अमित दत्ता, नयन दाशगुप्ता, वासुदेव गोस्वामी आदि शामिल थे.

## अजित पवार गुट ने चुनाव आयोग में पेश किए फर्जी हलफनामें : सिंघवी

**नई दिल्ली :** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के संस्थापक शरद पवार और उनके भतीजे अजित पवार गुट का पार्टी के नाम और निशान (घड़ी) को लेकर किए दावे का मामला चुनाव आयोग में है। दोनों गुट पार्टी का नाम और लोगो छोड़ना नहीं चाहते। इस मुद्दे पर सोमवार को चुनाव आयोग में दोनों गुटों के वकीलों के बीच बहस हुई। अगली सुनवाई शुक्रवार को होगी। पहले दिन की सुनवाई पूरी होने के बाद शरद पवार गुट के वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने सुनवाई के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि अजित पवार ने एनसीपी का नाम व प्रतीक चिन्ह हासिल करने के लिए चुनाव आयोग में गलत हलफनामे पेश किए हैं। इस मुद्दे से आज उन्होंने चुनाव आयोग को अवगत कराया है। सिंघवी ने कहा कि अजित ने कुछ ऐसे पार्टी नेताओं के नाम भी चुनाव आयोग में दिए हैं जो आज भी शरद पवार के साथ हैं।

# धर्म लोगों के साथ जुड कर रहने की प्रेरणा देता है : मनोज सिंह

*** चैनपुर के शिवा नदी के तट पर गंगा आरती और जागरण का हुआ आयोजन**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** छठ पूजा के अवसर पर चैनपुर के पूर्व मुहल्ला में स्थित शिवा नदी तट पर गंगा आरती व जागरण का आयोजन किया गया.इसका उदघाटन मेदिनीनगर नगर पर्षद के पूर्व उपाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह, झारखंड माटी कला बोर्ड के सदस्य अविनाश देव, जिला परिषद सदस्य प्रमोद सिंह ने संयुक्त रूप से किया .मौके पर पूर्व उपाध्यक्ष श्री सिंह ने कहा कि धर्म हम सभी को एक साथ मिल जुलकर रहने की प्रेरणा देता है.चैनपुर का शिवा नदी का तट इसका एक बडा उदाहरण है,जहां युवा मिल कर आपसी एकता और सदभाव के साथ पिछले कई वर्षो से छठ पूजा का आयोजन कर रहे है ,इस तट पर भगवान सूर्य मंदिर निर्माण हो जाने से इस घाट की भव्यता बढी है .मंदिर निर्माण में



सक्रिय भूमिका निभाने के लिए उन्होने संजय सिंह को बधाई दी.माटी कला बोर्ड के सदस्य अविनाश देव ने कहा कि पर्व से आपसी भाईचारे के रिश्ते मजबूत होते है,छठ महापर्व हम सभी को संकल्प ले कर पवित्रता के भाव के साथ समाज के लिए काम करने की प्रेरणा मिलती है.शिवा नदी छठ घाट में सुव्यवस्थित तरीके से आयोजन करने के लिए उन्होने समिति के मित्तल सिंह और उनकी पूरी टीम को बधाई दी.जिप सदस्य प्रमोद सिंह ने छठ की महिमा की चर्चा करते हुये

**पूर्व उपाध्यक्ष श्री सिंह ने कहा कि धर्म हम सभी को एक साथ मिल जुलकर रहने की प्रेरणा देता है.चैनपुर का शिवा नदी का तट इसका एक बडा उदाहरण है,जहां युवा मिल कर आपसी एकता और सदभाव के साथ पिछले कई वर्षो से छठ पूजा का आयोजन कर रहे है**

सूर्य मंदिर निर्माण में संजय सिंह की भूमिका की सराहना की .गंगा आरती पुरोहित अजय पांडेय द्वारा विधि विधान के साथ संपन्न कराया गया.मौके पर संजय सिंह,मित्तल सिंह,मृत्युंजय कुमार सिंह ,शिक्षक प्रमोद कुमार,प्रदीप सिंह,अभय कुमार,रणविजय,अरविंद सिंह ,आदि मौजूद थें.कार्यक्रम का संचालन संतु पासवान किया.